माघ मास, शुक्ल पक्ष 12, वर्ष 11, अंक 283, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, गुरुवार, 2 फरवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

Budget 2023

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# आम चुनाव से पहले आयकर मोर्चे पर राहत, बुजुर्गों, महिलाओं को भी सौगात

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का पेश किया बजट, एक अप्रैल से व्यक्तिगत आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपये किया, अब उसे कोई कर नहीं देना होगा, कर 'स्लैब' को सात से घटाकर पांच किया गया, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत जमा सीमा 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख, 'महिला सम्मान बचत पत्र' पर मिलेगा 7.5 प्रतिशत ब्याज, इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, खिलौने और देसी मोबाइल सस्ते करने की घोषणा, पैन अब राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप में जाना जाएगा, 15.43 लाख करोड़ रुपये लेना पड़ेगा कर्ज**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश कर दिया। सरकार ने अलग-अलग वर्गों के लिए कई बड़े एलान किए हैं। मध्य वर्ग को टैक्स स्लैब में बड़ा छूट दिया गया तो नौकरीपेशा और व्यापारियों को भी अलग-अलग तरह से राहत देने की कोशिश हुई।

अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को पेश नरेंद्र मोदी सरकार के अंतिम पूर्ण बजट में सभी तबकों को साधने का प्रयास किया। उन्होंने जहां एक तरफ मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को आयकर मोर्चे पर राहत देने की घोषणा की, वहीं लघु बचत योजनाओं के तहत निवेश सीमा बढ़ाकर बुजुर्गों और नई बचत योजना के जरिये महिलाओं को सौगात दी है। इसके साथ ही बुनियादी ढांचे पर खर्च में 33 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि की करने का भी प्रस्ताव किया है। नई कर व्यवस्था के तहत एक अप्रैल से व्यक्तिगत आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति की आय सात लाख रुपये है, उसे कोई कर नहीं देना होगा। अबतक यह सीमा पांच लाख रुपये है।

साथ ही कर स्लैब को सात से घटाकर पांच किया गया है। साथ ही अधिकतम अधिभार की दर 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करने के बाद कर की दर 42.7 प्रतिशत से घटकर लगभग 39 प्रतिशत रह जाएगी। वित्त मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों को भी राहत दी। इसके तहत वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत जमा सीमा 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी गयी है।

वहीं मासिक आय योजना के तहत जमा सीमा बढ़ाकर नौ लाख रुपये की गयी है। महिलाओं के लिये अलग से नई बचत योजना...महिला सम्मान बचत पत्र...की घोषणा की गयी। इसमें दो वर्ष के लिये दो लाख रुपये तक की बचत पर 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। सीतारमण ने अपना पांचवां पूर्ण बजट ऐसे समय पेश किया जब वैश्विक चुनौतियों के कारण अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ रही है और सामाजिक क्षेत्रों पर खर्च बढ़ाने के साथ स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को प्रोत्साहन बढ़ाने की जरूरत है।

उन्होंने मोबाइल फोन कल-पुर्जों तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये लीथियम बैटरी और अन्य ऐसे सामान के लिये सीमा शुल्क में कटौती की भी घोषणा की। यह अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले सरकार का अंतिम पूर्ण बजट है। अगले साल फरवरी में अंतरिम बजट यानी लेखानुदान पेश किया जाएगा। बजट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिये पूंजीगत व्यय लगातार तीसरी बार उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया गया है।

इसे 33 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये किया गया है जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.3 प्रतिशत बैठता है। यह वित्त वर्ष 2019-20 के मुकाबले तीन गुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से सड़कों और ऊर्जा सहित पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि की है। सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा, इस बजट में पिछली बजट में रखी गई नींव पर सतत वनिर्माण करते हुए भारत @100 के लिये खींची गई रेखा पर आगे बढ़ते रहने की उम्मीद की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चमकता सितारा है। चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान है जो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है। सीतारमण ने कहा कि कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक नरमी के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर है।

बजट में कुल व्यय 7.4 प्रतिशत बढ़कर 45 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा गया है। राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा है। यह चालू वित्त वर्ष के 6.4 प्रतिशत के अनुमान से कम है। इसका मतलब है कि सरकार को कुल 15.43 लाख करोड़ रुपये कर्ज लेना पड़ेगा। सीतारमण ने कहा कि 2023-24 के बजट में सात प्राथमिकताएं रखी गयी हैं।

ये हैं समावेशी विकास, अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा और निवेश, सक्षमता को सामने लाना, हरित वृद्धि, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र। बजट में पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन पर जोर के साथ कृषि कर्ज का लक्ष्य बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया गया है। मझोले और छोटे उद्यमों के लिये कर्ज गारंटी को लेकर 9,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

रेलवे के लिये 2.40 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है। यह अबतक का सबसे अधिक पूंजीगत व्यय है। साथ ही 2013-14 में किये गये व्यय के मुकाबले करीब नौ गुना अधिक है। बुनियादी ढांचा और उत्पादक क्षमता में निवेश बढ़ाने का मकसद वृद्धि और रोजगार को गति देना है। छोटे और मझोले शहरों (टियर दो और टियर तीन) में ढांचागत सुविधाएं तैयार करने के लिये शहरी बुनियादी ढांचा विकास कोष (यूआईडीआईएफ) बनाया जाएगा।

बजट में ऊर्जा बदलाव यानी स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से कदम बढ़ाने और शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिये 35,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव किया गया है। इसके तहत 4,000 मेगावॉट घंटा (एमडब्ल्यूएच) क्षमता की बैटरी भंडारण प्रणाली को व्यावहारिक बनाने के लिये वित्त उपलब्ध कराया जाएगा।

लद्दाख से 13,000 मेगावॉट बिजली के पारेषण के लिये व्यवस्था तैयार करने को लेकर 20,700 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। सस्ते मकान उपलब्ध कराने की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत व्यय 66 प्रतिशत बढ़कर 79,000 करोड़ किया गया है। बजट में बुनियादी ढांचे के तहत 50 अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और जलीय हवाईअड्डों को आधुनिक रूप दिया जाएगा।

शिक्षा के प्रचार-प्रसार के तहत राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय बनाया जाएगा। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिये गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें उपलब्ध कराना है। मूडीज इनवेस्टर सर्विस ने बजट के बारे में कहा, उच्च महंगाई और वैश्विक चुनौतियों के बीच वित्त वर्ष 2023-24 के लिये कम राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सरकार की वित्तीय स्थिरता और अर्थव्यवस्था को समर्थन देने की प्रतिबद्धता को बताता है।

वहीं वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को एक साल के लिए आगे बढ़ाने का एलान किया। यानी अब एक साल तक जरूरतमंद लोगों को निशुल्क राशन मिलता रहेगा।

केंद्र सरकार ने सभी अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को अगले साल यानी 2024 तक मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का एलान किया है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। जेल में बंद गरीबों के मुद्दे को पहली बार केंद्र सरकार ने अपने बजट में शामिल किया है। इसके अनुसार, पैसों की तंगी के चलते जो कैदी जेल से बेल नहीं ले पाते हैं, उनका खर्च सरकार उठाएगी। ऐसे करीब दो लाख कैदी हैं, जिनकी सजा पूरी हो चुकी है, लेकिन रिहाई के लिए तय की गई रकम न होने से वह जेल में ही बंद रहते हैं। अब ऐसे गरीबों की मदद के लिए सरकार ने हाथ आगे बढ़ाया है।



**संसद में निर्मला सीतारमण बोलीं-भारतीय अर्थव्यवस्था चमकता सितारा है, चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान है जो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है, 2023-24 के बजट में सात प्राथमिकताएं रखी गयी, ये हैं समावेशी विकास, अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा और निवेश, सक्षमता को सामने लाना, हरित वृद्धि, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र**

**बजट में पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन पर जोर के साथ कृषि कर्ज का लक्ष्य बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया गया, मझोले और छोटे उद्यमों के लिये कर्ज गारंटी को लेकर 9,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया पीएम आवास योजना के लिए आवंटन 66 प्रतिशत बढ़ाकर किया गया 79000 करोड़ रुपये राजकोषीय घाटे को वित वर्ष 2025-26 तक कम करके 4.5 प्रतिशत से नीचे लाया जाएगा, रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और जलीय हवाईअड्डों का होगा पुनरुद्धार मुफ्त राशन-जेल में बंद गरीबों की बेल के लिए भी एलान**

## बजट से पूरा होगा हर वर्ग का सपना, करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता : पीएम मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने बजट 2023 को लेकर अपने संबोधन में कहा, करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। मूर्तिकार, शिल्पकार यह सभी देश के लिए मेहनत करते हैं। देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। ऐसे लोगों के लिए टेक्नोलॉजी, क्रेडिट और मार्केट की योजना की गई है। 'पीएम विश्वकर्मा योजना' इन विश्वकमाओं के विकास लिए बड़ा बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा, गांव में रहने वाली महिलाओं से लेकर शहरी महिलाओं के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे कदमों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया जाएगा। महिलाओं के लिए एक विशेष बजट योजना भी शुरू की जा रही है। जन धन खातों के बाद यह विशेष बचत योजना सामान्य परिवार की माताओं को बड़ा फायदा देने वाली है। उन्होंने कहा, हम मिलेट्स (बाजरा) के लिए बड़ी योजना लेकर आए हैं। जब यह घर-घर पहुंच रहा है, पूरी दुनिया में पॉपुलर हो रहा है, तो इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत के किसानों को होना है। उन्होंने आगे कहा, बजट में हमने तकनीक और न्यू इकोनॉमी पर बहुत जोर दिया है। 'डिजिटल भारत' आज रेल, मेट्रो, वॉटरवेज आदि जगहों पर है। 2014 की तुलना में आज इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश में 400 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई है। इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत के युवाओं के लिए रोजगार देगा और एक बडे.वर्ग के लिए लाभाकारी होगा। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, अमृत काल का पहला बजट 'विकसित भारत' के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। ये बजट वंचितों को वरीयता देता है। ये बजट आज की आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा। वर्ष 2014 की तुलना में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर 400% से ज्यादा की वृद्धि की गई है। इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर 10 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश होगा। यह निवेश युवाओं के लिए रोजगार और एक बड़ी आबादी के लिए आय के नए अवसर पैदा करेगा।

## क्या हुआ सस्ता और क्या हुआ महंगा

**करों में बदलाव से स्वदेशी मोबाइल फोन और टीवी सेट, भारत निर्मित रसोई चिमनी तथा झींगा पालन के उपयोग किये जाने वाले चारे सस्ते**

**करों को बढ़ाये जाने के कारण आयातित कारें, साइकिल, सोने-चांदी तथा प्लेटिनम के आभूषण एवं कृत्रिम आभूषण महंगे हो जायेंगे**



मोबाइल फोन के कैमरे और उनके कुछ कलपूर्जों के आयात शुल्कों में कमी की घोषणा की।


टीवी पैनल के ओपन शेल के कलपूर्जों पर मूल आयात शुल्क घटाकर 2.5 प्रतिशत कर दिया गया है जिससे यह सस्ता हो जायेगा।

रसोई घर की चिमनी विनिर्माण के लिए लगाई जाने हिट क्वाइल पर लगने वाली सीमा शुल्क को घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया, जिससे स्वदेशी रसोई चिमनी सस्ती हो जायेगी।

चारे के निर्माण के लिए उपयोग किये जाने वाली विभिन्न सामग्रियों पर करों में कमी किये जाने से चारे सस्ते हो जायेंगे। कम्प्रेस्ड बायो गैस को उत्पाद शुल्क मुक्त कर दिया गया है

साइकिल पर आयात शुल्क 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया, सीकेडी वाहन (कार) पर आयात शुल्क 30 से बढ़ाकर 35 प्रतिशत, सीबीयू वाहन (कार) पर आयात शुल्क 60 से बढ़ाकर 70 प्रतिशत तो इलेक्ट्रिक सीबीयू वाहन (कार) कर 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया

खिलौने और उनके पुर्जों पर कर 60 से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किया, मिश्रित रबड़ पर कर की दर को बढ़ाकर 25 प्रतिशत किया गया, चांदी पर कर की दर को 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया



चांदी की छड़ पर कर की दर को 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत, इसी तरह से सोना, चांदी और प्लेटिनम से बने आभूषणों पर कर 20 प्रतिशत से बढाकर 25 प्रतिशत किया, कृत्रिम आभूषणों पर भी कर की दर को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया

## भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा यह बजट : सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम बजट 2023-24 को लोक कल्याणकारी बताते हुए इसकी काफी सराहना की। सीएम ने ट्वीट कर हर वर्ग की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने वाले केंद्रीय बजट का स्वागत किया। साथ ही सर्वसमाज के हितों का ध्यान रखने के लिए प्रधानमंत्री व केंद्रीय वित्त मंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग की आशाओं और राष्ट्र के समग्र उत्थान की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। यह बजट निःसंदेह भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम बजट 2023-24 में 'नए भारत' की समृद्धि का संकल्प है, अंत्योदय का विजन है और 130 करोड़ देशवासियों की सेवा का लक्ष्य है। सीएम ने कहा कि आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत 'विकसित भारत' के संकल्प को पूर्ण करते सर्वसमावेशी और लोक-कल्याणकारी केंद्रीय बजट 2023-24 का स्वागत करता हूं।








## सफेद हाफ बाजू की शर्ट में संसद पहुंचे राहुल गांधी, 'भारत जोड़ो' के नारों से किया स्वागत, वीडियो वायरल

**बजट सत्र में शामिल होने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो सामने आया, जहां वो सदन में एंट्री लेते हैं तो उनकी पार्टी के साथी सांसदों ने नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बजट 2023-24 पेश कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में आम बजट पेश किया। इस दौरान कई बड़े ऐलान किए। इससे पहले संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो सामने आया, जहां वो सदन में एंट्री लेते हैं तो उनकी पार्टी के साथी सांसदों ने नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल ने एक वीडियो क्लिप शेयर की गई है, जिसमें राहुल गांधी को सदन के प्रवेश द्वार की ओर जाते देखा जा सकता है। इस बीच कांग्रेस संसदों ने 'जोड़ो-जोडो, भारत जोड़ो' के नारे लगाने शुरू कर दिए, जिनका अभिवादन स्वीकार करते हुए राहुल गांधी आगे सदन में अंदर जाने के लिए बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं।

आपको बता दें कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 30 जनवरी को 'भारत जोड़ो यात्रा' पूरी करने के बाद संसद भवन पहुंचे हैं। राहुल ने पार्टी के कार्यकताओं और लोगों के 12 राज्यों में 4,000 किलोमीटर से ज्यादा पैदल यात्रा की है। भारत जोड़ो यात्रा का अंतिम पड़ाव कश्मीर के श्रीनगर में हुआ था, जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा।

## बजट पर आई प्रतिक्रिया

### बेरोजगारी दूर करने की कोई ठोस योजना नहीं: केजरीवाल



लोकसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले पेश हुए आम बजट में मध्यम वर्ग, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को साधने की कोशिश की गई है। टैक्स स्लैब में भी बदलाव किया गया है। नए टैक्स स्लैब के मुताबिक सात लाख रुपये तक की आय वालों को अब कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं बजट पेश होने के बाद नेताओं और राजनीतिक पार्टियों की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। इसी क्रम में दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस बजट को महंगाई बढ़ाने वाला बताया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा है कि इस बजट में महंगाई से कोई राहत नहीं मिलने वाली, उल्टे इस बजट से महंगाई बढ़ेगी। साथ ही उन्होंने बेरोजगारी के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा है। कहा कि बेरोजगारी दूर करने की कोई ठोस योजना नहीं है।

### मित्रकाल बजट से साबित हुआ कि सरकार के पास भविष्य के निर्माण की कोई रूपरेखा नहीं: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट को मित्रकाल बजट करार देते हुए बुधवार को कहा कि इससे साबित होता है कि सरकार के पास भारत के भविष्य के निर्माण की कोई रूपरेखा नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, मित्रकाल बजट में रोजगार सृजन को लेकर कोई दृष्टिकोण नहीं है, महंगाई से निपटने के लिए कोई योजना नहीं है और असमानता दूर करने का कोई इरादा नहीं है। राहुल गांधी ने दावा किया, एक प्रतिशत सबसे अमीर लोगों के पास 40 प्रतिशत संपत्ति है, 50 प्रतिशत गरीब लोग 64 प्रतिशत जीएसटी देते हैं, 42 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। इसके बाद भी प्रधानमंत्री को कोई परवाह नहीं है। बजट से साबित हुआ कि सरकार के पास भारत के भविष्य के निर्माण के लिए कोई रूपरेखा नहीं है।

### बजट ने ज्यादातर लोगों की उम्मीदों के साथ विश्वासघात किया: चिदंबरम



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने बुधवार को दावा किया वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पेश किये गये केंद्रीय बजट ने देश के ज्यादातर लोगों की उम्मीदों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, वर्ष 2023-24 के लिए बजट और वित्त मंत्री का बजट भाषण यह प्रदर्शित करता है कि जनता, उसके जीवन, आजीविका तथा अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई से सरकार कितनी अनजान है। चिदंबरम ने दावा किया, वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में बेरोजगारी, गरीबी और असमानता जैसे शब्दों का कहीं उल्लेख नहीं किया। शुक्र है कि उन्होंने गरीब शब्द का उल्लेख दो बार किया।

### लोग उम्मीदों के सहारे जीते हैं, लेकिन झूठी उम्मीदें क्यों?: मायावती



देश में पहले की तरह पिछले 9 वर्षों में भी केन्द्र सरकार के बजट आते-जाते रहे, जिसमें घोषणाओं, वादों, दावों व उम्मीदों की बरसात की जाती रही, किन्तु वे सब बेमानी हो गए, जब भारत का मिडिल क्लास महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि की मार के कारण लोवर मिडिल क्लास बन गया, अति-दुखद। इस वर्ष का बजट भी कोई ज्यादा अलग नहीं। पिछले साल की कमियां कोई सरकार नहीं बताती, नए वादों की फिर से झड़ी लगा देती हैं, जबकि जमीनी हकीकत में 100 करोड़ से अधिक जनता का जीवन वैसे ही दाव पर लगा रहता है, जैसे पहले था। लोग उम्मीदों के सहारे जीते हैं, लेकिन झूठी उम्मीदें क्यों?

### जनता को पहले कुछ न दिया तो अब क्या देगी: अखिलेश



वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर लिखा- भाजपा अपने बजट का दशक पूरा कर रही है, पर जब जनता को पहले कुछ न दिया तो अब क्या देगी। भाजपाई बजट महंगाई व बेरोजगारी को और बढ़ाता है. किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं निराशा बढ़ती है, क्योंकि ये चंद बड़े लोगों को ही लाभ पहुँचाने के लिए बनता है।

## संक्षेप

### जनेऊ संस्कार आज

**नैनी।** श्री सच्चा बाबा आश्रम अरैल अध्यात्म संस्कृत महाविद्यालय एवं सच्चा आश्रम द्वारा आज गुरूवार को इच्छुक छात्रों एवं इच्छुक जनों का जनेऊ संस्कार आयोजन किया जाएगा।

### दूरस्थ शिक्षा से पहुंच सकते हैं लोगों के करीब : प्रोफेसर सिंह

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के माघ मेला क्षेत्र में स्थित दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर में शनिवार को दूरस्थ शिक्षा की प्रासंगिकता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय रेल सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी श्री उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा का प्रचार प्रसार आज गांव गांव में हो रहा है। आज घरेलू महिलाओं, नौकरीपेशा लोगों, जेल बंदियों, किन्नरों को मुक्त विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा सुलभ करा रहा है। माघ मेला क्षेत्र में लगा दूरस्थ शिक्षा जागरूकता का यह शिविर उच्च शिक्षा का प्रचार प्रसार कर सराहनीय कार्य कर रहा है। श्री सिंह ने भोजपुरी अवधी मिश्रित मिश्रित काव्य रचना के माध्यम से मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही दूरस्थ शिक्षा की महत्ता का चित्रण किया।

विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि सीमित संसाधनों में विश्वविद्यालय प्रगति की ओर अग्रसर है। विश्वविद्यालय का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश होने के कारण पूरे प्रदेश की निगाहें हमारी तरफ लगी हैं। उन्होंने कहा कि अब हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि 2023 से नई शिक्षा नीति को विश्वविद्यालय में सफलतापूर्वक प्रारंभ किया जाए। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे हम लोगों के करीब पहुंच सकते हैं। हमारा प्रयास है कि दूरस्थ शिक्षा प्रदान करने में मुक्त विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभाए। अवसर पर उन्होंने शिविर में आए लोगों को विश्वविद्यालय कैलेंडर एवं पंपलेट वितरित किया। इससे पूर्व उन्होंने दूरस्थ शिक्षा जागरूकता प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर जी एस शुक्ल ने कहा कि प्रयागराज की महिमा अपरम्पार है। गंगा क्षेत्र में विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा के प्रसार का अभूतपूर्व कार्य कर रहा है।

# 'गली-गली में रावण हैं तो इतने राम कहाँ से लाऊँ'

## पाँच दिवसीय माँ शीतला कृपा महोत्सव में कल्पना, मनोज तिवारी व दिनेश लाल यादव ने माँ का किया गुड़गान

**मेजा।** क्षेत्र के कुअँर पट्टी में चल रहे पाँच दिवसीय माँ शीतला कृपा महोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को मानस पारायण के पाठ का समापन किया गया। उसके बाद मां शीतला का अभिषेक के बाद भव्य श्रंगार किया गया उसके बाद माँ को छप्पन भोग लगाकर घंटा घड़ियाल बजाकर भव्य आरती की गई। आरती के दौरान सैकडों की संख्या में मौजूद लोगों ने माँ का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान भोजपुरी सम्राट मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव व महिला भोजपुरी सम्राट कल्पना पटवारी अपने-अपने भक्ति गीतों के माध्यम से माँ की महिमा का गुड़गान किया।

पाँच दिवसीय माँ शीतला कृपा महोत्सव में तीसरे दिन माँ के भव्य श्रंगार व छप्पन भोग कार्यक्रम के बाद देवी जागरण का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें भोजपुरी सम्राट मनोज तिवारी ने माँ शीतला माँ का गीत के माध्यम से महिमा का गुड़गान किया। मनोज तिवारी ने बचाई लिह लजिया हो माई शीतला, गंगा के किनारे बाटे तोहार धाम हो, धीरे-धीरे जाने लागल सारा जहांन हो, उसके बाद मनोज तिवारी ने कहा गली गली में रावण हैं तो इतने राम कहाँ से लाऊं, अपने अंदर राम जगाएँ। उसके बाद दिनेश लाल यादव ने गाया मन की तरंग मार लो बस हो गया भजन, आदत बुरी सुधार लो बस हो गया भजन सहित अपने भक्ति गीतों से लोगों को सराबोर कर दिया। इसी तरह महिला भोजपुरी सम्राट कल्पना पटवारी ने अब हमसे भंगिया पिसाई न हो गणेश के पाप सहित दर्जनों भक्ति गीत सुनाया। इस दौरान क्षेत्रीय गायक तिवारी बंधुओं ने भोजपुरी सम्राटों का आशीर्वाद लिया और भक्ति गीत सुनाया। कार्यक्रम के अंत मे इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने माँ की भव्य आरती और देवी जागरण में शामिल होने वाले भक्तों को धन्यवाद ज्ञापित किया।





माँ शीतला कृपा महोत्सव में गीत के माध्यम से माॅ की महिमा का गुणगान करते भोजपुरी सम्राट मनोज तिवारी व कल्पना पटवारी

### महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में वार्षिक उत्सव समारोह आज

**नैनी।** आज गुरूवार को महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में सत्र 2022-23 वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन अत्यन्त भव्यता के साथ होगा। महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष सम्माननी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा जी के दिशा निर्देशन एवं प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी के मार्गदर्शन में वार्षिक क्रीड़ा दिवस की सम्पूर्ण तैयारियाँ हो चुकी है। प्रधानाचार्या जी ने अवगत कराया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि श्रीशशि कान्त सिंह झ वरिष्ठ जेल अधीक्षक- केन्द्रीय कारागार नैनी, प्रयागराज होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कृष्णा मिश्र- प्रोफेसर भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज एवं ड़ॉ संजय कुमार लाल झ सहायक श्रम आयुक्त प्रयागराज तथा जय प्रकाश शर्मा झ वरिष्ठ उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा संघ प्रयागराज होंगे। अन्य अतिथि के रूप में आगन्तुम अभिभावकगण एवं मीडिया कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उत्सव समारोह खेल झकूद के साथ झसाथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे । मार्चपास्ट, ड्रिल, भाँगरा, पिरामिड एवं नृत्य आदि की प्रस्तुति होगी। प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने छात्र- छात्राओं एवं शिक्षक झ शिक्षिकाओं जी ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षकाओं सभी कार्यक्रम के प्रति दिशा निर्देशित कर दिया है।

## बजट से महंगाई व बेरोजगारी को और बढ़ावा : नरेन्द्र सिंह

**मेजा।** केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सपा के निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज का बजट सरकारी कम भाजपाई ज्यादा है। और इस भाजपाई बजट से महंगाई व बेरोजगारी को और बढ़ावा मिलेगा। किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं निराशा बढ़ी है, क्योंकि ये चंद बड़े लोगों को ही लाभ पहुँचाने के लिए बना है। सपा नेता नरेन्द्र सिंह ने इस बजट को सरकार की हताशा करार देते हुए इसे पूंजीवादी बजट बताया, और कहा कि इस बजट में बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और न ही कोई ठोस व्यवस्था बजट में की गई है। घाटे में चल रहे अथवा बंद पड़े सरकारी एवं सहकारी उद्योगों को विशेष राहत देकर चालू करने की कोई मंशा सरकार की नहीं है।

## कुँअर पट्टी में आज सजेगा बाबा बागेश्वर धाम का दरबार, तैयारी पूरी



बाबा बागेश्वर धाम सरकार के दरबार की तैयारी का जायजा लेते डीसीपी

**मेजा।** क्षेत्र के कुअँर पट्टी में आयोजित पाँच दिवसीय माँ शीतला कृपा महोत्सव के पांचवें दिन आज धीरेंद्र शास्त्री जी बाबा बागेश्वर धाम सरकार का दरबार लगेगा। बुधवार को कार्यक्रम की तैयारी व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने डीसीपी दीपक धूपर, व एलआईयू की टीम पहुँची। डीसीपी ने तैयारी का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। महोत्सव के आयोजक डीजीएस परिवार के शुक्ल बंधुओं में जनसेवक इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने डीसीपी से दरबार की व्यवस्थाओं को साझा किया। फिल हाल राजू भैया ने बताया कि बाबा बागेश्वर धाम के दरबार की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

इस दौरान मुख्य एसीपी विमल किशोर कुमार मिश्र, व इंस्पेक्टर मेजा सहित एलआईयू की इंस्पेकर लल्लन सिंह रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर दो अलग-अलग गांवों में मार पीट, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मामूली बात को लेकर मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है।जमीनी विवाद को लेकर महिला और उसकी बेटी को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखुआं निवासनीय ममता देवी पत्नी अजय कुमार पटेल का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसके विपक्षी लाठी डंडे लेकर उसको और उसकी पुत्री अंशिकी पटेल को मार पीट कर जख्मी कर दिए। तथा जान से मारने की धमकी भी दिए। ममता देवी ने मऊआइमा थाने में रंजीत कुमार, अजीत कुमार, पुष्पा देवी, श्याम कुमारी, सूरज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर ग्राम रोझियात निवासनीय संतोषी देवी पत्नी संतोष कुमार का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसे मारा पीटा गया। पुलिस ने अभिषेक, रुपचन्द्र, शिवम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मऊआइमा रेलवे फाटक पर रोजमर्रा जाम के झाम में फंसे रहते हैं लोग



मऊआइमा रेलवे फाटक पर जाम में फंसे लोग

**जाम का झाम**

**ओवरब्रिज बनाने का वायदा केवल आश्वासन बन कर रह गया**

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक पर किसी ट्रेन के गुजरने पर जब फाटक बंद रहता है तो घंटों लोग जाम के झाम में फंसें रहते हैं।ओवरब्रिज बनाने का वायदा केवल आश्वासन बन कर रह गया है।

मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक पर रोजमर्रा जाम के झाम में लोग घंटों फंसे रहते हैं। बताया गया है कि मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में जाने का यही एक मार्ग है। बताया जाता है कि जब दोपहर में विद्यालय की छुट्टी होती है तो दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग जाती है। जिससे छात्र छात्राओं को बहुत दुश्वारियों का सामना करना पडता है। बताया जाता है कि बुधवार को दो ट्रेनों के आने पर एक घंटे फाटक बंद रहा जब खुला तो घंटों लोगों को जाम के झाम में फंसे रहे।दोनों ओर आधा किलो मीटर तक जाम में लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। बताते हैं कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों को लेकर एम्बुलेंस भी फंसे रहते हैं। प्रायः प्रसव रोग से पीडा की मौत हो जाती है या वह एम्बुलेंस में डिलेवरी हो जाती है। कई बार सत्ता पक्ष के नेताओं ने ओवरब्रिज बनाने का वायदा किया परन्तु उनका वायदा अभी तक आश्वासन बन कर रह गया है।

## महिलायें समूह से जुड़ कर सशक्त बने : बर्कतुन निशा



वार्षिक सेलिब्रेशन का उत्सव मनाते हुए

खीरी। विकास खण्ड कोरांव के अंतर्गत आजीविका मिशन के अंतर्गत खीरी ग्राम पंचायत में बने स्वयं सहायता समूह में जुड़कर बरकतून निशा समूह के अन्य महिलाओं की सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से उनको शसक्त बनाने का कार्य कर रही है।

सहारा आजीविका ग्राम संघठन द्वारा संचालित प्रेरणा सिलाई सेंटर के अंतर्गत लगभग 40 से 45 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण उपलब्ध कराती हैं। साथ ही सिलाई प्रशिक्षण के दौरान बनाए गए बेबी फ्रॉक, लेडीज सूट इत्यादि की मार्केटिंग भी उन्ही के द्वारा कराती हैं। आज प्रेरणा सिलाई सेंटर का एक वर्ष पूरे होने की खुशी में वार्षिक सेलिब्रेशन का उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि प्रेरणा स्वयं सहायता समूह में जुड़कर महिलाए आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत हो रही है ।जिसका जीता जागता उदाहरण खीरी ग्राम पंचायत की बरकतून निशा है। खीरी में कुल लगभग 35 स्वयं सहायता समूह का गठन हुआ है। जिसमे लगभग 300 से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई है। जो सभी लोग अपनी आजीविका संवर्धन हेतु अलग अलग गतिविधि से जुड़ी हुई हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित सहायक विकास अधिकारीआईएसबी रामेश्वर सिंह द्वारा बताया गया कि महिलाओं को शसक्त बनाने में क्लस्टर लेवल फेडरेशन उड़ान सीएलएफ की बहुत बड़ी भूमिका है। स्वयं सहायता समूह में जुड़ी महिलाओं को सामान्य ऋण उपलब्ध करा कर उनको रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

इसके साथ साथ सरकार के अन्य योजनाओं से भी कनवर्जेंस के माध्यम से गांव की महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित उड़ान सीएलएफ कि मास्टर बुक कीपर उर्मिला द्वारा बताया गया कि उड़ान सीएलएफ में कुल 522 स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा गया है। जिसमे कुल 55 ग्राम संघठन बने हुए है।कार्यक्रम में ब्लॉक मिशन प्रबंधक विवेक कुमार, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार सीएलएफ पदाधिकारी सुशीला, मंजू, मीना तथा समूह सखी गीता, पिंकी, और समूह के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत खीरी गांव को मिला मात्र नौ लाख रूपये

**खीरी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कोरांव ब्लॉक के 6 ग्राम सभाओं को अधिक आबादी होने के कारण अलग से चमकाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत पैसा पास किया गया है। जिसमें आबादी को आधार रखा गया है। बताते चलें कि खीरी ग्राम सभा का लगभग आबादी दस हजार के करीब है। जबकि खीरी ग्राम सभा से कम आबादी वाले गांव को अधिक पैसा पास किया गया है।

बताते चलें कि बड़ोखर के लिए 72 लाख, महुली के लिए 43 लाख, भगेशर 39 लाख, तराव के लिए 33 लाख, लेड़ियारी के लिए 29 लाख जबकि खीरी हेतु मात्र 9 लाखपास हुआ है। यह खीरी ग्राम सभा के जिम्मेदार लोगों में चर्चा का विषय बना।है वही ग्राम प्रधान मोहम्मद युसूफ का कहना है कि यह बजट रामगढ़ खीरी के आबादी के आधार पर भूल वस पास हो गया है। यह गलत है ।वही डीपीआरओ से बात करने पर पता चला कि सभी ग्राम सभाओं का पैसा भेज दिया गया है।खीरी जैसे बड़े ग्राम सभा के विकास हेतु मात्र नौ लाख पास होना चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चलेंगे उक्त अधिक आबादी वाले ग्राम सभाओं में व्यक्तिगत खाद,गड्ढा, खाद गड्ढा, नाफेड सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सामुदायिक नाफेड वर्मी कंपोस्ट, कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत टेस्टिंगटाइम कचरा वाहन, ई-रिक्शा एवं साइकिल रिक्शा स्वच्छता की एकीकृत, ठोस एकीकृत प्रबंधन, केंद्र नाली भूमिगत नाली तथा सोख्ता गड्ढा बनाए जाने हेतु निर्देश दिए गए हैं।

### अनियंत्रित ट्रक ने बाइकसवार दो लोगों को मारा टक्कर एक की मौत

**मेजा।** कोतवाली क्षेत्र के बसहरा गांव के पास कोराव मार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक चालक सहित दो व्यक्तियों को रौंद दिया। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए । मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई , दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। गौरतलब हो कि संजय कुमार पुत्र लोदई निवासी रामनगर और राधेश्याम भारतीया पुत्र सूबेदार मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। दोनों मेजा के बसहरा गांव के पास पहुंचे थे कि एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें दोनों बाइकसवार गंभीर रूप से घायल हो गए । मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया जहां इलाज के दौरान संजय ने दम तोड़ दिया। घटना में घायल दूसरे व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है।


## प्राथमिक विद्यालय कोटहा में हजारों का सामान चोरी



चोरी के बाद स्कूल की खुली आलमारी व बिखरा सामान

**मेजा।** क्षेत्र के विकास खण्ड उरुवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीती रात को दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने हजारों का सामान चोरी कर ले गए । जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय कोटहा में बीती रात को चोरों ने ताला तोड़कर कर कमरे के अंदर रखा दो बॉक्स का ताला तोड़कर उसमें रखा खेल का सामान कमरे में रखा गैस सिलेंडर सहित एमडीएम का बर्तन व आलमारी में रखी गैश की पासबुक उठा ले गए। प्रधानाध्यापक ने चोरी की सूचना पुलिस को दे दी है।

## सड़कों पर बहता नाबदान व जलनिगम का पानी



सड़क पर बहता पानी

**माण्डा।** विकास खण्ड माण्डा के माण्डा खास गांव के माण्डा राजा क्लब से गौशाला जाने वाले रास्ते पर जलनिकासी का उचित प्रबंध न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है।भीम सेना ने इसको लेकर के बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया। रास्ते पर बहता पानी और जगह-जगह जमाव से आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोग आये दिन जिम्मेदार लोगों को अवगत कराते रहते हैं लेकिन इस ओर किसी का ध्यान आकृष्ट नजर आता नहीं दिख रहा है।

केन्द्र सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव व कस्बों को साफ सुथरा रखने के लिए भरकस प्रयत्न जारी है लेकिन साफ सफाई के लिए कर्मचारी जिम्मेदार नजर नहीं आ रहें हैं जो कि गांव में सफाई कर्मचारी होने के बाद भी सफाई व्यवस्था नहीं दिखती नजर आ रही?। सरकार की स्वच्छ भारत मिशन के योजना को मुंह चिढ़ाते नजर आ रहे हैं।

### बी एल सतचौरी कान्वेंट इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने 2022 की बोर्ड की परीक्षा में राज्य स्तरीय व मण्डल स्तरीय मेरिट में परचम

**बहरिया।** राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित कैप्टन मनोज पाण्डेय सैनिक स्कूल में शुक्रवार को बी. एल. सतचौरी कान्वेंट इंटर कॉलेज बाबूगंज बहरिया प्रयागराज की छात्रा रुपाली धनगर पुत्री अशोक कुमार ने हाईस्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2022 में 97% अंक प्राप्त कर राज्य स्तरीय मेरिट में जगह बनाकर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा टेबलेट एक लाख का चेक तथा एग्जाम वारियर्स नामक पुस्तक प्राप्त किया । छात्रा रूपाली ने कहा कि आजकल ऑनलाइन क्लास जबाना है हम लोगों के मन में जो भी सवाल होंगे उन्हें इस टैबलेट से क्लियर करने में काफी आसानी होगी। इस तरह का सम्मान पाकर हम लोगों के मन में और अच्छा करने की जिज्ञासा उत्पन्न होगी । इसी तरह सृष्टि पुत्री विनोद कुमार 95.8% पाकर मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त किया और अनुराग कृष्ण पुत्र केशनाथ 95.5% अंक प्राप्त कर मण्डल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्रों को जिलाधिकारी स?जय कुमार खत्री के द्वारा संगम सभागार प्रयागराज में टेबलेट व 21 - 21हजार रू का चेक व प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । विद्यालय के संस्थापक-अध्यक्ष डा. बी.एल.पाल ने मेधावी छात्र छात्राओं अभिभावकों प्रधानाचार्य और शिक्षकों को भी बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया। छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की । विद्यालय के प्रधानाचार्य रामसखा पाल, सहायक प्रधानाचार्य एस.आर. वर्मा, इंद्रजीत यादव, पुन्नी लाल पाल, प्रदीप कुमार प्रजापति, उदय नाथ सरोज, जगलाल पाल ,ओमप्रकाश आर्या, कौशलेंद्र प्रसाद , रामअवतार, सुरेंद्र नाथ तिवारी, मो. तहजीब हेमलता रमेश कुमार पाल आदि शिक्षकों ने भी छात्र-छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया। विद्यालय की चेयरमैन शैललता पाल ने मेधावी छात्र - छात्राओं को अपने आशीर्वाद वचन में बताया कि विद्यालय वर्ष 2002 से लगातार जनपद मण्डल व प्रदेश के मेरिट में रहता है । यहाँ के शिक्षक - शिक्षिकओं व प्रधानाचार्य के पठन-पाठन एवं अनुशासन का ही प्रतिफल है।

## भाजपाइयों ने फूंका स्वामी प्रसाद का पुतला



स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन करते भाजपाई

**कोरांव।** स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरित मानस पर दिए गए विवादित बयान से आक्रोशित भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में बुधवार को लेडियारी मंडी तिराहे पर स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन किया, पुतला दहन के पूर्व युवा मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा कैथवल से लेडियारी तक नारेबाजी करते हुए पदयात्रा निकाली गई, मंडल अध्यक्ष प्रकाश द्विवेदी ने कहा की स्वामी प्रसाद जैसे दूषित मानसिकता के नेता वोट बैंक की राजनीति के लिए सामाजिक समरसता को बिगाड़ने में लगे हुए, इन्हे रामचरित मानस के किसी भी दोहे या चौपाई के भावार्थ का ज्ञान नहीं, पहले ये किसी संत के शरण में ज्ञान ले उसके बाद ये रामचरित मानस पर कुछ बोले, साथ ही इस पूरे प्रकरण पर अखिलेश यादव की चुप्पी यह साबित करती है की स्वामी प्रसाद को उनका समर्थन है, हिंदुओ की जनभावनाओं से उनका कोई सरोकार नहीं है, यही अखिलेश यादव चुनाव के समय हिंदू बन जाते है किंतु जब हिंदुओ की भावनाओं के साथ जब खिलवाड़ होता है तो ये चुप्पी साध लेते है। सनातन धर्म के प्रतीकों या इससे जुड़ी भावनाओं का अपमान हिंदू समाज सहन नही करेगा। पुतला दहन में मंडल महामंत्री अरविंद तिवारी, विवेक चतुर्वेदी, विनोद दुबे, पवन दुबे, शिवम, सूरज, अयोध्या कोल, अमन समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में स्थापना दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

**थरवई।** सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पड़िला में बुधवार को स्थापना दिवस मनाया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि डीआईजी रेंज संजीव राय ने शहीद बलिदानों को श्रद्धांजलि दी इसके पश्चात क्वार्टर गार्ड पर सलामी लेने के पश्चात सैनिक सम्मेलन सहित परंपरा के अनुसार अन्य कार्यक्रम संचालित किया गया। इस मौके पर कमांडेंट उदय प्रताप सिंह उप कमांडेंट प्रज्ञेश अटल सहायक कमांडेंट एके सिंह सुभाष यादव धर्म नारायण बरोड़ा अविनाश राय निरीक्षक सुरेश पटेल सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण व जवान कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र वर्ष 2010 अनुक्रमांक संख्या 1933784 है वास्तव में कहीं खो गया। **मोहम्मद शहीद पुत्र जंनु खान, पता-ग्राम कोटहा, तहसील-मेजा, प्रयागराज।**



डोर टू डोर अभियान का शुभारंभ करते अधिकारी व कर्मचारी

# प्रयागराज

## मौसम



अधिकतम : 23.00
न्यूनतम : 10.00
सूर्योदय : 06.50
सूर्यास्त : 05.27

## आग में झुलसकर मां-बेटे की मौत

**प्रयागराज।** अतरसुइया के दरियाबाद कटहरा इलाके में सोमवार देर रात आग से झुलसने वाली बुजुर्ग चांदकली ने भी बुधवार को दम तोड़ दिया। इसी घटना में बेटे विनोद की मंगलवार को मौत हो गई थी। मां बेटे एक ही कमरे में सो रहे थे। मच्छर मारने वाली अगरबत्ती से बिस्तर में आग लगने से यह हादसा हुआ था।

# फोन पर बात करने पर प्रेमी ने की थी हत्या

**खुलासा**

**ईंट से सिर कूचा, आंख भी फोड़ दी, बोला- कोई अफसोस नहीं**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चार दिन पहले हुई महिला की हत्या का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, महिला की हत्या उसके प्रेमी ने की थी। महिला दो साल से प्रेमी के साथ लिवइन में रह रही थी। वह अक्सर फोन पर बात करती थी। प्रेमी को शक था कि उसका अफेयर है और वह अपने दूसरे प्रेमी से फोन पर बात करती है।घटना वाले दिन भी महिला किसी से फोन पर बात कर रही थी। गुस्से में प्रेमी ने ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी। यहां तक की उसकी आंख भी फोड़ दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आज उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रेमी का कहना है कि उसे कोई अफसोस नहीं है। वो फोन पर बात करती थी, मुझे ये बर्दाश्त नहीं होता था।



हत्या मामले का खुलासा करतीं एसीपी दारागंज, आस्था जायसवाल

हत्यारोपी मनीष यादव पुत्र रोशन लाल यादव निवासी ग्राम मां पुर कोखराज, कौशांबी का रहने वाला है। मनीष ने पुलिस को बताया कि उसकी मुलाकात सूरत में 2 साल पहले सुनीता से हुई थी। सुनीता मूल रूप से मध्य प्रदेश के रीवा जनपद अंतर्गत मऊगंज थानन क्षेत्र के दुगना कुर्मियान गांव की रहने वाली है।

एक निर्माणाधीन साइट पर दोनों काम करते थे। सुनीता के पति की मौत हो गई थी। दोनों की नजदीकी बढ़ी और प्यार हो गया। तभी से दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। सुनीता की सात साल की बेटी भी दोनों के साथ रहती थी। मनीष उसका ध्यान रखता था।

29 जनवरी को दोनों ने माघ मेले के परेड ग्राउंड में काली सड़क के फ्लाईओवर के पास अंडा खाया और दोनों ने शराब पी। शराब पीने के बाद सुनीता फोन पर किसी से बात करने लगी। यहीं से मनीष का दिमाग खराब हो गया। सुनीता अक्सर फोन पर किसी से बात करती थी।

मनीष को लगता था कि वह किसी और पुरुष से बात करती है। वह किसी और के साथ अवैध संबंध में है। इसी शक में दोनों के बीच विवाद हुआ और मनीष ने सुनीता के सिर पर ईंट से वार कर दिया। 3 बार वार होने से उसका सिर फूट गया। चेहरे पर भी गहरे जख्म हो गए। इसी में उसकी एक आंख भी फूट गई।

लहूलुहान होकर गिरने के बाद मनीष उसे उठाकर अस्पताल ले जाने की कोशिश करने लगा, लेकिन तभी पुलिस की गाड़ी वहां से गुजरी और वह घबरा गया। सुनीता को छोड़कर वह भागकर आपने गांव कौशांबी चला गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बुधवार को मीडिया के सामने पेश किया।

पुलिस ने मीडिया को बताया कि जिस समय दोनों के बीच विवाद हुआ उस समय सुनीता की 7 साल की मासूम बेटी सो रही थी। मां की चीख सुनकर उसकी नीद खुली तो वह अवाक रह गई।वह मां को बचाने के लिए दौड़ी लेकिन मनीष ने उसे झिटक दिया। जिससे वह डर गई।

मनीष ने उसकी मां को डंडे से पहले पीटा, फिर ईंट से सिर और चेहरा कूच डाला। जाते-जाते एक आंख भी फोड़ दी। जिससे उसकी मौत हो गई। एसीपी दारागंज, आस्था जायसवाल ने मीडिया को बताया कि मृतका सुनीता की बेटी को उसके मायके वालों को सौंप दिया गया है। अब वह अपने मामा के साथ रहेगी।

## मुक्त विश्वविद्यालय में थैरेप्यूटिक योग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के रजत जयंती वर्ष में स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंसेज, बेंगलुरु द्वारा अनुदानित थैरेप्यूटिक योग पर 3 - 4 फरवरी 2023 को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में किया जा रहा है। राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर जी एस शुक्ल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 3 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि श्री अनिल कुमार, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ होंगे तथा अध्यक्षता प्रोफेसर अविनाश चन्द्र पांडेय, निदेशक, आईयूएसी, नई दिल्ली करेंगे। संगोष्ठी के सारस्वत अतिथि एवं बीज वक्ता डॉ मिलिंद देवगोयंकर, वेस्ट वर्जीनिया, अमेरिका तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अमित भारद्वाज, निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश होंगे। प्रोफेसर शुक्ल ने बताया कि दूसरे सत्र में डॉ अभिषेक सचदेव, कार्डियोलॉजी एवं योग पर डॉ अनुभा श्रीवास्तव, एंड्रोक्राइनोलॉजी एवं योग पर तथा डॉ प्रशान्त त्रिपाठी, मस्कुलो स्केलटल डिसऑर्डर एवं योग पर विशेष व्याख्यान देंगे। प्रथम दिवस के अपराह्न में पेपर प्रेजेंटेशन के उपरान्त लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान, लखनऊ के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रोफेसर शुक्ल ने बताया कि संगोष्ठी का समापन 4 फरवरी को अपराहन 2:30 बजे होगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर एस पी मणि त्रिपाठी, कुलपति, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश होंगे तथा अध्यक्षता मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह करेंगी। समापन सत्र के सारस्वत अतिथि डॉ योगी देवराज, कुलपति, अमेरिका योग विश्वविद्यालय, फ्लोरिडा, अमेरिका, बेस कैंप बेंगलुरु तथा विशिष्ट अतिथि श्री अनिल कुमार, अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन होंगे। प्रोफेसर शुक्ल ने बताया कि इसके पूर्व योग मंडपम स्थल पर योगाभ्यास तथा 24 कुण्डीय यज्ञ चिकित्सा, पाचन तंत्र एवं योग, इम्युनिटी एवं योग, जल संरक्षण, पोस्टर प्रेजेंटेशन आदि विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# कहानीकार जयनंदन को मिला श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान

**सम्मान**

**12वें श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान का हुआ वर्चुअल प्रसारण**

**फूलपुर।** इफको कला, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण में प्रयत्नशील है। जयनंदन ने बिहार व झारखण्ड में आदिवासी जीवन, कृषक चुनौतियों, एवं ग्रामीण परिवेश का अपनी रचनाओं में सजीव चित्रण किया है। उक्त बातें इफको साहित्य सम्मान श्रीलाल शुक्ल स्मृति पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार जयनंदन जी को वर्चुअल संवाद के माध्यम से बधाई देते हुए इफको के प्रबंध निदेशक डा० उदयशंकर अवस्थी ने कही। झारखंड के जमशेदपुर में हुए सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण इफको मुख्यालय, इफको फूलपुर इकाई व अन्य सभी इकाईयों में किया गया। इफको की फूलपुर इकाई के अधिकारियों ने भी श्रीलाल शुक्ल स्मृति पुरस्कार से सम्मानित जयनंदन को शुभकामनाएं दी। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार मनमोहन पाठक रहे। साहित्यकार डॉ जय प्रकाश कर्दम, रवेन्द्र त्रिपाठी, प्रो. रवि भूषण, मुरली मनोहर प्रसाद, डॉ राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट जनों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इफको साहित्य सम्मान श्रीलाल शुक्ल स्मृति पुरस्कार पाकर प्रबंध निदेशक का आभार व्यक्त करते हुए साहित्यकार जयनंदन ने कहा कि इफको वह संस्था है जो साहित्य को प्रतिष्ठित करने का कार्य कर रही है।



12वां श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान प्राप्त करते प्रख्यात साहित्यकार जयनंदन

26 फरवरी 1956 को नवादा, बिहार के मिलकी गाँव में जन्मे जयनंदन को बिहार सरकार राजभाषा सम्मान एवं झारखण्ड सरकार साहित्य सेवी सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। उनकी प्रमुख रचनाएं सल्तनत को सुनो गाँव वालों (उपन्यास), गाँव की सिसकियाँ, व विश्व बाजार का ऊँट (कहानी संग्रह) है। बता दें कि श्रीलाल शुक्ल पुरस्कार प्रतिवर्ष इफको संस्था द्वारा एक ऐसे साहित्यकार को दिया जाता है जिसकी रचनाओं में ग्रामीण जीवन एवं कृषि जीवन सजीव चित्रण सम्मलित होता है। इसमें एक प्रतीक चिन्ह, रजत पट्टिका, प्रशस्ति पत्र एवं ग्यारह लाख रुपये का चेक प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन शाहीद अनवर ने किया। कार्यक्रम में इफको के संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश कपूर, यू.के.सिन्हा राज्य विपणन प्रबंधन रांची, ऑल इंडिया इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी , ऑल इंडिया इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# विधायक अब्बास अंसारी को विवादित बयान हिसाब किताब के मामले में हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**प्रयागराज ।** मऊ सदर के सपा विधायक और माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए विवादित बयान में इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने विवादित बयान हिसाब किताब के मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग वाली अर्जी खारिज कर दी।



**अब्बास अंसारी ने क्या कहा था**

वायरल वीडियो के अनुसार इसमें सपा-सुभासपा गठबंधन के प्रत्याशी अब्बास अंसारी यह कहते नजर आ रहे हैं कि जिस नेता के साथ लाखों-करोड़ों बाहों का बल हो वह बाहुबली नहीं होगा तो कौन होगा। हम हैं, हमें इससे कोई गुरेज नहीं है। अगर मेरे लोगों की इज्जत, आन, बान, शान और आबरू पर कोई आंच डालने की कोशिश करेगा तो उस आंच को बुझाना हम जानते हैं।

आज तक बुझाया है, आगे भी बुझाएंगे, हमें कोई रोक नहीं सकता। आगे कहा कि जिस दिन लखनऊ से आ रहा था उस दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश भैया से मिला और लंबी बातचीत हुई। मैं उनसे कहकर आया हूं कि छह महीने तक किसी की ट्रांसफर पोस्टिंग नहीं होगी भइया। अब्बास ने आगे कहा, पहले जिन्होंने लोगों के कैरियर बर्बाद किए हैं। जिन्होंने ऊपर मुकदमे लगाए हैं, पहले उन अधिकारियों का हिसाब-किताब होगा।

# सुनेगा इंडिया तभी आगे बढ़ेगा इंडिया : अभिलाषा गुप्ता 'नंदी'

**उद्घाटन**

**प्रयागराज में साउंड फॉर लाइफ की 49 वी हियरिंग क्लिनिक का हुआ उद्घाटन**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के करेली इलाके में बुधवार को हियरिंग ऐड बनाने वाली कम्पनी साउंड फॉर लाइफ के 49 वी हियरिंग क्लिनिक हुआ उदघाटन हुआ। नगर निगम प्रयागराज की पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने फीता काटकर इसका उदघाटन किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा है कि मौजूदा दौर में हमारी जीवन शैली की वजह से बहरेपन की समस्या तेजी से बढ़ रही है। दो पहिया या चार पहिया वाहनों के हॉर्न की तेज आवाज और मोबाइल के अधिक प्रयोग से बहरेपन की समस्या निरंतर बढ़ रही है। प्रयागराज में साउंड फॉर लाइफ की 49 वी हियरिंग क्लिनिक के आने से इस समस्या से पीड़ित सीनियर सिटिजन और दूसरे पीड़ित लोगो को स्तरीय और भरोसेमंद उपचार और उपकरण मिल सकेंगे। अपनी बात को आगे बढाते उन्होंने कहा है कि मौजूदा संचार के दौर में यह आवश्यक है कि आप पहले सम्वाद सही से सुन पाए तभी संचार हो सकेगा और तभी स्मार्ट सिटी के लोग और स्मार्ट हो सकेंगे। उनका कहना है कि सुनेगा इंडिया तभी आगे बढेगा इंडिया। गौरतलब है की दुनिया की 5.3% आबादी आज भी इस बहरेपन की समस्या से पीड़ित है जबकि भारत में लगभग 10 प्रतिशत आबादी बधिरता का शिकार है। इस आबादी की सुनने की क्षमता 6.3 खत्म हो चुकी है। सुनने की क्षमता में होने वाली इस हानि को रोकने के लिए श्रवण यंत्रो की जरुरत है। कई श्रवण यंत्रों के लिए उन्हें सामान्य जीवन में वापस लाने का पहला कदम हियरिंग ऐड है जिसे देश में साउंड फॉर लाइफ कंपनी पूरे भरोसे के साथ बना रही है। साउंड फॉर लाइफ का देश का 49 वां हियरिंग क्लिनिक आज प्रयागराज शहर के करेली इलाके के करेली योजना में खोला गया।



फीता काटकर उद्घाटन करतीं अभिलाषा गुप्ता 'नंदी'

साउंड फॉर लाइफ श्रवण स्वास्थ्य देखभाल क्लीनिकों की सबसे तेजी से बढ़ती बहु-स्तरीय, बहु-ब्रांड श्रृंखला है जो आपकी जीवन शैली और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप अद्वितीय और वैयक्तिकृत श्रवण समाधान प्रदान करती है। इसका लक्ष्य सेवा उत्कृष्टता के माध्यम से सुनने में अक्षम लाखों रोगियों के चेहरे पर मुस्कान वापस लाना और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

# आकर्षक झांकी के साथ डोर टू डोर अभियान का शुभारम्भ

**प्रयागराज।** 1959 में, यूपी नगर महापालिका अधिनियम पारित किया गया था, इसके माध्यम से नगर महापालिका में विकासन्यास और प्रयागराज नगर परिषद को भंग कर दिया गया। 25 अक्टूबर 1959 को नगर महापालिका का पहला चुनाव हुआ। परिणाम 5 नवम्बर 1959 को घोषित किये गये और 1 फरवरी 1960 को पहली नगर महापालिका विधानसभा के अस्तित्व में आई, जो 27 वार्डों से चुनी गयी।

शासनादेश सं0-1900/नौ-7-2022-81(ज)/2019टी0सी0 दिनांक 06.12.2022 के क्रम में नगर के प्रमाणिक सृजन तिथि 1 फरवरी 1960 के दृष्टिगत बुधवार को प्रातः 11:00 बजे भारद्वाज पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, बुद्धजीवी के साथ-साथ नगर निगम के समस्त अपर नगर आयुक्त, समस्त जोनल अधिकारी, समस्त मुख्य/सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, नगर निगम के कर्मचारीगण एवं डूडा विभाग के सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्यों द्वारा आकर्षक रंगोली बनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत नुक्कड़ नाटक से की गयी। तत्पश्चात लोकसंगीत का कार्यक्रम किया गया। समस्त अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा नगर के ऐतिहासिक स्थलों एवं बिन्दुओं के सम्बंध में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये गये, तत्पश्चात राष्ट्रीय गान के उपरान्त कार्यक्रम समाप्त किया गया।




वाहन को हरी झण्डी दिखाकर अभियान का शुभारंभ करते अधिकारी

शासनादेश सं0-पी0एम0यू0/7457/441(2)/2023 दिनांक 25.01.2023 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत 10तक डोर टू डोर अभियान चलाये जाने के अन्तर्गत प्रथम चरण में दिनांक 01 फरवरी 2023 को प्रातः 07:00 बजे 10 तक डोर टू डोर अभियान का शुभारम्भ नगर निगम मुख्यालय से समस्त सफाई वाहनों की आकर्षक झांकी के साथ प्रारम्भ करते हुए झांकी पत्थर गिरजा घर से होते हुए सुभाष चैराहे पर सम्पन्न की गयी, जिसमें नगर निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, डोर टू डोर हेतु चयनित एजेंसी मेसर्स प्रयागराज लॉयन एवं मेसर्स ओमस्वच्छता के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें। उक्त झांकी में कूड़े के सेग्रीगेशन के सम्बंध में विस्तृत संदेश प्रसारित करते हुए प्रचार-प्रसार का कार्य किया गया।

# माघी पूर्णिमा पर 05 फरवरी को दौना में भब्यता के साथ मनेगी रैदास जयन्ती

**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मण्डल सेक्टर प्रभारी प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/ सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता समाजसेवी आईपी रामबृज ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि माघी पुर्णिमा पर प्रयागराज के यमुनापार की विधानसभा बारा, थाना घूरपुर के अन्तर्गत आने वाली ग्रामसभा दौना में संत शिरोमणि गुरु रैदास जी की जयन्ती पर विशाल जयन्ती समारोह का आयोजन आगामी 5 फरवरी रविवार, समय पूर्वाह्न 11: 00 बजे से किया गया है। जयन्ती समारोह के मुख्य संयोजक प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव रंग निर्देशक रंगकर्मी आईपी रामबृज ने बताया कि रैदास की वाणी में सत्य की सच्ची भावना, वैज्ञानिक सोच पर आधारित समाज के व्यापक हित की कामना तथा मानव प्रेम से ओत-प्रोत थी इसलिए रैदास की वाणी श्रोताओं के मन पर सीधा और गहरा प्रभाव डालता था।



उनके भजनों तथा उपदेशों से लोगों को ऐसी शिक्षा मिलती थी जिससे उनकी शंकाओं का सन्तोषजनक समाधान हो जाता था और लोग स्वतः उनके अनुयायी बन जाते थे। आईपी रामबृज ने बताया कि दौना के आस पास गांव पचखरा, छीड़ी, छिड़िया, सेधुआर, तातारगंज, परसरा, रेरा, कांटी, चामू, खटंगिया, सीधे, जूही, कूड़ी, गौहानी जैसे दर्जनों गांवों से हजारों लोगों के उपस्थित होने की संभावना है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान का नहीं थम रहा विवाद

**प्रयागराज।** सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरितमानस को लेकर दिया गया बयान अब तेजी से तूल पकड़ता जा रहा है। प्रयागराज में साधु संतों और राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। जिसमें साधु संतों और राष्ट्रीय परशुराम सेना एवं वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी ने केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश योगी सरकार से कड़ी सजा की मांग की है । उन्होंने अपील की है की वर्तमान समय में राष्ट्र के अंदर हिन्दू विरोधी असामाजिक तत्वों द्वारा हिंदू धर्म का अपमान किया जा रहा है। कभी रामचरितमानस तो कभी धमार्चार्य के खिलाफ बयान बाजी लगातार की जा रही है। महामंडलेश्वर स्वामी विष्णु दास महाराज का कहना है कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने ऐसा अपराध किया है कि जिसका अंजाम केवल फांसी या फिर उस व्यक्ति का कत्ल करना होना चाहिए। विष्णु दास जी महाराज का कहना है कि जिस तरीके से स्वामी प्रसाद मौर्य और उनके समर्थकों ने रामचरितमानस के ऊपर आरोप लगाए हैं वह बेहद निंदनीय है । यह बयान माफी योग्य भी नहीं है ।

# तंबुओं की नगरी से कांग्रेस का शंखनाद

**प्रयागराज।** मिशन 2024 को फतह करने के लिए कांग्रेस ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। संगम की रेती पर लगे माघ मेला क्षेत्र के त्रिवेणी रामानुज मार्ग स्थित कांग्रेस सेवा दल का तीन दिवसीय विशेष समर्थ चिंतन मंथन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को सुबह 10 बजे शिविर शिविर की शुरूआत ध्वजारोहण और राष्ट्रीय गान से की गई। इसके बाद वेदो मंत्रोंचार कर पंच ब्राम्हचार्यो ने शंख ध्वनि की प्रस्तुति की। प्रशिक्षण लेने के लिए जुटे बड़ी संख्या में कांग्रेस स्वम सेवक के पदाधिकारी और कार्यकताओं को प्रशिक्षित करने के लिए आये सुप्रसिद्ध लेखक और विचारक अशोक कुमार पाण्डेय ने सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक परिदृश्य पर पार्टी कार्यकताओं को सम्बोधित किया। वहीं गांधी की जीवन शैली पर वर्णन किया। अशोक पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में रामचरित्र मानस का भी जिक्र किया। कहा की ये पढ़ने और पालन करने चीज है। और कहा की राहुल गांधी के सत्य और अपरिग्रह के मार्ग पर चलने से गांधीउगीन विचारधारा पुनः लौटती प्रतीत हो रही है। सेवा दल के कैम्प में पहुँचे कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा की भारत और भारतीय चिंतन की शाश्वत परंपरा सेवा दल में ही परिलिक्षित होती। सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने देश की आजादी में आरएसएस की भूमिका पर सांवलिया निशान खड़ा करते हुए कहा की जब जब देश पर संकट आता है कांग्रेस अपना सब कुछ निच्छावर करने के लिए पहली पंक्ती में खड़ी रहती है। कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस नफरत के जरिए लोगों को बांटने की साजिश रच रही है। इस दौरान पार्टी नेताओं ने शिविर में सेवा, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण का संकल्प भी लिया।



शंखनाथ के दौरान उपस्थित कांग्रेसी

इस मौके परः अरुण तिवारी, सुरेश यादव, प्रदीप मिश्रा, उज्वल शुक्ला, हसीब अहमद, वसीम अंसारी, राजेश सिंह काली, राजदेव तिवारी, करमचंद बिंद, कौशलेन्द्र सिंह, राजन दूबे, कनिष्का राफेल, अफसाना अंसारी, रमाशंकर यादव, मनोज द्विवेदी, जीतेन्द्र मोहन, दिनेश सोनी, नसीम हाश्मी, दिनेश सिंह, राकेश पटेल, जितेश मिश्रा, मनोज पासी, विवेक पाण्डेय, दिवाकर भारतीय, सुष्मिता यादव, सतीश बिंद समेत आदि लोग मौजूद रहें।

## संक्षेप

### नियमित सफाई न होने से फैली गंदगी

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के बरीपुर गांव की दलित बस्ती में लगे हैंडपंप खराब होने की कगार पर पहुंच चुके है। बस्ती की सफाई नहीं कराई जा रही है। सफाईकर्मी के न आने के कारण बस्ती के लोगों को खुद नालियों की सफाई करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों ने हैंडपंप को ठीक कराने और नियमित सफाई कराने की मांग की है।

### दबंगों ने युवक को पीटा, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के नगिया मई निवासी लवलेश ने बताया कि पड़ोसी से उसकी रंजिश चल रही है। इसी अदावत में रविवार की शाम पड़ोसी उससे भिड़ गए। तीखी झड़प के बाद आरोपितों ने लवलेश को पीट दिया। दूसरे दिन पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में की। पीड़ित युवक से तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### सड़क पर गड्ढों से आने जाने में हो रही दिक्कत

**कौशाम्बी।** महेवाघाट-मूरतगंज मार्ग से अलीपुर गांव को जाने वाली सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत कराने के लिए कई बार मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई। इसके बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं हुई। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

### रोजगार मेले का आयोजन तीन फरवरी को

**कौशाम्बी।** जिला सेवा योजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौषल विकास मिषन के संयुक्त तत्वावधान में तीन फरवरी को राजकीय आईटीआई सिराथू के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी जिला सेवा योजना अधिकारी ने देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी।

### बकाया पैसा मांगने पर युवक को दी धमकी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के पेरई गांव निवासी गुलाब चंद्र मजदूरी करता है। उसने बताया कि छह साल पहले उसने दो लोगों को पांच बिस्वा जमीन बेची थी। जमीन का बैनामा कराने के बाद उन दोनों ने 5 लाख रुपये जमीन पर निर्माण कराने के समय देने को कहा था। अब उन्होंने जमीन पर निर्माण करना शुरू करा दिया है। इसके बाद वह अब बकाया पैसा मांगने पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित युवक ने सोमवार को थाने में दोनों दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सड़क पर फैला पानी, आवागमन में दिक्कत

**कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक के काजू गांव में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है। लोगों के घरों का पानी मुख्य मार्ग पर जमा रहता है। ऐसे में मुसाफिरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नियमित सफाई न होने से गंदगी फैली है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार खामोश हैं। जिसे लेकर लोगों में गुस्सा है।

# स्वच्छ भारत अभियान के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन रैली को ईओ ने दिखाई हरी झंडी

**शुभारंभ**

**कूड़ा उठाने के लिए प्रतिदिन आपके मोहल्ले सकरी गलियों में सफाई कर्मचारी द्वारा कूड़ा संकलन करने एक ट्राली सिटी बजाते हुए निकलेगी**

**अझुवा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह ने बुधवार को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जनजागरूकता रैली पूरे नगर में भ्रमण कर के लोगो से आवाहन किया और बताया की प्रतिदिन आपके मोहल्ले सकरी गलियों में सफाई कर्मचारी द्वारा कूड़ा संकलन करने एक ट्राली सिटी बजाते हुए निकलेगी। जिसमे गिला कूड़ा एवं सूखे कूड़े का अलग अलग डिब्बे रखे होंगे उन्ही डिब्बो में घरों का एकत्रित कूड़ा डालेंगे। ट्राली चालक कूड़ा कलेक्शन करके डम्पिंग ग्राउंड में एक चयनित स्थान पर कूड़ा इक्कठा करेंगे, जिससे नगर की सफाई में सभी नगर वासियो का सहयोग आपेछित है। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह, जिला समन्यवक हितेश श्रीवास्तव, सफाई नायक अंगद सिंह, मेठ विनोद मिश्रा वरिष्ठ लिपिक साकेत चन्द्र श्रीवास्तव, रामप्रताप अग्रहरी, राजाराम पाल, मनोज कुमार सहित सभी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



कूड़ा कलेक्शन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते ईओ

## विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के महेवा गांव में ब्याही युवती ने ससुरालवालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। फतेहपुर जिले के किशुनपुर गांव की सुल्ताना देवी की शादी साल भर नहले महेवा गांव में बुधमन के साथ हुई थी। विवाहिता ने बताया कि शादी में मिले दहेज से ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग मायके से बाइक के साथ दो लाख रुपये नकदी की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उसे कई दिनों तक कमरे में बंद करके भूखा-प्यासा रखा गया। इसके बाद पिटाई करते हुए घर से निकाल दिया। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। मंझनपुर पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने महिला थानाध्यक्ष को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# घर में घुसकर की तोड़ फोड़ हवाई फायरिंग

**कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली अंतर्गत चैपुरवा डेरा गांव में रविवार की शाम दबंगों ने विवाहिता के घर में घुसकर घर में तोड़फोड़ की। दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

चैपुरवा डेरा गांव की ऊषा देवी पत्नी मनोज ने बताया कि गांव के एक परिवार से उसकी चुनावी रंजिश चल रही है। प्रधानी के चुनाव में मतदान नहीं करने को लेकर आरोपित कई बार धमकी दे चुके है। रविवार की शाम इसी अदावत में आरोपित घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे। इसके बाद आरोपितों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग की। सूचना पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ ग्रामीणों को देख आरोपित शिकायत पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। देर शाम पीड़िता ने मामले की शिकायत थाने पहुंच पुलिस से किया। आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने सरायअकिल इंस्पेक्टर को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### नाली के विवाद में दबंग ने महिला को पीटा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के सेंवढ़ा गांव में नाली विवाद में पड़ोसी दबंग ने महिला की पिटाई कर दी। घायल महिला ने थाने में आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। सेंवढ़ा गांव निवासी नंदलाल परदेस में मजदूरी करता है। घर पर उसकी पत्नी सुमन देवी एक छोटे बच्चे के साथ रहती है। सोमवार सुबह वह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोसी युवक वहां पहुंचा और नाली के विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने सुमन को पीट दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आईं। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल महिला ने थाने में पड़ोसी दबंग के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# कोई मान रहा बजट हितकारी तो विपक्ष मान रहा किसान विरोधी

**कौशाम्बी। केंद्र सरकार ने देश के सामने आम बजट पेश कर दिया है। इस बजट में सरकार ने महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों पर खासा फोकस किया है और इन वर्गों के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए हैं। आम बजट 2023 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो आम बजट पेश किया है। विपक्ष इस बजट को किसान, नौजवान विरोधी बता रहा है।**



भाजपा अपने बजट का दशक पूरा कर रही है पर जब जनता को पहले कुछ न दिया तो अब क्या देगी। भाजपाई बजट महंगाई व बेरोजगारी को और बढ़ाता है। किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं निराशा बढ़ती है क्योंकि ये चंद बड़े लोगों को ही लाभ पहुंचाने के लिए बनता है।

**-पूजा पाल, विधायक-चायल**



केंद्र सरकार द्वारा जो बजट लाया गया है वह मध्यम वर्गीय परिवार को राहत देने वाला है। सरकार ने सात लाख रुपए तक की आय पर आयकर की छूट देकर मध्यम वर्गीय लोगों को राहत देने का काम किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों से जीएसटी कम की गई है। यह बजट देश के लोगों के हित में है। प्रधानमंत्री व वित्तमंत्री द्वारा लाया गया बजट सराहनीय है।

**-अनीता त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा, कौशाम्बी।**



किसानो की आय दुगुनी करने के केंद्र सरकार के दावे की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में कोई अतिरिक्त धन का आवंटन नहीं किया और न ही किसानो की खुशहाली और कल्याण के लिए बजट में कोई खास योजना या नीति बनाई गई है। बजट पूरी तरह से किसान विरोधी है।

**-अजय सोनी, किसान नेता, समर्थ किसान पार्टी**

## मादक पदार्थ की बिक्री पर बेपरवाह प्रशासन

**हाल संदीपन घाट थाना क्षेत्र का, धड़ल्ले से चल रहा गोरख धंधा**

**चरवा, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। वह बात अलग कि प्रशासन के जिम्मेदार इस ओर अनदेखी भरी निगाहों से देख रहे हैं। शायद यही वजह है कि इस धंधे लिप्त लोग दिन दूना रात चैगुना की तर्ज पर कमाई भी करते हैं। संदीपन घाट थाना अंतर्गत मूरतगंज चैकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित भांग के ठेका से अवैध मादक पदार्थ गांजा बेधड़क होकर बेचा जा रहा है। हालांकि बेधड़क चल रहे इस गोरख धंधे को देख कोई भी बुद्धिजीवी यह कहने के लिए विवश हो जाएगा कि कहीं इस अवैध धंधे के पीछे पुलिसिया मिली भगत तो नहीं हैं। भांग की दुकान से मादक पदार्थ के बिकने का सिलसिला लगातार जारी है। हालांकि इस ओर आबकारी विभाग की भी नजर जाती नहीं दिख रही है। शायद यही वजह है कि भांग की दुकान से खुले आम गांजा की बिक्री हो रही है। हालांकि लोगों ने इस ओर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# पर्यावरणीय समिति, गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की हुई बैठक

**बैठक**

**जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण के लिए समय से भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये**

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट के उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला पर्यावरणीय समिति, गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की मासिक बैठक की गई।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा पौधारोपण वर्ष-2023-2024 के तहत वन विभाग को 08 लाख पौधारोपण के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण के लिए समय से भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि 02 फरवरी 2023 को वेटलैण्ड दिवस मनाया जायेंगा तथा गांगेय डाल्फिन के संरक्षण के सम्बन्ध में जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेंगा। जिलाधिकारी ने गंगा समिति को गंगा पर्यटन के दृष्टिगत प्रतिदिन गंगा आरती, गंगा महोत्सव, नये घाटों का निर्माण, नौकायन एवं पुराने घाटां का जीर्णोद्धार आदि कार्य कराये जाने के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने क निर्देश दियें। उन्होंने ईओ दारानगर-कड़ाधाम को गंगा नदी में गिर रहें नालों का चिन्हीकरण कर उसका फाईटोरिमेडिएशन विधि द्वारा शोधन किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने गंगा समिति से कहा कि गंगा नदी के किनारे पर्यटन के दृष्टिगत क्या-क्या कार्य किये जा सकतें हैं, इसकी भी विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने सभी ईओ से कहा कि एआरटीओ से समन्वय कर स्कूल एवं हास्पिटल के बाहर साइलेंस जोन की स्थापना एवं गति सीमा आदि साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश दियें। उन्होंने गंगा आरती को भव्य तरीके से आयोजित कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने जनपद में ई-वेस्ट कलेक्शन सेन्टर स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारीगण एवं समाज सेवी विनय पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।



अफसरों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

# भूमाफिया से आजिज पीड़ित ने अफसरों से मांगा न्याय

**न्याय की मांग**

**कौशाम्बी कोतवाली में दिया तहरीर, उच्चाधिकारियों को भेजा पत्र**

**कनैली, कौशाम्बी।** जिले में अभी भी भू माफियाओं का बोलबाला देखा जा रहा है। लगातार आवासीय प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार सीधा साधा आदमी हो रहा है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया। खुशी केसरवानी पुत्र मक्खन लाल केशरवानी निवासी लाठी मोहल्ला मूरतगंज ने अर्चना मिश्रा पत्नी अनिल कुमार मिश्रा निवासी कैलाशपुर, महिला घाट, को उदहिन रोड के समीप पक्की सड़क पर जमीन बताकर रजिस्ट्री में पीछे का नंबर लिखवा दिया था। जबकि रजिस्ट्री में उसने चैहद्दी में दक्षिण दिशा में पक्की सड़क उदहिन लिखाया है। पीड़िता अफसरों को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि रजिस्ट्री में जो नक्शा बनाया गया है उस नक्शे में भी दक्षिण दिशा में पक्की सड़क उदहिन बनी हुई है। साथ ही साथ रजिस्ट्री में यह भी लिखा गया है कि बीच रोड से 25 फीट छोड़कर प्लाट बेचा जा रहा है, इतना ही नहीं आवासीय प्लाट की रजिस्ट्री कराते समय क्रेता अर्चना मिश्रा ने पक्की सड़क पर जमीन होने का स्टांप अदा किया है जो सरकारी कोष में जमा हुआ है। इन सब के बावजूद भी खुशी केसरवानी अर्चना मिश्रा जो कि अब दिवंगत हो चुकी है और उनकी तीनों नाबालिंग बेटियों के नाम जमीन उतर चुकी है, उसके बाद भी पक्की सड़क पर प्लाट नहीं दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि आपका नंबर 1130 है जो रोड पर ना होकर पीछे है, जबकि रजिस्ट्री करते समय खुशी केसरवानी ने क्रेता अर्चना मिश्रा को यही बताया था कि पक्की सड़क पर यह मेरी जमीन है और इसी का गाटा संख्या 1130 है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि खुशी केसरवानी और वसीम दोनों मूरतगंज के निवासी हैं और एक साथ पार्टनरशिप में प्लाटिंग का काम करते हैं। इस प्लाट में दोनों ने जानबूझकर जालसाजी के तहत फ्रॉड किया है क्योंकि पिछले 6 साल से वसीम लगातार क्रेता स्वर्गीय अर्चना मिश्रा पत्नी अनिल कुमार मिश्रा के पति अनिल कुमार मिश्रा को लगातार आश्वासन दे रहे थे कि हमसे गलती हुई है हम टिटिम्मा कराते हुए आपको जमीन 1123 पर ही देंगे जो कि रोड पर है। लेकिन 6 साल के ऊपर बीत जाने के बाद भी उन्होंने पक्की सड़क पर कब्जा तो दे दिया लेकिन रजिस्ट्री नहीं कर रहे हैं न 1130 से 1123 में टिटिम्मा करवा रहे हैं जबकि क्रेता ने तीन लाख 61 हजार का लोन स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा सराय अकिल से 14.60 परसेंट की ब्याज दर पर लोन लेकर जमीन खरीदी थी, जिसकी किश्त क्रेता ने 5 साल भरी और इन 5 सालों में मूलधन के अलावा ब्याज भी दिया। थक हार कर अनिल कुमार मिश्रा ने कौशाम्बी कोतवाली में खुशी और वसीम के नाम जानबूझकर धोखाधड़ी करने की शिकायत किया है। इतना ही नहीं उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र ऑनलाइन करते न्याय की गुहार लगाई है।

### किसानों की समस्याओं को गंभीरता से ले प्रशासन : मिश्र

**कौशाम्बी।** ब्लॉक कौशाम्बी परिसर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की बैठक हुई। इसकी अध्यक्ष करते हुए संगठन के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नमो मिश्र ने कहा कि प्रशासन किसानों की समस्याओं को गंभीरता से ले और समस्याओं का समाधान भी करे। अन्यथा सड़क पर उतरने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि बिजली का बिल मनमाने तरीके से भेजा जा रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी बिल की गड़बड़ी दूर नहीं कराई जा रही है। पात्रों को पेंशन, किसान सम्मान निधि, आवास, शौचालय आदि योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है। कहा कि पात्रों को योजनाओं से वंचित किया गया तो अधिकारों की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मानसिंह , उपाध्यक्ष कल्लू, ब्लॉक उपाध्यक्ष राम छाया आदि मौजूद रहे।

# पैसे के लेन देन में विवाद सिपाही पर भी प्रहार

**विवाद**

**करनपुर के सौंरई बाजार में हुई घटना, केस दर्ज**

**किसी मामले से नाराज भाजपा के बेटो ने विकास नाम सिपाही के सिर पर चोट दे दी**

**सिराथू,कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के करनपुर सौंरई बाजार में बुधवार को भाजपा नेता के लड़कों व दुकानदार से पैसे के लेन देन को लेकर विवाद हो गया। हालांकि कहा जा रहा है कि बीच बचाव करने पहुंचे सिपाहियों पर भी हमला किया गया। जानकारी होने पर सिराथू सीओ के.जी सिंह मौके पर पहुंचे थे। उधर पुलिस आरोपी भाजपा नेता के लड़कों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

बता दें कि भाजपा नेता ओम प्रकाश पासी के दो बेटे करनपुर सौंरई बाजार गए थे। इस दौरान फल बिक्रेता से पैसे के लेन देने को लेकर विवाद शुरू हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले में समझौता कराना चाह रही थी, किसी मामले से नाराज भाजपा के बेटो ने विकास नाम सिपाही के सिर पर चोट दे दी। गहरी चोट लगने पर सिपाही को आनन फानन नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# वन्दना मल्टीस्पेशलिट हास्पिटल का हुआ उद्घाटन

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू के धाता रोड में नवनिर्मित वंदना मल्टीस्पेशलिट हास्पिटल का बुधवार को डिप्टी सीएम केशवप्रसाद मौर्य के बडे भाई सुखलाल मौर्य ने फीता काटकर उद्घाट किया है।

वंदना हास्पिटल के 10वीं वर्षगांठ पर न्यू वंदना मल्टीस्पेशलिट हास्पिटल का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम केशवप्रसाद के बडेभाई सुखलाल मौर्य ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बताया गया कि अत्याधुनिक हास्पिटलो की बडी कमी है, जिसके देखते हुए डां राहुल केशरवानी ने सिराथू क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए इस अस्पातल का निर्माण कराया। जिससे जो लोग बडी गंभीर बीमारी या आपरेशन के लिए प्रयागराज जाते थे अब उन्हें यह सुविधा कौशांबी जिले के सिराथू मे प्राप्त होगी।



फीता काटकर अस्पताल का उद्घाटन करते सुखलाल मौर्य

## ट्रेन की चपेट में आए किसान की मौत

**चरवा, कौशाम्बी।** स्थानीय कोतवाली इलाके के कूड़ा पुर गांव का युवक बुधवार को अमरूद्ध की बागवानी करने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह रेलवे लाइन पार करने लगा, इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया। जब तक उसे इलाज के लिए ले जाते तब तक उसकी मौत हो गई। कूड़ापुर गांव निवासी शीबू कान्त पुत्र शिव अवतार सोनकर (30) बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे अमरूद की बाग की तरफ जा रहा था। प्राथमिक विद्यालय सैय्यद सरावां के सामने से रेलवे लाइन पार करते समय अचानक ट्रेन आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई है। परिजनों को जानकारी हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची चरवा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।

# किसानों की समस्यायों को लेकर आंदोलन करेगी सकिपा : सोनी

**बैठक**

**अजय सोनी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के ग्राम या कस्बे में बैठक होनी चाहिए**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक बुधवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के नेता अजय सोनी ने की। बैठक में पार्टी के जिला स्तरीय तमाम कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अजय सोनी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकताओं के ग्राम या कस्बे में बैठक होनी चाहिए। इससे कार्यकताओं के संपर्क में आने वाले लोग भी पार्टी में शामिल होंगे। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि कौशांबी जनपद में किसानो का भारी शोषण हो रहा है। किसानो की कही भी सुनाई नही हो रही है। किसान परेशान हैं। इसे कत्तई बर्दाश्त नही किया जायेगा और जल्द ही समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे किसानो की समस्यायों को लेकर जिला स्तरीय आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी ने जल्द ही गांव गांव जाकर किसानो से संपर्क करने का निर्णय लिया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम चंद्र केसरवानी, जिलाध्यक्ष जयलाल चैधरी, जिला उपाध्यक्ष सुरजीत वर्मा, जिला जिला महासचिव शैलेंद्र मिश्रा, जिला सचिव फूलचंद्र लोधी, आर डी गर्ग, घसीटे सरोज आदि मौजूद रहे।




बैठक करते साकिपा के पदाधिकारी

### नशे में टुल कर्मियों के भरोसे इलाके की सफाई व्यवस्था

**चायल,कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के कस्बा चायल में तैनात सफाई नायक पूरी तरह से बेलगाम हो गए हैं। ग्रामीणों की मानें तो यह नगर में सफाई नहीं बल्कि कस्बा में शराब पीकर गपशप करते हैं। इसके पीछे वजह अफसरों की अनदेखी है। नगर पंचायत चायल के कई वार्डो में तैनात सफाई कर्मी बिना वार्ड की सफाई किए प्रतिमाह वेतन ले रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी बिना कार्य किए वेतन लेने वाले सफाई कर्मियों के ऊपर कार्यवाही नही करते। कस्बे में आकर सफाई बल्कि शराब के नशे में टुल्ली रहते हैं इससे सफाई व्यवस्था चैपट हो रही है। इस कारनामों की कोई शिकायत भी करेगा तो इसे कोई फर्क नहीं पड़ता है यही वजह है की चायल कस्बा के कई वार्डो की नालियां गंदगी से भरी पटी है। गंदा पानी सड़क के ऊपर से बहता है। वहीं अफसर लापरवाह सफाई कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही करते नहीं देखे जा रहे हैं, शायद यही वजह है कि ऐसे कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं।

## संक्षेप

### हैण्डपम्प रिबोर के नाम पर अनियमितता की शिकायत

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के सुजाखर गांव में हैण्डपम्प रिबोर में वित्तीय अनियमितता की शिकायत दर्ज करायी गयी है। गांव के चंद्र प्रकाश वर्मा ने डीएम तथा मुख्यमंत्री को भेजे गये शिकायती पत्र में कहा है कि गांव में हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर के नाम पर सरकारी धन का गोलमाल किया गया है। आरोप है कि लगभग दस हैण्डपम्प की मरम्मत व रिबोर के नाम पर विभिन्न तारीखों में फर्जी कार्य दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि कई बार इस अनियमितता की शिकायत समाधान दिवस में भी की गयी किंतु अफसरों ने जांच के नाम पर गोलमोल आख्या भेजकर मामले में लीपापोती का प्रयास किया है।

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

### अनुपस्थित डाक्टर का वेतन काटने का दिया निर्देश



बैठक की अध्यक्षता करते हुए



मरीजों से जानकारी लेते डा0 देवेन्द्र शर्मा

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा0 देवेन्द्र शर्मा ने बुधवार को जिला चिकित्सालय में पीकू वार्ड एवं ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। भर्ती मरीजों से सुविधा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। एनआरसी के निरीक्षण के दौरान डा0 अंकुर अनुपस्थित पाये गये। अध्यक्ष के बुलाने के बावजूद वह नही आये। अध्यक्ष ने डा0 अंकुर के एक दिन का वेतन काटने का निर्देश सीएमएस को दिया। उन्होने प्राथमिक विद्यालय राजगढ़, आंगनबाड़ी केन्द्र राजगढ़, एवं विकास खण्ड शिवगढ़ के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय तौकलपुर का निरीक्षण किया। विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से एवं स्टाफ से अध्ययन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कस्तूरबा गांधी में अध्ययनरत छात्राओं के साथ भोजन किया एवं भोजन की गुणवत्ता को परखा। विकास भवन सभागार में प्रदेश सरकार द्वारा बालक बालिकाओं के हित में चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र बालक बालिकाओं तक पहुँचाने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश सरकार के द्वारा बालक बालिकाओं के कल्याण के उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही है। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये प्रत्येक पात्र को लाभ पहुंचाया जाय। उन्होने अधिकारियों से कहा कि उनके द्वारा एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर तंबाकू के सेवन से होने वाली हानियों को लोकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। अधिक से अधिक लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाली हानियों के सम्बन्ध में जागरूक बनाया जाये। इसके अलावां विद्यालय के आस पास कोई भी पान, बीड़ी, तंबाकू आदि की दुकान का संचालन न हो। 18 साल से कम आयु के व्यक्तियों को शराब का विक्रय न किया जाये।आबकारी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाया जाये। अध्यक्ष ने अधिकारियों को अन्य कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, भाजपा जिलाध्यक्ष, मेडिकल प्राचार्य डा0 सलिल श्रीवास्तव सहित समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### युवक की हत्या मे तीन नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं मे केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के भुड़हा गांव मे युवक की हत्या को लेकर पुलिस ने मंगलवार की देर रात तीन नामजद तथा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या एवं शव छिपाये जाने तथा आपराधिक षडयंत्र को लेकर केस दर्ज किया है। भुड़हा गांव मे बीते रविवार की शाम गांव का युवक लालजी पाल 21 घर से निकला। देर रात जब वह वापस नही लौटा तो परिजन परेशान हो उठे। दूसरे दिन सोमवार को लालजी का शव कुछ ही दूर पर स्थित पम्पिंग सेट के समीप कुंए मे लटकाया गया मिला। सूचना मिलने पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। पीएम रिर्पोट आने के बाद युवक के शव पर धारदार हथियार से चोट लगने के कारण उसकी मौत की चिकित्सीय पुष्टि हुई। हालांकि मृतक के परिजन शव मिलने के बाद से ही हत्या की बात कर रहे थे। पुलिस जरूर युवक की मौत को लेकर दो दिनों तक हत्या व आत्महत्या की गुत्थी मे उलझी हुई देखी गयी। पीएम रिर्पोट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हुआ तो पुलिस के भी कान खड़े हो गये। घटना को लेकर मृतक के भाई बालकिशन पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी मां एवं भाई लालजी घर पर ही रहता था। तहरीर मे कहा गया है कि मृतक लालजी गांव के ही मधई वर्मा के घर पर आया जाया करता था। घटना के दिन मृतक शाम मोबाइल पर बात करते हुए घर से निकला किंतु वापस नही लौटा। देर रात मृतक का मोबाइल भी बंद हो गया। खोजबीन करते समय दूसरे दिन मृतक का शव कुएं मे बरामद हुआ। तहरीर मे कहा गया है कि मृतक के मोबाइल पर मधई की पत्नी सुनीता वर्मा उर्फ रंगीला ने मौत के पहले कई बार बात की थी। आरोप है कि सुनीता ने मृतक को घर से बुलवाया। घटनास्थल पर सुनीता के साथ पहले से मौजूद मधई तथा गया दीन वर्मा के पुत्र राजन वर्मा और कुछ अज्ञात लोगों ने उसके भाई की हत्या कर दी और शव को छिपाने के लिए खेत मे स्थित कुएं मे फेंक दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुनीता समेत तीन नामजद तथा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मंगलवार की रात केस दर्ज किया है। सांगीपुर प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह का कहना है कि हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है, शीघ्र ही आरोपियो को हिरासत मे लेकर जेल भेजा जाएगा। वहीं सूत्रों के मुताबिक पुलिस घटना को लेकर आरोपी महिला समेत कुछ संदिग्धो से पूछताछ मे जुटी हुई है। घटना अभी प्रथम द्दष्टया आशनाई पर ही केन्द्रित नजर आ रही है। सांगीपुर पुलिस भी संदिग्धो से पूछताछ को लेकर घटना के लगभग खुलासे की ओर बतायी जा रही है। वहीं घटना को लेकर संदिग्धो तक पकड बनाने को लेकर पुलिस अंदर ही अंदर राहत मे भी देखी जा रही है। वहीं परिवार में लालजी की मौत को लेकर कोहराम मचा हुआ है। परिवार के सदस्य अगले मार्च में तय लालजी की शादी को लेकर जोर शोर से तैयारियों मे जुटे थे। अचानक लालजी की मौत से शादी की तैयारियों को लेकर परिवार मे बना खुशनुमा माहौल मातम मे बदल गया है।

# डीएम के निर्देश पर हटाई गई होर्डिंग्स



होर्डिंग्स हटाते कर्मचारी

**प्रतापगढ़।** शहर को साफ-सुथरा बनाये रखने के लिए डीएम डॉ. नितिन बंसल के निर्देश पर बुधवार को नगरपालिका कर्मचारियों ने शहर के चैराहे-तिराहों पर लगी बड़ी-बड़ी होर्डिंग्स हटवा दी। दरअसल शहर के अधिकतर चैराहे-तिराहों पर लोगों ने अनाधिकृत तरीके से होर्डिंग्स लगा रखी है। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। चैराहे-तिराहों पर होर्डिंग्स लगवाने के लिए पालिका प्रशासन से अनुमति भी नहीं ली जाती। ऐसे में डीएम के निर्देश पर पालिका के आरआई लालबहादुर, राजेश बिंद व सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने दहिलामऊ के टंडन चैराहे से भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा तक लगाई गई होर्डिंग्स उतारकर जब्त कर ली। आरआई ने बताया कि होर्डिंग्स उतारने का अभियान लगातार चलेगा।

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, महिला की मौत

**प्रतापगढ़।** सामाजिक समारोह में शामिल होकर आधीरात कार से घर लौट रहे युवक की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार में सवार महिला की मौत हो गई और पति गंभीर घायल हो गया। साथ रही मासूम बेटी बाल-बाल बच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के नहर कोठी नवाबगंज गांव निवासी शान मोहम्मद (35) अपनी पत्नी फरीदा उर्फ बेबी, छह वर्षीय बेटी के साथ कुंडा के शेखपुर आशिक गांव में आयोजित सामाजिक समारोह में शामिल होने गए थे। बीती रात करीब 11 बजे घर लौटते समय जैसे ही वह लोग नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरियावां मोड़ पर हाईवे पर पहुंचे। अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। फरीदा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शान मोहम्मद गंभीर रूप से घायल है। कार में पीछे सो रही छह वर्षीय बेटी बाल बाल बच गई। पुलिस पहुंची तो सभी को सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टरो ने फरीदा को मृत घोषित कर दिया। महिला के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

# स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत डोर टू डोर शुरू हुआ कूड़ा एकत्रीकरण मिशन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत शासन के फरमान पर बुधवार को स्थानीय नगर पंचायत के वार्डो मे डोर टू डोर कूडा एकत्रीकरण अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ दीवानी वार्ड मे नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी पदमजा मिश्रा ने किया। ईओ ने स्वच्छताकर्मियो से कहा कि बुधवार से शुरू इस अभियान के प्रथम चरण मे पन्द्रह फरवरी तक आईईसी की गतिविधियों के तहत जनता को दुर्गन्धमुक्त वातावरण तथा चिकनगुनिया व डेंगू, मलेरिया आदि जनित रोगों से बचाव की जागरूकता दी जानी चाहिए। ईओ ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण मे मण्डल मे दो बार अव्वल स्थान का कीर्तिमान बनाने वाली नगर पंचायत को जनता के सहयोग से फिर अव्वल बनाए रखने का संकल्प पूरा किया जाएगा। उन्होनें यह भी बताया कि द्वितीय चरण में दस फरवरी से तीन मार्च जागरूकता का डोर टू डोर कैम्पेन कर व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं उन्होने बताया कि चार मार्च से इक्तीस मार्च तक व्यवसायिक प्रतिष्ठानो के प्रति अभियान मे सहयोग न करने पर नगर पंचायत कार्यवाही अभियान भी शुरू करेगा। अभियान को लेकर स्वच्छताकर्मियों को पहले दिन दीवानी वार्ड तथा नेताजीपुरम वार्ड में विशेष स्वच्छता के कार्य भी सम्पन्न करते देखा गया। वहीं स्वच्छताकर्मियो ने लोगों को कूड़ा संग्रह के लिए दी गयी डस्टबिन के उपयोग को लेकर जागरूक भी किया। इस मौके पर विकास तिवारी, अरविंद मिश्र, अनिकेत दुबे, रोहित मिश्र, आशीष सिंह आदि रहे।

### डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण अभियान में स्वच्छता बनाये रखने की दी जानकारी



लालगंज नगर में डोर टू डोर स्वच्छता अभियान का हुआ शुभारंभ

**प्रतापगढ़।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत बुधवार को लालगंज नगर पंचायत के वार्डों में डोर टू डोर कूडा एकत्रीकरण अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ दीवानी वार्ड में अधिशाषी अधिकारी पदमजा मिश्रा ने किया। ईओ ने बताया बुधवार से शुरू अभियान का प्रथम चरण पन्द्रह फरवरी तक चलेगा। इसमें आईईसी की गतिविधियों के तहत जनता को दुर्गन्धमुक्त वातावरण, चिकनगुनिया, डेंगू, मलेरिया आदि जनित रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। ईओ ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में मण्डल में दो बार अव्वल स्थान पाने वाली नगर पंचायत को जनता के सहयोग से फिर अव्वल बनाए रखने का संकल्प पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में दस फरवरी से तीन मार्च के बीच डोर टू डोर कैम्पेन कर व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद चार मार्च से इक्तीस मार्च तक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रति अभियान में सहयोग न करने पर नगर पंचायत कार्यवाही अभियान शुरू करेगा। स्वच्छता कर्मियों ने दीवानी वार्ड तथा नेताजीपुरम वार्ड में लोगों को कूड़ा संग्रह के लिए दी गयी डस्टबिन के उपयोग को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर विकास तिवारी, अरविंद मिश्र, अनिकेत दुबे, रोहित मिश्र, आशीष सिंह आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा ने बजट को बताया जनता के साथ छलावा

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय बजट को कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने देश की जनता के लिए इस बजट को पूरी तरह से निराशाजनक करार दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी व सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि केन्द्रीय सरकार का यह बजट मोदी सरकार की नौ साल की भारतीय अर्थव्यवस्था की बबार्दी और तबाही का गवाह है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के 2014 मे देश की जनता के साथ किये गये वायदे और उनकी सरकार के पूर्णकालिक अंतिम बजट की घोषणाओं को देखा जाय तो इसमे कहीं भी दो करोड प्रति वर्ष की नौकरियों का प्राविधान दूर दूर तक नजर नही आता। केन्द्रीय बजट मे सीमान्त, लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के कोई ठोस प्रस्ताव नहीं है। सर्वाधिक चिंताजनक किसानों की





न्यूनतम समर्थन मूल्य का भी प्राविधान न होने को अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। श्री तिवारी ने कहा कि मंहगाई कम करने के लिए बजट मे ह्वमह्ल शब्द का भी जिक्र नहीं है। सांसद ने सात लाख तक के इनकम टैक्स की मांफी को भी टैक्स पेयर्स के साथ धोखा बताया है। सरकार ने इस झुनझुने की आड़ मे एक हाथ से दिया तो दूसरे हाथ से ले भी लिया। आटा, तथा दाल सहित कमजोर एवं मध्यम वर्ग की जरूरत से जुडे आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ा दिये गये। मंहगाई और बिगडती अर्थव्यवस्था के बीच जनता को कहीं से भी राहत न देने वाले इस बजट ने साबित कर दिया है कि एक गलत सरकार चुनने का खामियाजा देश भुगत रहा है। श्री तिवारी एवं विधायक मोना का बजट पर बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ।

### संदिग्ध परिस्थितियों मे महिला की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों मे महिला की मौत से परिजनो मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के भवराम बोझी गांव में दीपचंद्र वर्मा की पत्नी प्रभावती 22 की बुधवार की तडके अचानक सांसे थम गयी। प्रभावती की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे दो वर्ष का पुत्र आकाश तथा एक वर्ष की मासूम बेटी निराश्रित छोड गयी है। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक परिवार मे हाल ही मे मांगलिक कार्यक्रम था। इसके कारण रिश्तेदारो की भी भीड घर मे हो गयी। घटना की रात मृतका जमीन मे ही बिस्तर पर लेटी थी। देर रात ठण्ड लगने से उसकी तबीयत खराब हुई तो परिजन उसे लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। इधर ट्रामा सेंटर मे चिकित्सको ने प्रभावती को देखते ही मृत घोषित कर दिया। प्रभावती अनुसूचित जाति की थी। पांच वर्ष पूर्व गांव के ही दीपचंद्र के साथ उसका लवमैरिज हुआ था। घटना की जानकारी पर मृतका के मायके के लोग भी पहुंचे और मौत पर संदेह जताने लगे। मायके के लोगों की सूचना पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया।

# विद्युत उपभोक्ता पखवाड़े में समस्याओं का होगा निदान

**प्रतापगढ़।** ऊर्जा मंत्री एवं पावर कारपोरेशन प्रबंधन के निर्देश पर विद्युत उपभोक्ता की पहचान व समाधान पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। जिसके तहत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जिसमें भुगतान न होने पर विद्युत विच्छेदन के पूर्व जानकारी, बिल के संबंध में जानकारी, बिल भुगतान में सुविधा के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावां शिकायतों का त्वरित निस्तारण, विभागीय योजनाओं तथा कैंपों की जानकारी व विद्युत बाधित होने की जानकारी सहित अन्य जानकारियां दी जाएगी। बुधवार को गांव में केवाईसी के लिए पट्टी विद्युत उपखंड अधिकारी एसबी प्रसाद एवं अवर अभियंता जयराज राजपूत के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीमों को रवाना किया गया। जिसमें 1 फरवरी को पट्टी टाउन व ग्रामीणांचलों के साथ ही उड़ैयाडीह विद्युत सबस्टेशन के गांव सहित तमाम गांवों में केवाईसी की जानकारी घर-घर जाकर दी जाएगी। इस संबंध में उड़ैयाडीह विद्युत पावर हाउस के अवर अभियंता जयराज राजपूत ने बताया कि यह अभियान 1 फरवरी से 15 फरवरी तक चलेगा।



समस्याओं को निदान करते हुए

### आज सीएचसी मे लगेगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सीएचसी परिसर मे आज दो फरवरी गुरूवार को प्रातः दस बजे से मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित बीमारियों का जिला मुख्यालय से मानसिक रोग विशेषज्ञो द्वारा निशुल्क इलाज किया जाएगा। उक्त जानकारी चिकित्साधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने दी है।

# परिवार में राधाकृष्ण जैसा प्रेम होना चाहिए

**कथा**

### पिपरी खालसा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बोले राजेश्वर जी महाराज



कथा सुनने को उमड़ी भक्तों की भीड़ व कथा कहते राजेश्वर जी महाराज

**रखहा, प्रतापगढ़ ।** परिवार में राधाकृष्ण जैसा प्रेम होना चाहिए जिससे परिवार की एकता सदैव बनी रहे । यह बातें बाबा बेलखरनाथ धाम के पिपरी खालसा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन राजेश्वर जी महाराज ने राधा कृष्ण विवाह के प्रसंग पर कहीं। उन्होंने आगे कहा कि आज समाज में एकता तथा परिवार में सामंजस्य की जो खाई पैदा हुई है उसे हम राधाकृष्ण जैसा प्रेम प्रकट कर दूर कर सकते हैं । राजेश्वर जी महाराज ने आगे कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हमें ज्ञान का संदेश ही नहीं देती बल्कि वह समाज परिवार के साथ देश की अखंडता का भी परिचय कराती है इसलिए हमें श्रीमद् भागवत कथा अनुश्रवण के बाद अपने अंदर उसका पालन करने की सीख पैदा करनी होगी, तभी हम कथा श्रवण का लाभ उठा सकते हैं । आज की कथा में उन्होंने राधा कृष्ण के अथाह प्रेम के साथ गोपियों की कृष्ण के प्रति श्रद्धा का भी परिचय कराया। कथा के मुख्य यजमान अनंतराम मिश्र एवं बसन्त मिश्र ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व प्राचार्य दुर्गा प्रसाद शुक्ला, अंबिका मिश्र, विश्वनाथ मिश्र, कपिल मिश्र, रजनीश, अंबेश, शेषमणि, धर्मराज आदि मौजूद रहे।

### मारपीट की घटना मे मूकदर्शक पुलिस, उच्चाधिकारियों से गुहार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना में पीड़ित की शिकायत के बावजूद पुलिस पर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई न किये जाने का आरोप लगा है। महेशगंज थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा मजरे सराय खानदेव निवासी विनोद कुमार यादव पुत्र राम नारायण बीते सोमवार को अपनी ससुराल जाने के लिए घर से निकला। पीडित का कहना है कि रास्ते मे लालगंज कोतवाली के ढिंगौसी पेट्रोल पंप के पास उसके गांव के ही लल्लन सरोज ने अपने तीन चार अज्ञात साथियों के साथ उसे रोक लिया और मारापीटा। पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे यह भी कहा है कि आरोपियो के द्वारा हमले मे चोट अधिक लगने के कारण वह बेहोश हो गया। पीडित ने होश मे आने के बाद दवा इलाज कराकर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटना के बाबत तहरीर दी। पीडित का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद पुलिस उसे जांचकर कार्रवाई का आश्वासन दे रही है। तीन दिन बाद भी पीडित के कोतवाली मे लगातार चक्कर लगाने के बावजूद अभी तक उसकी रिर्पोट दर्ज नही हो सकी है। इसे लेकर पीडित ने उच्चाधिकारियों से भी इंसाफ की गुहार की है।

# युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




सम्मानित बच्चे

**प्रतापगढ़।** नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जे. टी. यस स्कूल लोहंगपुर बिहारगंज में 31 जनवरी से 01 फरवरी तक आयोजित किया गया समापन के शुभ अवसर पर उप निदेशक महोदय श्री समर बहादुर सिंह के द्वारा युवाओं का उत्साह वर्धन किया गया और बताया गया हर युवा को खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहिए इससे बच्चो के हुनर की पहचान की जा सके और नेहरू युवा केंद्र की योजनाओं के बारे में संछिप्त जानकारी दी गई और यह भी बताया गया सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन भी पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर,जिला स्तर पर आयोजन किया जा रहा है जिसमे विभिन्न खेल कूद का आयोजन किया जा रहा है जैसे दौड़, कबड्डी, वालीबाल कुश्ती,और अन्य खेल का आयोजन किया जा रहा है सभी अपना अपना पंजीकरण कराए कार्यक्रम का संचालन लेखा एवं कार्यक्रम सहायक श्री विनय कुमार मिश्र द्वारा किया गया जिसमे 16 सौ मीटर में प्रथम अमन सरोज,दूसरा अभय दीप, तृतीय सकील अहमद,400,100 मीटर आयुष यादव, अभू हमजा,युराज यादव,स्नेहा पाल,साजिदा बानो अर्पिता कबड्डी विजेता लोहंगपुर,उपविजेता जनता इंटर कॉलेज रही वालीवल विजेता जनता टेक्निकल उपविजेता कुश्ती आलोक रंजन प्रथम, अभय दीप दूसरा, शिवम वर्मा,48 किलो ग्राम 55 किलोग्राम में करन कुमार प्रथम, दूसरा आयुष राजन तीसरा स्थान रहा सभी बच्चो को टीशर्ट,मेडल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव प्राचार्य श्री जय बहादुर सिंह, राम कुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक, राधे श्याम मिश्रा, प्रिया, आदित्य सिंह,संतोष मिश्र, अश्वनी पांडेय ,ऋषि राज सिंह,ममता, इसिता, मानसी सिंह और अन्य युवा मंडल महिला मंडल के युवाओं ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया।


## जनसंपादकीय

# बड़ा ध्वाखा हुइगा : रमई काका

भारतेंदु मिश्र



जहां तक याद आता है सन 1977 में मार्च की बात रही होगी हिन्दी विभाग में चंद्रभूषण त्रिवेदी 'रमई काका' जी को हमारी बीए की कक्षा में काव्यपाठ के लिए आमंत्रित किया गया था। गुरुवर डॉ.सूर्यप्रसाद दीक्षित जी उन्हें कक्षा में लेकर आये थे। मेरे लिए उनका कविता पाठ सुनने और उनसे संवाद करने का वह पहला और अंतिम मौका था। मैं उनके लिए अपरिचित भीड़ का एक युवा चेहरा था। मेरे लिए रमई काका आयु में मेरे पितामह जैसे और अवधी के बहुत बड़े कवि थे लेकिन लगा कि वे अधिक चीन्हे पहचाने थे, क्योंकि, ध्वाखा हुइगा, अवस्थी कै बरात, दानी किसान, लछिमिनिया कजरी तीज रही, बड़प्पन, बुढऊ केर बिहाव जैसी उनकी अनेक कविताओं के अंश तब मुझे याद थे। घर में उनकी फुहार, बौछार जैसी पुस्तकें पहले से ही उपलब्ध थीं जिन्हें हम अक्सर चौपाल में परिवारी जनों, किसानों और दोस्तों को सुनाया करते थे रेडियो पर उनका नाटक सीरिअल ह्यबहिरे बाबाह्ल बहुत



मशहूर हो चुका था। पढ़ीस जी के बाद लम्बे समय तक आकाशवाणी लखनऊ से जुड़े रहने वाले अवधी कवि नाटककार रमई काका बहुत सुने पढ़े जाने वाले साहित्यकार थे। उनकी ख्याति पूरी हिन्दी पट्टी के गाँवों तक फैली हुई थी । उनके नाटक घर में किसानों के चौपालों में लगातार सुने जाते थे। पढ़े लिखे ही नहीं अनपढ़ ग्रामीण स्त्री पुरुष बच्चे सभी रमई काका की कविताई और संवाद याद किये घूमते थे । वह आकाशवाणी और प्रिंट मीडिया का स्वर्ण काल था। दूरदर्शन अभी आम जन तक नही पहुंचा था।

एक दिन रमई काका जी के आगमन की सूचना हिन्दी विभाग के सूचनापट पर पढ़कर सहपाठी भाई सुशील सिद्धार्थ के साथ मैं दीक्षित जी से मिला और जिस दिन उन्हें आना था उसदिन काका जी के स्वागत में कुछ पंक्तियों की टूटी फूटी तुकबन्दी तैयार की । दीक्षित जी उस कार्यक्रम के संयोजक थे तो उनसे वह स्वागत गान प्रस्तुत करने की अनुमति ली। 'काका के चरनन का प्रणाम' जैसी कुछ पंक्तियाँ थीं। होश संभालने के बाद से लेकर अब तक जिन्हें पढ़ता आया था और गाँव जवार की चौपाल में जिनकी कविताओं को लेकर बतकही सुनते हुए बड़ा हुआ था वह जन कवि रमई काका आज मेरे सामने थे ।एकदम निर्विशेष बहुत सहज, बहुत सामान्य बिना कलफ किया सफेद कुर्ता और पायजामा पैरों में चप्पल या शायद सैंडिल रही हो। इसी रूप में उन्हें पहली बार हिन्दी विभाग के 14 नंबर हाल में देखा था । कुछ कविताएं उन्होंने सुनाई, कविता क्या होती है ,अवधी में वे क्यों लिखते हैं इस बारे में अपनी बात रखने के बाद सब छात्रों ने उनसे 'ध्वाखा हुइगा' कविता सुनाने का आग्रह भी किया। उन्होंने वह भी सुनाया।

तब कविता या अवधी कविता की भी इतनी समझ न थी, बस कक्षा में आगे से आगे उछल कूद करते रहने की एक स्वाभाविक चाह मन में थी। मैं गुरुकुल के संस्कार के कारण आदतन सभी शिक्षकों के पैर छूता था इसलिए भी सबका आशीर्वाद मिलता था। घर से और योगेश्वर कालेज से भी यही सीख मिली थी कि गुरुजनों को देखते ही उन्हें प्रणाम करूं और आशीष गृहण करूं। विश्व विद्यालय में हालांकि माहौल बहुत बदला हुआ था ब्राह्मण से इतर जाति के शिक्षक मेरे इस व्यवहार से कभी कभी असहज हो जाते और टोक दिया करते थे। कुछ सहपाठी दोस्त मेरी इस मूर्खता का मजाक बनाते, कुछ इसे चमचागीरी का नाम देते। कुछ ब्राह्मण सहपाठी अन्य जाति के गुरुओं के पैर छूता हुआ मुझे देखकर मुझसे कन्नी काटने लगे थे। कुछ सहपाठी गुरुजनों की जाति देखकर पैर छूते थे। बहरहाल मेरे लिए सभी गुरुजन एक जैसे थे क्या ब्राह्मण , दलित अथवा स्त्री। मुझे सिखाया गया था ह्यगुरुर्ब्रह्माह्ल तो मैं उसी के अनुरूप आचरण करता था। हालांकि आपातकाल के अवसान के बाद विश्वविद्यालय में अनंत आजादी का वातावरण था।

रमई काका जी को देखकर स्वाभाविक सहजता का भाव और देसी ग्राम्य सौन्दर्य बोध मेरे मन में घर करता चला गया। उनके द्वारा सृजित किये गए मनबोधन बाबा, जगराना बुआ,मटरू मामा,मगन मिस्तिरी, नटखट नंदू जैसे रेडियो रूपकों के सहज स्वाभाविक पात्र मुझे उनकी आँखों में झलकने लगे थे। समझ में यह भी आया कि मनुष्य के वस्त्र महत्वपूर्ण नहीं होते। मैं अक्सर सादा कुर्ता और पैजामा ही पहनता था। उस दिन भी मैं बिना कलफ का सादा कुर्ता और पाजामा पहने हुए था, किसी मित्र ने कहा- 'यार तुम तो रमई काका के खानदानी लग रहे हो, ऐसा लपक लपक के पैर छू रहे थे कि....।' मैंने कहा-ह्यऐसा नहीं है ..मैं तो इनसे पहली बार मिला हूँ...हाँ कोई रिश्तेदारी निकल आती तो मशहूरी के लिए अच्छा होता।' उस दिन अस्सी नब्बे के लगभग छात्र छात्राएं उस हाल में उपस्थित थे। तब हिन्दी विभाग में हरिकृष्ण अवस्थी और दीक्षित जी के अलावा शंभुनाथ चतुवेर्दी, पी.सी.टंडन, जितेन्द्र नाथ पाण्डेय, सरला शुक्ला, रामफेर त्रिपाठी,डॉ भक्तराज जी जैसे अनेक विद्वान रीडर,प्रोफेसर थे। माइक नहीं था लेकिन पूरे सभागार में सब इतने तन्मय भाव से बैठे थे कि एक एक शब्द साफ सुनाई दे रहा था।

इसके बाद आकाशवाणी लखनऊ में एक बार और उन्हें प्रणाम करने का अवसर मिला पर संकोचवश ज्यादा कोई बात न हो सकी। तब यह भी न जानता था कि रमई काका की कविताई का क्या महत्त्व है और उनकी अवधी कविता में कितनी शक्ति है। राष्ट्रवादी स्वर ,ग्राम्य सौन्दर्य तो सभी कवि अपनी तरह से लिखते थे लेकिन अंगरेजी सभ्यता वाले भद्रलोक के तथाकथित सभ्य लोगों का मजाक उड़ाने की कविता आसान नहीं थी। गाँव के भोले भाले किसान को बाजार के नकलीपन बोध कराना बड़ी कविता का ही लक्ष्य हो सकता है। हालांकि उन्हें हास्य कवि कहा जाने लगा किन्तु उनकी आंचलिक श्रम सौन्दर्य की गंभीर कविताई भी हमें आकर्षित करती है-

लारिकौना लीन्हे काँधे पर /बहुरेवा मड़नी माड़ि रही।


काका अपनी मातृभाषा बैसवारी अवधी के बड़े कवि हैं। वे अपने पाठक भी स्वयं निर्मित करते हैं। कवि सम्मेलनों में उनकी धूम होती थी। मंचों से उन्हें हास्य कवि के रूप में सुना जाता था। हालांकि हास्य से अधिक व्यंग्य शैली की खासकर अंगरेजी सभ्यता और बाजारवाद का मजाक उड़ाने की गंभीर कविता रमई काका ने ही लिखी थी। अब तो गड़बड़ झाला केवल अमीनाबाद में ही नहीं अपितु हर बड़े छोटे बाजार का अनिवार्य हिस्सा बन गया है -

हम गएन अमीनाबादै जब कुछ कपड़ा लेय बजाजा मा/ माटी कै सुघर मेहरिया असि जंह खड़ी रहै दरवाजा मा/ समझा दूकान कै यह मलकिनि सो भाव ताव पूछै लागेन/ याकै बोले यह मूरति है हम कहा बड़ा ध्वाखा हुइगा।

अपने समाज को अपनी कविताई से जगाने वाले रमई काका जी की पावन स्मृति को नमन।

(संपर्क : सी-45/वाई-4, दिलशाद गार्डन, दिल्ली, फोन-9868 031384)

## गजल



मुझको छूकर निकल गया आखिर/ वो समां फिर बदल गया आखिर
जब लगा होश खोये जाता हूँ/ लड़खड़ाता सम्भल गया आखिर
चुप रहा उम्र भर करीने से/ आखिरी दम उबल गया आखिर
बारहा रात भोर की जिसने/ इक वो अरमाँ निकल गया आखिर
इश्क पैदाइशी खजाना था/ लुट के दुनिया बदल गया आखिर
वैसे किसकी भला वो सुनता है/ सुन के मेरी गजल गया आखिर

- डॉ. बिनोद सिन्हा

# शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन जरूरी

शिक्षा

गिरीश्वर मिश्र



आज के युग में किसी देश की उन्नति बहुत हद तक वहाँ की शिक्षा की गुणवत्ता पर ही निर्भर करती है। सूचना, ज्ञान और प्रौद्योगिकी की स्पर्धा में ज्यादा से ज्यादा बढ़त पाने को सभी देश आतुर हैं। आज जब देश ह्यसशक्तह्ल और ह्यआत्म निर्भरह्ल बनने को तत्पर हो रहा है तो शिक्षा की दशा-दिशा पर विचार और भी जरूरी हो जाता है, हालाँकि भारत ने विद्या, ज्ञान और शिक्षा का भौतिक और पारमार्थिक दोनों स्तरों पर महत्व बहुत पहले ही पहचान लिया था। ज्ञान सबसे पवित्र माना गया था और ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में जितनी प्रगति थी उसकी बदौलत भारत को ह्यविश्व गुरुह्ल का दर्जा भी मिला था। परंतु औपनिवेशिक काल में शिक्षा पर ऐसा ताला पड़ा और ज्ञान परंपरा को ले कर जो संशय और उदासीनता पैदा हुई उसके चलते हम ज्ञान के क्षेत्र में उधारी पर कमाई करने वाले होते गए। इस माहौल में ज्ञान के क्षेत्र में परनिर्भरता सुदृढ़ होती गई । हम पश्चिम (यूरो-अमीरीकी माडल) को एकल, मानक और वैश्विक विकल्प मान बैठे और शेष को उससे विचलन मान लिया। गौर तलब है कि उपनिवेश बनने के पहले भारत विश्व में अधिक समृद्ध देशों में से एक था और यहाँ विश्वस्तरीय शिक्षा केंद्र भी थे जिन्हें आक्रांताओं ने नष्ट किया था।

औपनिवेशिक दाय की स्वीकृति के साथ नव उदारवादी माहौल में हम ज्ञान विज्ञान की पराई दृष्टि में जकड़ते ही चले गए। हमारी पूरी शिक्षा ज्यादातर अनुकरणमूलक होती गई जिसमें सर्जना शक्ति को हाशिए पर बैठा दिया। बाहर से आरोपित होने के कारण शिक्षा और समाज का ठीक तालमेल भी नहीं हो सका। आज यदि शिक्षा के प्रति संशय और अन्यमनस्कता है तो इसका एक बड़ा कारण शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया की दुर्बलता और देश के संदर्भ से उसका कटा होना भी है। सरकारी नीति में शिक्षा की लगातार उपेक्षा होती रही और भेद-भाव बना रहा। बजट में जो बचा खुचा होता है शिक्षा को मिलता है। आज आँगन वाड़ी, प्राथमिक विद्यालय, हाई स्कूल, माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं में अधिकांश की स्थिति संसाधनहीनता और अव्यवस्था के चलते नाजुक होती जा रही है।

यह खेदजनक है कि यह जानते हुए भी कि शिक्षा सामाजिक गतिशीलता, आर्थिक उन्नति, रोजगार के अवसर और सांस्कृतिक विकास की कुंजी है इसे देश की विकास-योजना में कभी भी वह जगह नहीं मिली जो उसे मिलनी चाहिए थी। फलतः शिक्षा में जरूरी निवेश नहीं हुआ, फिर सरकार (यानी सार्वजनिक क्षेत्र) इससे अपने हाथ भी खींचने लगा, निजी क्षेत्र हावी होने लगा, शिक्षा बाजार के हवाले होती गई और अब वह बाजार का मुकम्मल हिस्सा बन चुकी है। फिर शिक्षा का व्यापार शुरू हो गया, सभी बड़े व्यापारी शिक्षा की दूकानें खोलने लगे । शिक्षा की जो भी सरकारी या जन-संरचना थी वह चरमरा कर ध्वस्त होने लगी।

निजी क्षेत्र में शिक्षा का तीव्र विस्तार जिस तरह हो रहा है उसके कई परिणाम हो रहे हैं। सम्पन्न घरों के छात्र ऊँची फीस दे कर वहां पढाई कर रहे हैं। दिल्ली के आस पास अशोका, अमिटी, शिव नाडार और जिन्दल के विश्वविद्यालय जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर लाने की कोशिश हो रहे हैं वहाँ शैक्षिक असमानता का एक नया आयाम उभर रहा है। यही हाल पुणे, बैंगलुरु और अन्य महानगरों का भी है। निजी विश्वविद्यालय सरकारी विश्वविद्यालयों की तुलना में कई-कई गुनी फीस ले कर असंख्य पाठ्यक्रमों की पढाई कर रहे हैं। उनकी नीति और नियम अपने ही ढंग के हैं। ऐसे में संविधान द्वारा शिक्षा के अधिकार सबको देने के बावजूद शिक्षा के अवसर आर्थिक स्थिति से जुड़ते गए। आज हर स्तर पर शिक्षा संस्थाओं की जातियां और उप जातियां खड़ी होती जा रही हैं। शिक्षालय के साथ कोचिंग की विराट संस्थाएँ खड़ी होती गईं और सामान्य विद्यालयी शिक्षा की उपयुक्तता जन-मानस में संदिग्ध होती गई। फि लहाल जैसे तैसे प्रवेश और परीक्षा को निपटाना ही शिक्षा के प्रथम और अंतिम लक्ष्य बने चुके हैं।

आज भारत के प्रतिभाशाली और आर्थिक औकात वाले विद्यार्थी अवसरों की तलाश में बड़े पैमाने पर विदेश की ओर रुख कर रहे हैं। इसका कारण भारत में शिक्षा की गुणवत्ता का निरंतर ह्रास है। युवा वर्ग महत्वाकांक्षी है, वह आगे बढ़ना चाहता है। पढ़-लिख कर बहु राष्ट्रीय कंपनियों में ऊँची पगार पर काम करने के अवसर उनको आकृष्ट करते हैं और देश को उनका लाभ नहीं मिल पाता है। यह देख कर कि विश्व की अनेक बड़ी आई टी कंपिनियाँ भारतीय चला रहे हैं मन को थोड़ी संतुष्टि और गौरव-बोध होता है पर यह सोच कर दुःख होता है कि ऐसी प्रतिभाओं के लिए हम शिक्षा और कार्य के अवसर नहीं जुटा पा रहे हैं।

औपचारिक शिक्षा भारतीय मूल से भी कटती गई और हम अपने आप से बिछुड़ते गए। आज इक्कीसवीं सदी हमारे सामने एक वैश्विक दुनिया प्रस्तुत करती है जिसमें संचार और यातायात की क्रान्ति देश काल को नए ढंग से संयोजित कर रही है। टी वी, मोबाइल, लैप टाप, आई पैड आदि सूचना के लेन -देन और उनको उपयोग में लाने के अवसरों में अभूतपूर्व क्रांति ला रहे हैं। इनके अच्छे बुरे असर अब बच्चों और किशोरों में दिखने लगे हैं। यहाँ पर यह भी गौर तलब है कि युवा वर्ग का जनसंख्या में अनुपात की दृष्टि से भारत युवतम देश हो रहा है। यह उत्पादकता, क्षमता और राष्ट्र-निर्माण का अनोखा अवसर बन रहा है। कुशल और सुसंस्कृत युवा सचमुच भारत का कायापलट करने में सक्षम हो सकता है बशर्ते उसे निपुण और ज्ञान-सम्पन्न बनाया जाय। परंतु स्थिति निरंकुशता की हो रही है और स्वच्छंदता के साथ शिक्षा के नाम पर ऐसा बहुत कुछ अवांछित भी हो रहा है ।

चूँकि शिक्षा की उपेक्षा संभव नहीं है इसलिए जब तब कुछ कुछ होता रहा है पर गम्भीर पहल नहीं हो सकी । यदि कुछ हुआ भी तो लड़खड़ाते ढांचे, राजनैतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार के चलते सार्थक परिणाम नहीं दे सका। आज भारी भरकम और अंशतः अनुपयोगी विषय वस्तु और सामग्री के साथ बचपन से ही शिक्षा का खिलवाड़ शुरू हो जाता है। पुस्तकों का ज्यादा भार , सांस्कृतिक संवेदना का विकास, चरित्र निर्माण और मातृ भाषा में आरम्भिक शिक्षा जैसे मामलों में हम तमाशबीन बने हुए हैं। उच्च शिक्षा में अनियंत्रित विस्तार और कुशलता के अभाव के चलते बेरोजगारों की फौज बढ़ती जा रही है। इस स्थिति में सुधारों का सिलसिला कब शुरू होगा किसी को पता नहीं पर जमीनी हालात बेकाबू से हो रहे है।

शिक्षा का आयोजन ज्ञान की अभिवृद्धि, समाज के मानस-निर्माण, शर्म की कुशलता, उत्पादकता तथा सांस्कृतिक और सर्जनात्मक उन्मेष जैसे कई सरोकारों से सीधे-सीधे जुड़ा हुआ है । इसलिए शिक्षा को लेकर सबके के मन में आशाएँ पलती रहती हैं । पिछले सात दशकों में शिक्षा केन्द्रों की संख्या तो जरूर बढी है पर उतनी नहीं जितनी चाहिए। इस बीच शिक्षा-तंत्र कई तरह के विकारों से ग्रस्त भी होता गया है जिनको सहते हुए शिक्षा अपने लक्ष्यों को पाने में पिछड़ती रही है। सरकारी नीति के मुताबिक यदा-कदा टुकड़े-टुकड़े कुछ-कुछ तदर्थवादी सोच (एडहाकिज्म) के साथ किया भी जाता रहा है जिनके मिश्रित परिणाम हुए हैं । भारत में शिक्षा की गहराती चुनौतियों पर विचार कर वर्तमान सरकार ने शिक्षा नीति लाने की पहल की। उसके तहत इन प्रश्नों पर ध्यान दिया गया है पर इक्कीसवीं सदी के लिए भारत की तैयारी के लिए जो संलग्नता और प्रयास होने चाहिए, कार्य योजना पर अमल भी करना होगा।अभी तक सरकार की ओर से शिक्षा में न पर्याप्त निवेश हो सका है और न व्यवस्था ही कारगर हो सकी ।

नई शिक्षा नीति के तहत अमल करते हुए कई कदम उठाए जा रहे हैं । अनुमान किया जाता है कि बन रहे पाठ्यक्रम से ज्ञान, कौशल और मूल्य को संस्कृति और पर्यावरण के अनुकूल ढालने के उद्यम को सहयोग मिलेगा। उससे अपेक्षा है कि नए पाठ्यक्रम नौकरी, नागरिकता, संस्कृति और प्रकृति सभी के लिए प्रासंगिक होगा । वह भारतकेन्द्रित होने के साथ-साथ वैश्विक दृष्टि से भी सम्पन्न होगा । मातृभाषा को माध्यम के रूप में और भारतीय ज्ञान परम्परा को अध्ययन-विषय के रूप में प्रमुखता से स्थान मिलेगा । यह सब कैसे और कब होगा यह भविष्य के गर्भ में है । अगले पचीस वर्ष के ह्यअमृत कालह्ल की अवधि में एक नए भारत (न्यू इंडिया!) के स्वप्न को साकार करने के लिए अच्छी शिक्षा बेहद जरूरी है। यह एक निर्णायक दौर होगा जिसे अवसर में बदलने के लिए शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना होगा । अमृत-काल का लाभ तभी होगा यदि मरणशील शिक्षा को संजीवनी मिलेगी। आशा है आगामी बजट शिक्षा को वरीयता देगा और उसके विभिन्न अवयवों के लिए समुचित संसाधन उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेगा। नए भारत के लिए शिक्षा की सुधि लेनी ही होगी।

निजी क्षेत्र में शिक्षा का तीव्र विस्तार जिस तरह हो रहा है उसके कई परिणाम हो रहे हैं। सम्पन्न घरों के छात्र ऊँची फीस दे कर वहां पढाई कर रहे हैं। दिल्ली के आस पास अशोका, अमिटी, शिव नाडार और जिन्दल के विश्वविद्यालय जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर लाने की कोशिश हो रहे हैं वहाँ शैक्षिक असमानता का एक नया आयाम उभर रहा है। यही हाल पुणे, बैंगलुरु और अन्य महानगरों का भी है। निजी विश्वविद्यालय सरकारी विश्वविद्यालयों की तुलना में कई-कई गुनी फीस ले कर असंख्य पाठ्यक्रमों की पढाई कर रहे हैं। उनकी नीति और नियम अपने ही ढंग के हैं। ऐसे में संविधान द्वारा शिक्षा के अधिकार सबको देने के बावजूद शिक्षा के अवसर आर्थिक स्थिति से जुड़ते गए। आज हर स्तर पर शिक्षा संस्थाओं की जातियां और उप जातियां खड़ी होती जा रही हैं। शिक्षालय के साथ कोचिंग की विराट संस्थाएँ खड़ी होती गईं और सामान्य विद्यालयी शिक्षा की उपयुक्तता जन-मानस में संदिग्ध होती गई।

( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)

# सबसे बड़ा 'डिटेंशन सेंटर' असम के गोवालपाड़ा में खुला

प्रसंगवश

दिनकर कुमार



कम से कम 68 'विदेशी नागरिकों' के पहले बैच को 27 जनवरी को असम के गोवालपाड़ा में एक नवनिर्मित 'डिटेंशन सेंटर' में ले जाया गया - जिसे अब आधिकारिक तौर पर 'ट्रांजिट कैंप' के रूप में जाना जाता है। यह गुवाहाटी से 150 किलोमीटर दूर मटिया ट्रांजिट कैंप में 'विदेशियों' के प्रस्तावित चरण-वार स्थानांतरण की शुरूआत है।

केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार विशेष रूप से 'अवैध विदेशियों' को रखने के लिए यह शिविर राज्य का पहला केंद्र है। अब तक बंदियों को पूरे असम में छह डिटेंशन सेंटर में रखा जाता रहा है, जो जेलों के अंदर ही स्थित हैं।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि जिन लोगों को डिटेंशन सेंटर में स्थानांतरित किया गया है, उनमें असम में विदेशी ट्रिब्यूनल द्वारा 'विदेशी' घोषित किए गए लोगों के साथ-साथ वीजा प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए न्यायिक अदालतों द्वारा दोषी ठहराए गए लोग भी शामिल हैं।

'अड़सठ लोगों, जिनमें 45 पुरुष, 21 महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं, को स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें विदेशी नागरिकों के रूप में पहचाना गया था,' बरनाली शर्मा, जेल महानिरीक्षक, असम ने कहा।

'अगले कुछ चरणों में सरकार के निदेशों के अनुसार हम डिब्रूगढ़, सिलचर, जोरहाट, कोकराझार और तेजपुर जेलों में पांच अन्य ट्रांजिट कैंपों में बंद घोषित विदेशियों को मटिया में स्थानांतरित कर देंगे,' शर्मा ने बताया।

'इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है और अभी स्टाफ कम हैं। जो लोग स्थानांतरित हो रहे हैं, उनके लिए जो भी सुविधा की जरूरत होगी, उनके लिए जिला और पुलिस प्रशासन की तरफ से सहयोग किया जा रहा है,' शर्मा (आईजी, जेल) ने बताया।

जेल विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मटिया में स्टैंडअलोन ट्रांजिट कैंप सहित असम के सभी ट्रांजिट कैंपों में कुल मिलाकर लगभग 219 घोषित विदेशी बंद हैं। मटिया सेंटर चालू होने से पहले इन छह जेलों में सभी बंदियों को रखा जा रहा था। विदेशी ट्रिब्यूनल द्वारा 'विदेशी' घोषित किए गए लोगों को रखने वाले डिटेंशन सेंटर को 2021 में ट्रांजिट कैंप का नाम दिया गया था।

राज्य के गृह विभाग के प्रधान सचिव नीरज वर्मा ने कहा कि मटिया में सेंटर का निर्माण करते हुए एक 'मानवीय स्पर्श' दिया गया है। वर्मा ने बताया, 'मटिया कैंप में 2,000 कैदियों को समायोजित करने की क्षमता है। यहां एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समान एक स्कूल, क्रेच और एक अस्पताल होगा। कैंप का स्वरूप जेल से अलग होगा।'

उन्होंने कहा, 'बहुत जल्द हम सभी 'घोषित विदेशियों' को अन्य ट्रांजिट कैंपों से मटिया में स्थानांतरित कर देंगे।'

गुवाहाटी के पश्चिम में 125 किमी की दूरी पर मटिया में डिटेंशन सेंटर 20 बीघा के क्षेत्र में विकसित किया गया है। पूरा खर्चा केंद्र वहन कर रहा है। इससे पहले गौहाटी उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को मटिया में शिविर के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया था ताकि बंदियों को स्थानांतरित किया जा सके। अदालत का आदेश बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं के एक बैच के जवाब में था, जिसमें असम की जेलों के अंदर सजायाफ्ता और घोषित विदेशी नागरिकों को हिरासत में लेने को चुनौती दी गई थी। उन अधिसूचनाओं को चुनौती देते हुए जिनके द्वारा जेलों को डिटेंशन सेंटर में परिवर्तित किया गया था, याचिकाओं में बंदियों की रिहाई की मांग की गई थी। याचिकाएँ 2020 में वकीलों और कार्यकर्ताओं की एक टीम द्वारा दायर की गई थीं, जो एक शोध संगठन स्टूडियो नीलिमा द्वारा संचालित थी।

छह जेलों में खराब रहने की स्थिति के लिए अक्सर सरकार की आलोचना की जाती रही है, जहां बंदियों को रखा गया है।

नवंबर 2022 से, गौहाटी उच्च न्यायालय सरकार से बंदियों को मटिया में स्थानांतरित करने का आग्रह कर रहा है। 17 नवंबर 2022 को गौहाटी उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आर एम छाया (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति सौमित्र सैकिया की पीठ ने कहा था कि ट्रांजिट कैंप निवास के लिए तैयार था, और राज्य सरकार को चिकित्सा के लिए पैरा-मेडिकल और सुरक्षा कर्मचारी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

असम में एनआरसी के मसौदे के प्रकाशन के दौरान इस बात का डर था कि जिनके नाम नागरिकता दस्तावेज में नहीं होंगे उन्हें मटिया कैंप भेज दिया जाएगा। राज्य के गृह विभाग ने बढ़ती चिंता को खारिज कर दिया था और इसे अटकलबाजी कहा था।

एनआरसी के अंतिम मसौदे से लगभग 19 लाख आवेदक के नाम छूट गए थे, जो 2019 में प्रकाशित हुआ था।

एक अन्य सुनवाई के दौरान, 29 नवंबर 2022 को, न्यायमूर्ति छाया ने कहा कि बंदियों को 15 दिसंबर, 2022 से पहले स्थानांतरित किया जाना चाहिए। जवाब में, असम के महाधिवक्ता डी सैकिया ने कहा कि राज्य सरकार ने मटिया ट्रांजिट बनाने के लिए 'सचेत निर्णय' लिया था। राज्य सरकार आवश्यक सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने के लिए और अधिक समय चाहती थी। 20 दिसंबर और 27 जनवरी को अगली सुनवाई स्थगित कर दी गई। अगली सुनवाई 28 फरवरी को रखी गई है।

गृह विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों को स्थानांतरित करने में देरी इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने शिविर चलाने के लिए कर्मचारियों को काम पर नहीं रखा था, जबकि भवन तैयार था। 'परिसर में एक स्कूल, एक क्रेच और चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमें इन सभी सुविधाओं के लिए पद सृजित करने थे...इसीलिए इसमें समय लगा।'


असम के कार्यकताओं ने सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा है कि डिटेंशन सेंटर 'सजायाफ्ता विदेशियों' के लिए हैं। हालाँकि, जिन लोगों को स्थानांतरित किया जा रहा है उनमें से केवल घोषित विदेशी (विदेशी ट्रिब्यूनल द्वारा घोषित) हैं, जो अपनी भारतीय नागरिकता साबित करने के लिए उच्च न्यायालयों में अपील कर सकते हैं, और संभवतः खुद को नागरिक साबित करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मटिया में घोषित विदेशियों को स्थानांतरित करने से उनका अनिश्चितकालीन कारावास होगा, क्योंकि बांग्लादेश में निर्वासन के लिए कोई द्विपक्षीय ढांचा मौजूद नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद इन केंद्रों में बंदियों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में कम हो गई है - 2019 में, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि 'विदेशी' जिन्होंने तीन साल से अधिक समय तक हिरासत में बिताया है, वे कुछ शर्तों की पूर्ति पर सशर्त रिहाई हासिल कर सकते हैं। 2020 में, कोविड -19 महामारी के कारण जेलों में भीड़ को रोकने के लिए अदालत ने उन 'विदेशियों' की जमानत पर सशर्त रिहाई का आदेश दिया, जिन्होंने जेल में दो साल से अधिक समय पूरा कर लिया था।

गुवाहाटी के पश्चिम में 125 किमी की दूरी पर मटिया में डिटेंशन सेंटर 20 बीघा के क्षेत्र में विकसित किया गया है। पूरा खर्चा केंद्र वहन कर रहा है। इससे पहले गौहाटी उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को मटिया में शिविर के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया था ताकि बंदियों को स्थानांतरित किया जा सके। अदालत का आदेश बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं के एक बैच के जवाब में था, जिसमें असम की जेलों के अंदर सजायाफ्ता और घोषित विदेशी नागरिकों को हिरासत में लेने को चुनौती दी गई थी। उन अधिसूचनाओं को चुनौती देते हुए जिनके द्वारा जेलों को डिटेंशन सेंटर में परिवर्तित किया गया था, याचिकाओं में बंदियों की रिहाई की मांग की गई थी।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## व्यंग्य



# जब मैं पिटते पिटते बचा

हरि जोशी

बात सन १९८४-८५ की है। उन दिनों मैं एस जी एस आई टी एस इंदौर में पढाता था। भोपाल के प्रोफेसर कॉलोनी का क्वार्टर खाली करना पडा क्योंकि व्यंग्य रचना लिखने के फलस्वरूप शासकीय नौकरी से निलम्बित किया जा चुका था । प्रोफेसर कॉलोनी भोपाल के आवास से सामान निकालकर मजबूरी में खरीदे गए ,हाउसिंग बोर्ड वाले भोपाल के घर में सामान रखकर इंदौर चला गया। वहां पहुंचा तो शासकीय कोटे की सारी आकस्मिक छुट्टियाँ , अर्जित अवकाश सब एक झटके में समाप्त हो गए । अशासकीय व्यवस्था के अंतर्गत नई इनिंग शुरू हुई ।उन्हीं दिनों एक शनिवार रविवार को मैं भोपाल आया हुआ था। अगला दिन सोमवार था और उस दिन मेरा सुबह आठ बजे पहला पीरियड चतुर्थ वर्ष मेकेनिकल इंजीनीयरिंग में था। अतः रविवार को लगभग चार बजे शाम को मैं भोपाल के नादरा बस स्टैंड पर आया और बस की प्रतीक्षा करने लगा। बस मिलने में थोड़ी देर थी किन्तु एक जीप सामने आगे आ खड़ी थी। जीप के ड्राईवर ने आवाज लगाई इंदौर इंदौर। किराया बस का ही लूँगा लेकिन जल्दी पहुंचा दूंगा। मन ही मन सोचा निजी जीप में जानेमें कोई बुराई नहीं है ।दो चार सवारियां उसे मिल ही गई थी। मैं अकेला था। एक छोटा बैग लिए मैं भी जीप में सवार हो गया। जल्दी ही जीप खचाखच भर गई ।मुझे पीछे की बर्थ पर सीट मिली। बस क्या था जल्दी ही जीप हवा से बात करने लगी। रास्ते में अपना रौब बताते हुए ड्राइवर बोला - जानते हो जीप किसकी है ?

हमने कहा किसीकी भी हो हमें तो इंदौर जल्दी पहुँचना है। वह बोला -उन मंत्री जी की है ।याने चालक अकेला, जो भरपूर चालाक भी था मंत्री परिवार को भोपाल छोड़ने आया था। जाते समय पैसे कमा लेना चाहता था। उन दिनों सोनकच्छ के पास सड़क के दोनों ओर लोहे के कंटीले तारों से खेतों की बागड़ बनी हुई रहती थी। दोनों और तार लगे थे। वाहन पहुंचते पहुँचते शाम के साढ़े छः हो चुके थे, अँधेरा होने लगा था। जब शाम का अधिक अँधेरा हुआ तब पता चला कि जीप की हेड लाइट खराब है किन्तु धुंधलके का लाभ उठाते हुए ड्राइवर तेज और तेज गति से जीप को सन्ना रहा था।

सामने से भैसों का झुण्ड निश्चिन्त निर्द्वंद्व चला आ रहा था ड्राइवर जल्दी पहुँचाने की कोशिश में गति निरन्तर बढ़ाये चला जा रहा था। इसी बीच दूसरी दुर्घटना को आमंत्रि करते हुए ,पहली दुर्घटना हो गई। एक हृष्ट पुष्ट भैंसा रेंकते रेंकते बीच सड़क में जीप की ओर ही दौड़ा।

ऐसे दुर्भाग्य वाले क्षण जो होना था वही हुआ । बिना हेड लाइट के जीप की सीधी टक्कर भैसे के हेड से हो गी। भारी भरकम भैंसे की टक्कर के बाद जीप पलटते पलटते बची, और हम लोग भी चोटिल होने से तब तो बाल बाल बचे। गाँव बगल में ही था। उधर चरवाहे ने गाँव के लोगों को जोर से आवाज लगा दी। 'म्हारा बोधा ख इन्ने मार डाल्यो रे।' हमारी टयूब लाइट तत्काल जल उठी । यात्रियों ने सोचा जितनी जल्दी हो,इस क्षण यहाँ से खिसक लेने में ही अपना हित है । गाँव का किनारा है अभी लट्ठ ले लेकर ग्रामीण जन आयेंगे और सारी सवारियों पर भी लात जूते लट्ठ बरसाये बिना न रहेंगे । जीप खराब हो चुकी थी बगड़ में घुसकर निढाल पड़ी हुई थी।

ड्राइवर को किसी ने किराया दिया किसीने नहीं दिया सब उतरकर जान बचाकर भागे। मैं भी उतरा , सड़क के दुसरे किनारे पर तेजी से चलने लगा। सड़क के दूसरे किनारे किनारे बेग लेकर तेजी से चलने लगा, जैसे इस जीप से मेरा कोई सम्बन्ध ही न रहा हो ? मेरे सौभाग्य से एक ट्रक ड्राइवर ने ट्रक रोककर मुझे बैठा लिया। ट्रक में आगे की सीट पर बैठ जाना जान बच जाने का स्पष्ट संकेत था । अब मेरी जान में जान आयी। जान जोखिम में डाले हुए इंदौर पहुंच गया। रात में कुछ नींद आयी कुछ उडी किन्तु अगले दिन नई दुनिया में खबर थी कि एक मंत्री की जीप की टक्कर से एक भैसा सड़क पर मर गया जिसके कारण गुस्साई भीड़ ने ड्राईवर की पिटाई की , कुछ यात्रियों को भी गंभीर चोटें आयी हैं । थाने में प्रकरण जा चुका है।

मैंने भगवान को धन्यवाद दिया कि मैं अगले दिन क्लास लेने में समर्थ हूँ। जान बची और लाखों पाए।

(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाला है बजट

## मध्यवर्गीय परिवारों को बजट से नहीं होगा कोई फायदा



जनसंदेश न्यूज



"सरकार द्वारा टैक्स में जो छूट दी गई है। उसका लाभ सिर्फ सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा, आम जनता की उतनी आमदनी नही है। यह बजट बहुत ही निराशाजनक है। सरकार को मध्यवर्गीय लोगों के लिए कुछ करना चाहिए था।"

रवि सोनी



"सरकार का यह बजट सिर्फ पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाएगा। आम जनता को इस बजट से कोई राहत नही मिलती है। सरकार ने बजट में आम जनता को राहत नही दी है।"

रजनीश गुप्ता

**रायशुमारी**

### जिले की जनता को रास नहीं आया बजट



"हम लोगों को उम्मीद थी कि बजट में महंगाई को लेकर कुछ एलान होगा, लेकिन बजट से सिर्फ हमें निराशा ही मिली। खुदरा महंगाई को कम करने के लिए कोई कदम नही उठाया गया है। आम जनता महंगाई से पूरी तरह से त्रस्त है, जो सबसे बड़ी समस्या है।"

प्रदीप पाल



"बजट से आम जनता को कोई लाभ नही हुआ है। हर साल बजट आता है और चला जाता है। सरसो का तेल 100 की बजाय 200 रुपये हो गया है। गैस सिलेंडर सहित हर चीज का दाम बढ़ा हुआ है। आम जनता को क्या लाभ मिला। मध्यवर्गीय लोगों पर सरकार तनिक भी ध्यान नही दे रहा है।"

आदित्य दूबे उर्फ मुन्ना दूबे

**मीरजापुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा सदन में आम बजट पेश किया गया है। आम बजट पेश किए जाने के बाद आयकर में छूट को लेकर राहत मिली है, लेकिन आम जनता को महंगाई से कोई लाभ नहीं मिला। आम जनता का कहना है कि सरकार के द्वारा जो बजट जारी किया गया है, उसमें आम जनता का ख्याल नहीं रखा गया है। टैक्स में छूट का लाभ सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा। आम जनता की उतनी आमदनी भी नहीं है। महंगाई को लेकर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह बजट पूरी तरीके से पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाला बजट है। मध्यवर्गीय लोगों के लिये यह बजट नही है। इससे मध्यवर्गीय लोगों को कोई फायदा नही पहुंचेगा।

# आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाएगा आम बजट

**सांसद की राय**

### वंचितों पिछड़ों, गरीबों, किसानों व नौजवानों के विकास का है आम बजट : अनुप्रिया पटेल

### केंद्रीय मंत्री ने पीएम व केंद्रीय वित्त मंत्री का जताया आभार



अनुप्रिया पटेल

**मीरजापुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि वर्ष 2023-24 का आम बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट को वंचितों, पिछड़ों, गरीबों व किसानों के प्रति समर्पित बताया है। उन्होंने कहा कि देश के हर व्यक्ति को भरपेट भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुफ्त राशन योजना को अगले एक वर्ष तक बढ़ाने की सराहनीय पहल की गई है। अब यह योजना जनवरी 2024 तक जारी रहेगी। श्रीमती पटेल ने कहा कि अपना दल (एस) गरीबों, वंचितों व पिछड़ों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की मांग करता रहा है।

पार्टी का यह भी कहती रही है कि आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से वंचित व पिछड़ा समाज के लोग वर्षों तक जेल में पड़े रहते हैं, उनकी जमानत नहीं हो पाती है। केंद्र की लोकप्रिय श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने अपना दल (एस) के इस महत्वपूर्ण मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए गरीबों की जमानत का पैसा खुद सरकार द्वारा वहन करने की घोषणा की है। इस सराहनीय पहल के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री जी का बहुत बहुत आभार। अपना दल (एस) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि यह बजट ऐतिहासिक, संपूर्ण समावेशी, हर एक भारतीय के जीवन में सकारात्मक बदलाव का बजट है। देश में एयर सर्विस को बढ़ावा देने के लिए 50 नए एयरपोर्ट और हेलिपैड भी बनाए जाएंगे। युवाओं के लिए 30 इंटरनेशनल स्किल सेंटर्स बनेंगे। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि आम बजट युवाओं, नौजवानों का बजट है।

नए बजट में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 को शुरू करने की घोषणा की गई है। 47 लाख युवाओं को राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 3 साल तक भत्ते दिए जाएंगे। युवाओं को ग्लोबल लेबल की ट्रेनिंग देने के लिए 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर बनाए जाएंगे। देश में 157 नए नर्सिंग कॉलेज भी खोले जाएंगे।

# खदान के पत्थर की चपेट में आने से बालिका की मौत

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

### अब तक जा चुकी हैं कई जानें, कब होगी इनपर कार्रवाई

**मड़िहान।** स्थानीय क्षेत्र के देवरी कलां पहाड़ी पर खदान से निकले पत्थर के नीचे दबने से एक बालिका की दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि देवरी कलां पहाड़ी पर स्थित खदान में काम करने हेतु मध्यप्रदेश के सिंगरौली जनपद अन्तर्गत देवरा गांव निवासी सुगवंती पत्नी बबलू एक सप्ताह पूर्व खदान में काम करने हेतु आई थी।



जिसके साथ दो बच्चें भी थे जिसमें बुद्धवार सुबह बालिका की माँ काम करने में जुटी हुई थी व बालिका चमेली खेल रही थी कि पोकलेन से पत्थर निकालकर ट्रैक्टर ट्रॉली में लोड किया जा रहा था।

उसी समय पत्थर गिरने से बालिका दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घायल बालिका को आनन फानन में उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां देखते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गयी। जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, सीओ ऑपरेशन अनिल कुमार पाण्डेय व थानाध्यक्ष शैलेश कुमार राय मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल में जुट गये। वही बालिका की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# पुलिस ने मिनी शराब फैक्ट्री का किया भंडाफोड़



शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी

**मीरजापुर।** हलिया पुलिस द्वारा अवैध अपमिश्रित कच्ची देशी शराब का निर्माण व बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे से 55 लीटर अपमिश्रित देशी शराब, यूरिया सहित शराब बनाने में प्रयुक्त अन्य सामाग्री बरामद किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा अवैध अपमिश्रित शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री में संलिप्त अभियक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को उ.नि. विजय कुमार यादव मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना हलिया क्षेत्र

**कामयाबी**

### एक आरोपी, यूरिया व 55 लीटर शराब किया बरामद

से अवैध/अपमिश्रित कच्ची देशी शराब बनाने वाले ठिकाने पर दबिश देकर एक आरोपी विजयी उर्फ राकेश पुत्र स्व.लालचन्द्र निवासी बेदउर थाना हलिया मीरजापुर को गिरफ्तार कर मौके से 55 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची देशी शराब, 03 किग्रा यूरिया सहित भट्ठी से शराब निर्माण करने में प्रयुक्त पात्रों को बरामद किया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हलिया पर धारा 60(2) आबकारी अधिनियम व धारा 272,273 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

## आठ मवेशी बरामद, तीन अन्तर्जनपदीय पशु तस्कर गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में गो तस्कर

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा पिकअप पर क्रूरता पूर्वक बांधकर वध हेतु ले जाए जा रहे 08 राशि मवेशियों को पुलिस ने बरामद कर 03 अन्तर्जनपदीय पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा पशु तस्करों की गिरफ्तारी व उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। एक फरवरी को उ.नि. भरत राय मय पुलिस बल द्वारा थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत से पिकअप सवार 03 पशु तस्करों अब्बास अली पुत्र स्व.जुमराती, हसबुद्दीन पुत्र कयामुद्दीन, रुस्तम कुरैशी पुत्र बबलू कुरैशी निवासीगण सलखन थाना चोपन सोनभद्र को गिरफ्तार किया। जिनके द्वारा पिकअप वाहन पर क्रूरता पूर्वक बांधकर वध हेतु ले जाये जा रहे 08 राशि मवेशियों को बरामद किया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर गिरफ्तार उपरोक्त तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया तथा पशु तस्करी में प्रयुक्त वाहन पिकअप को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## संक्षेप

### टूटे परिवार को जोड़ने का काम कर रहा है परामर्श केन्द्र : डीआईजी



**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर.पी.सिंह के निर्देशन में परिक्षेत्र के जनपदों में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा माह जनवरी में 32 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। टूटे परिवार को जोड़ने का काम परिवार परामर्श केन्द्र कर रहा। पति-पत्नी के सम्बन्धों को सुधारने के लिए काउंसलिंग की जा रही। शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में जनपदों में स्थापित वैवाहिक विवादों में मध्यस्थता हेतु उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं के अनुश्रवण का कार्य महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा किया जा रहा है, एवं परामर्श केन्द्र द्वारा आये हुए दम्पत्तियों की पारिवारिक संबंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने को प्रेरणा दी गयी जिससे दोनों जोडे.राजी-खुशी के साथ में रहने हेतु तैयार हो गये, माह जनवरी में जनपद मीरजापुर के माध्यम से कुल-19, सोनभद्र में कुल-08 तथा भदोही में कुल-05 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर कुल 32 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र के द्वारा अथक प्रयास से मिलाया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल के निर्देशन में रेंज के तीनों जनपदों में परिवार परामर्श केन्द्र में प्रतिदिन अनेको दम्पत्तियों को महिला पुलिस व समाज सेवीजनों द्वारा काउंसलिंग की जा रही है। उनके आपसी मतभेदों को दूर कर आपस मे मिलवाया जा रहा है जिससे उनकी जिन्दगी में दोबारा संतुलन आ जाय।

### आर्यावर्त बैंक में दो दिन से कैश न होने से उपभोक्ता परेशान

**हलिया।** स्थानीय बरी स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा में दो दिन से कैश न होने के कारण उपभोक्ता परेशान दिखे गए उपभोक्ताओं का कहना है कि इस समय आवास, शादी विवाह एवं मनरेगा की मजदूरी का भुगतान लेना था। परंतु बैंक से 40 किलोमीटर दूर से दो दिनों से आना जाना लगा रहा परंतु अभी तक बैंक से पैसा नहीं मिल पा रहा है। प्राइवेट वाहनों को भाड़ा देकर बैंक आकर बैरंग वापस जाना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बैंक में धन उपलब्ध कराने की मांग किया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि आवश्यक कामों के लिए अपना ही पैसा अपने काम में नहीं आ पा रहा है। दो दिनों से बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं में गोरगी गांव के ग्राम प्रधान रमेश मौर्या, नचक कोल, दयाराम, हीरालाल, शास्त्री, कमलेश आदि निवासी गोरगी, मनिगढ़ा, पटपरा आदि गांव से 40 किलोमीटर की दूरी से सफर कर बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। शाखा प्रबंधक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले से पैसा मंगाया गया है। बैंक की लिमिट 40 लाख है। प्रतिदिन 50 लाख के करीब उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। पैसा आने के बाद उपभोक्ताओं को पैसा दिया जाएगा।

### मथुरा में जिले के खिलाड़ियों ने किया कमाल जीते 26 गोल्ड

**मीरजापुर।** जिले के राजपूत अकादमी के खिलाड़ियों ने 26 गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। अकादमी के कोच ने जानकारी दिया कि खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से उनके अन्दर और जीत कि भावना आएगी और अच्छा प्रदर्शन करेंगे जिससे अपना और अपने जिले का नाम रोशन करेंगे। क्रिकेट के खिलाड़ियों में शिवम, परवेज, राज मिश्रा, आकाश, प्रियांशु, ओम, प्रतिक, पंकज, राकेश सचिन और शिवांश रहें। कबड्ड़ी के खिलाडियों में अवनीश, मनीष, जय यादव, गुलशन, साबिर अली, अनुज, विजय, बिशाल, शाहिल आलम, सलमान, अभिनव सिंह, बंटी, उत्सव रहे। दौड़ के खिलाड़ियों में प्रभात सिंह, किशन यादव, आशिष कुमार पाल, राजू, फूटबाल में, प्रभाकर और आशुतोष दुबे रहे। जिले की टीम ने मथुरा में जाकर चैंपियन में भाग लिया था। जिसमें टीम को 26 गोल्ड मिले हैं। खिलाड़ियों के जनपद आगमन पर लोगों ने बधाई शुभकामनाएं दी। यह 26 गोल्ड क्रिकेट, फुटबॉल व कबड्डी में मिला है। टीम का सलेक्शन राष्ट्रीय स्तर किया गया जिसमें जिले के कई खिलाड़ियों का चयन भी किया गया।

### ब्लॉक दिवस पर नहीं पहुंचा कोई फरियादी

**लालगंज।** विकास खंड सभागार में बुधवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन नवागत खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ब्लॉक दिवस में एक भी फरियादी नहीं आए। हालांकि ब्लॉक दिवस को बैठक में बदल दिया गया। लालगंज ब्लाक सभागार में आयोजित ब्लॉक दिवस में नवागत खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने ब्लाक के सभी कर्मचारियों के बीच परिचय प्राप्त करते हुए निर्देशित किया गया कि जनता की समस्या प्रमुखता से लें। उन्होंने शासन से संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिये जाने में किसी प्रकार कि लापरवाही न करे। कहा कि शासन की मंशा है कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित ना हो। मौके पर ब्लॉक प्रमुख जयंत कुमार, कुलदीप पटेल, ग्राम प्रधान गणेश शंकर दुबे, संजय, रोशन, शांति एवं ग्राम विकास अधिकारी श्यामधर तिवारी, कैलाश आदि मौजूद रहे।

### थानाध्यक्ष ने बीट तंत्र को मजबूत बनाने के लिए किया बैठक

**राजगढ़।** नवागत थानाध्यक्ष ने कार्यभार संभालने के बाद बीट व हल्का प्रभारियों के साथ अपने विचारों को साझा किया। उन्होंने अपने साथ काम कर रहे पुलिसकर्मियों को कड़ी मेहनत कर अपने सूचना तंत्रों को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय होने की बात कही। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए बीट व हल्का प्रभारियों के साथ आवश्यक बैठक बुलाई। इस दौरान बैठक में उपस्थित समस्त प्रभारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि आस पास की घटनाओं पर पैनी नजर रखी जाय तथा सूचना तंत्र को मजबूत बनाने पर विशेष जोर देकर आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सूचनाओं के अभिलेखीकरण के लिए भी आवश्यक कदम उठाएं। बैठक के बाद समस्त पुलिसकर्मियों को एक डायरी व पेन देकर प्रभावी कार्रवाई हेतु सक्रियता से जुट जाने की बात कही। बैठक में अविनाश सिंह, मनोज सिंह, आशुतोष दुबे, प्रभूनाथ शर्मा, प्रशान्त राय आदि उपस्थित रहे।

### बारात में आये युवकों ने गाड़ी का शीशा तोड़कर की चोरी

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बघौडा गांव में मंगलवार की रात बारात में आए दो युवकों द्वारा गाड़ी का शीशा तोड़कर चोरी करने की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही में जुट गई है। थाना क्षेत्र के बघौड़ा गांव में मंगलवार की रात प्रयागराज जिले के कोराव से बारात आई हुई थी। जब सभी बाराती द्वारपूजा पर चले गए तो बरात में आए दो युवक खड़ी दो वाहनों का शीशा तोड़कर उसमें चोरी करने लगे। चोरी करता देख ग्रामीणों ने शोर मचाया जिस पर युवक वाहन से निकल कर भाग गए। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस राजगढ़ थाना में 379 व 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही में जुट गई है।

### राजपुर गांव का पीडी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**हलिया।** बुधवार को ब्लॉक सभागार में सचिवों की बैठक के बाद राजपुर गांव में विकास कार्यो का पीडी अनय कुमार मिश्र ने खंड विकास अधिकारी कुलदीप पटेल के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवास, शौचालय, गाँव में चल रहे इंटरलाकिंग आदि कार्यो का निरीक्षण किया तथा सचिव को विकास कार्यों में लापरवाही न बरतने पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। इस मौके पर सचिव अरविंद, जेई सुनील कुमार खरवार, ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# डोर-टू-डोर अभियान को डीएम ने दिखायी हरी झंडी

**पहल**

### नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए पहले प्रार्थना फिर वसूला जायेगा जुर्माना



वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करतीं डीएम

**मीरजापुर।** नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाये रखने के लिए 10 तक अभियान की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह टीम नगर के विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर जाकर अभियान की जानकारी देगी। तीन चरणों में होने वाले कार्यक्रम में पहले प्रार्थना बाद में पेनाल्टी का प्रविधान किया गया है।

इस मौके पर अपर डीएम वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा, अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे। डीएम दिव्या मित्तल ने हरी झण्डी दिखाकर स्वच्छता टीम को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। उन्होंने आम जनता से नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने की मुहिम में भागीदारी का आह्वान किया। बताया कि यह अभियान 31 मार्च तक चलाया जायेगा। डीएम दिव्या मित्तल ने बताया कि ट्रिपल पी योजना के साथ यह अभियान आरम्भ किया गया है। पहला चरण प्रार्थना का होगा। जो 15 फरवरी तक चलेगा। जिसमे लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आमजन मानस को दुर्गंध मुक्त वातावरण, संक्रामक रोगों से बचाव एवं स्वच्छ गली,स्वच्छ मोहल्ला सहित बेहतर जीवन स्तर के बारे में अवगत कराया जायेगा। द्वितीय चरण सहभागिता का 16 फरवरी से 3 मार्च तक चलेगा।

तृतीय चरण में जुर्माना 4 से 31 मार्च तक चलेगा। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में आमजन मानस की सहभागिता के लिए लोगो को जागरूक किया जायेगा। इसके बाद डोर टू डोर अभियान में सहयोग न करने वालें,बल्क वेस्ट जेनरेटर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर चालान किया जायेगा।

## युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में मचा कोहराम

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मगरदा गांव निवासी 40 वर्षीय युवक की बीती रात रोड एक्सीडेंट में गाजियाबाद में मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही घर पर स्वजनों में कोहराम मच गया। लालगंज थाना क्षेत्र के मगरदा गांव निवासी श्यामसुंदर गुप्ता गाजियाबाद में खोमचे पर गोलगप्पे का दुकान रोड के पटरी पर करते थे। बीते मंगलवार की रात दुकान बंद कर सिर पर सामान रख कर वापस जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिसमें दोनों पैर की हड्डियां पूरी तरह टूट गई और गंभीर रुप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक द्वारा श्यामसुंदर गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। श्याम सुंदर के घर पर मौत की खबर मिलते ही कोहराम मच गया। श्याम सुंदर पत्नी व तीन बच्चो के साथ गाजियाबाद में रहकर गोलगप्पे की दुकान चलाते थे।शव लाने के लिए परिजन घर से रवाना हो गए हैं। गुरुवार को शाम तक लेकर घर पहुंचेंगे गांव में मातम पसर गया है।

# कछवां को पांच विकेट से हराकर मथुरा बना चैंपियन



**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित गांधी विद्यालय के मैदान पर चल रहे आठ दिवसीय स्वर्गीय सुघर बाशा देवी स्मारक राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को फाइनल मैच कछवां और मथुरा के मध्य निर्धारित 20-20 ओवरों का खेला गया। जिसमें टॉस कछवां की टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वहीं कछवां की शुरूआत बेहद निराशाजनक रही। मथुरा टीम के खिलाड़ियों ने जबरदस्त फिल्डिंग कर नौ विकेट झटक लिए और बीस ओवरों में मात्र 167 रन पर ही कछवां की टीम सिमट गई। वही जवाब देने उतरी मथुरा की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए महज अठ्ठारह ओवरों में ही जबरदस्त पारी खेलते हुए पांच विकेट से मैच जीत ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। इस दौरान श्री गांधी विद्यालय स्टेडियम के मैदान में करीब दस हजार की संख्या में दर्शकों की भारी भीड़ से खचाखच भरी रही। वही लोग विद्यालय व कांशीराम आवास के छतों पर बैठने को मजबूर रहे। लेकिन दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। वही अंपायरिंग की भूमिका संदीप सिंह एवं अजय कुमार ने की जबकि स्कोरिंग प्रवीण कुमार उपाध्याय और कमेंट्री की भूमिका जावेद आलम ने निभाई। इसके पूर्व उत्तर प्रदेश पुलिस के एस आई व समाजसेवी हरेश कुमार सिंह ने फाइनल मैच का फीता काटकर उद्घाटन किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रबंधक हरिमोहन सिंह उर्फ टप्पू बाबू, निवर्तमान चेयरमैन पंधारी कुमार यादव, पवन मिश्रा, शशिकांत उपाध्याय, राजन शेख आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रीरामचरितमानस पर टिप्पणी करने वालों पर लगे एनएसए



बुद्धि की शुद्धि के लिए यज्ञ करते लोग

**मीरजापुर।** विंध्याचल स्थित विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में श्रीरामचरितमानस पर टिप्पणी करने वाले नेताओं की बुद्धि की शुद्धि के लिए यज्ञ किया गया। केबीपीजी कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष और श्रीविंध्य पंडा समाज के सदस्य शनि दत्त पाठक के नेतृत्व में श्रीरामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी करने वाले नेताओं पर ठरअ लगाने की मांग की गई।

कार्रवाई न किए जाने पर अनशन की चेतावनी दी गई। पंडा समाज के सदस्यों ने धर्म पर आघात करने वाले नेताओं की बयानबाजी पर आक्रोश जताया। कहा कि अभिव्यक्ति के नाम पर जाति विशेष की राजनीति करने वाले धर्म पर बयानबाजी कर समाज में जहर घोल कर सामाजिक विद्वेष फैलाने का काम कर रहे है। जिससे समाज और देश के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो सकती हैं। श्रीरामचरितमानस पर सपा नेताओं के द्वारा अभद्र टिप्पणी की जा रही हैं। उसी के परिपेक्ष में मां विंध्यवासिनी मंदिर में बुद्धि शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रीरामचरितमानस करोड़ों हिंदुओं के आस्था का केंद्र है।

जिससे लोगों को जीवन में जीने की सीख मिलती है। धर्म ग्रंथ के बारे में गलत टिप्पणी करना बहुत ही अशोभनीय है। सरकार से मांग किया कि अभद्र टिप्पणी करने वाले नेताओं के ऊपर एनएसए लगाना चाहिए। सुसंगत धाराओं में इन्हे जीवन पर्यंत जेल में डाल देना चाहिए। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो हम अनशन करने पर मजबूर होंगे।

## आटो की चपेट में आने से बालिका की हुई मौत

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित महोगढ़ी गांव में बुधवार शाम चार बजे के करीब मां के साथ सड़क पार कर रही दस वर्षीया बालिका को अनियंत्रित आटो ने टक्कर मार दिया जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन उपचार हेतु अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में बालिका की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आटो चालक को हिरासत में लेकर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। महोगढ़ी गांव निवासी विष्णु कोल की दस वर्षीया बालिका सावित्री बुधवार शाम चार बजे के करीब अपनी मां श्यामकली के साथ ड्रमंडगंज बाजार से वापस घर लौट रही थी कि महोगढ़ी प्राथमिक विद्यालय के पास सड़क पार कर रही थी कि हलिया की तरफ से ड्रमंडगंज की तरफ जा रहे आटो ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया जिससे बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। बालिका की माता की चीख-पुकार सुनकर आटो चालक को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। बालिका की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृत बालिका दो भाइयों और दो बहनों में बड़ी थी और प्राथमिक विद्यालय महोगढ़ी की छात्रा थी।

# ग्राम न्यायालय संचालित न होने पर अधिवक्ताओं ने दिया पत्रक

**मांग**

### अनदेखी करने का प्रशासन पर लगाया आरोप, व्यक्त किया क्षोभ



ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते अधिवक्ता

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला के अध्यक्षता में अधिवक्ता सभागार में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में अधिवक्ताओं द्वारा ग्राम न्यायालय संचालित न किए जाने पर क्षोभ व्यक्त किया। अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव की कॉपी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा को सौंपा। पत्रक लेते हुए उन्होंने जिलाधिकारी के यहां भेजने का आश्वासन दिया।

बैठक में अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय संचालित न किए जाने को लेकर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि तहसील मड़िहान चुनार अन्य तहसीलों में ग्राम न्यायालय संचालित कराया जा रहा है किंतु लालगंज में ग्राम न्यायालय संचालित नहीं हो रहा है अनदेखी किया जा रहा है। जब कि मध्य प्रदेश बॉर्डर के फरियादी ग्राम न्यायालय ना होने की वजह से मिजार्पुर जाने के लिए 1 दिन पहले जाना पड़ता है। ऐसे में लालगंज तहसील में ग्राम न्यायालय संचालित किया जाना न्याय हित में अत्यंत आवश्यक है।

अधिवक्ताओं द्वारा ग्राम न्यायालय संचालित किए जाने के लिए कई बार उच्चाधिकारियों के यहां पत्र देने के बावजूद भी आज तक ग्राम न्यायालय संचालित नहीं किया गया जिससे हम अधिवक्ता गण ग्राम में संचालित कराने के लिए अब अनशन करने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिल शुक्ला एड, सचिव हृदय शंकर चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद मौर्य, अनिल सिंह, कुबेर मौर्या, राजमणि, विनोद कुमार मौर्य, संतोष त्रिपाठी, चंद्र दत्त त्रिपाठी, कमलेश मिश्रा, शिवम कुमार पांडे, विपिन तिवारी, संतोष मिश्रा, एसपी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## एलेक्जेंडर ज्वेरोव पर लगे घरेलू उत्पीड़न के आरोप झूठे, नहीं मिला कोई सबूत

**लंदन।** जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरोव को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा क्योंकि पुरुष पेशेवर टूर एटीपी ने कहा है कि उनके खिलाफ घरेलू उत्पीड़न के आरोपों की जांच में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले हैं। एटीपी ने अक्टूबर 2021 में जांच शुरू की थी जब ज्वेरेव की पूर्व प्रेमिका ओलिया शेरीपोवा ने 2020 अमेरिकी ओपन उप विजेता पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। एटीपी ने बयान में कहा, विश्वसनीय साक्ष्यों और चश्मदीदों के बयान के आभाव तथा शेरीपोवा, ज्वेरेव और अन्य के विरोधाभासी बयानों के आधार पर जांच समिति उत्पीड़न के आरोपों को प्रमाणित करने या यह निर्धारित करने में असमर्थ थी कि एटीपी के नियमों का उल्लंघन हुआ। टोक्यो ओलंपिक में एकल स्वर्ण पदक जीतने वाले दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी 25 साल के ज्वेरेव ने हमेशा आरोपों से इनकार किया था।



# विश्व चैंपियन अंडर-19 महिला टीम को बीसीसीआई ने किया सम्मानित, सचिन तेंदुलकर बोले- आप देश के लिए रोल मॉडल

### हाल ही में महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम को पांच करोड़ रुपये पुरस्कार के तौर पर दिए

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम को अहमदाबाद में सम्मानित किया है। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए सम्मान समारोह में बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को पांच करोड़ रुपये पुरस्कार के तौर पर दिए। कार्यक्रम में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और सचिव जय शाह मौजूद रहे।




युवा महिला क्रिकेटरों को संबोधित करते हुए सचिन तेंदुलकर ने कहा- मैं बधाई देना चाहता हूं अंडर-19 टीम को। यह एक शानदार उपलब्धि है। पूरा देश इस जीत का जश्न मना रहा है और लोग आने वाले समय में इससे काफी प्रेरणा ले सकेंगे। आपके इस वर्ल्ड कप को जीतकर कई युवा लड़कियों को क्रिकेट चुनने के लिए प्रेरित किया है। मुझे आशा है कि आप आगे भी ऐसी ही युवाओं को प्रेरित करती रहेंगी। हमें हमेशा अपने फाउंडेशन को याद रखना चाहिए। कहां से हमने इस जीत की नींव रखी। हमें बीसीसीआई के योगदान को याद रखना चाहिए, चाहे वह अध्यक्ष रोजर बिन्नी हों या जय शाह या राजीव शुक्ला। इसके अलावा सचिन तेंदुलकर ने आगामी महिला प्रीमियर लीग की भी तारीफ की। उन्होंने कहा- हढछ बहुत ही बड़ा टूनामेंट है। मैं पुरुष और महिलाओं के लिए समानाता में विचार रखता हूं। मैं बीसीसीआई और महिला खिलाड़ियों को इस टूनामेंट के आयोजन के लिए बधाई देता हूं।

भारत की महिला अंडर -19 टीम ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर विश्व कप जीता। यह महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का पहला संस्करण था। उसके तुरंत बाद जय शाह ने एक फरवरी को अहमदाबाद में भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 को देखने के लिए टीम को आमंत्रित किया था। इस जीत के साथ ही महिला क्रिकेट में ट्रॉफी के लिए भारत का लंबा इंतजार खत्म हुआ। शाह ने ट्वीट किया था- मैं शेफाली वर्मा और उनकी विजयी टीम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हमारे साथ जुड़ने और एक फरवरी को तीसरा टी20 मैच देखने के लिए आमंत्रित करता हूं।

यह बड़ी उपलब्धि निश्चित रूप से जश्न की मांग करती है। मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की पूरी टीम 68 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने 14 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिल टीम की तरह पिछले साल पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप में भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को हराया था और चैंपियन बने थे। यह अजब संयोग है कि भारतीय अंडर-19 पुरुष और महिला दोनों टीमें इंग्लैंड को हराकर ही चैंपियन बनी हैं। यश ढुल की कप्तानी में पिछले साल भारत ने अंडर-19 विश्व कप जीता था। हालांकि, वह टूर्नामेंट 50 ओवर के फॉर्मेट में खेला गया था। वहीं, महिला टीम की कप्तान शेफाली वर्मा रहीं।

***कई खिलाड़ियों का सीनियर टीम में हो सकता है चयन***

भारत की अंडर-19 टीम की कई खिलाड़ियों का अगले महीने होने वाले सीनियर महिला टी20 विश्व कप टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में चयन हो सकता है।

शेफाली वर्मा के अलावा श्वेता सहरावत, पार्श्वी चोपड़ा और ऋचा घोष जैसी खिलाड़ी सीनियर टीम में जगह बना सकती हैं।

## हार्दिक और अर्शदीप ने न्यूजीलैंड को दिए शुरूआती झटके, फिन एलेन-डेवोन कॉन्वे आउट



भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जा रहा है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दोनों टीमें आमने-सामने हैं। भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। टीम इंडिया ने 20 ओवर में चार विकेट पर 234 रन बनाए। शुभमन गिल ने 63 गेंद पर नाबाद 126 रन बनाए। भारत ने 20 ओवर में चार विकेट पर 234 रन बनाए। न्यूजीलैंड को जीत के लिए 235 रन बनाने होंगे। टीम इंडिया के लिए शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा नाबाद 126 रन बनाए। उन्होंने 63 गेंद की पारी में 12 चौके और सात छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 200.00 का रहा। गिल के टेस्ट और वनडे के बाद अब टी20 फॉर्मेट में भी शतक हो गए हैं। गिल के साथ दीपक हुड्डा नाबाद रहे। दीपक ने दो गेंद पर दो रन बनाए। कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ईशान किशन और शुभमन गिल से अच्छी शुरूआत की उम्मीद थी, लेकिन किशन एक बार फिर फेल हो गए। वह तीन गेंद पर एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। किशन को माइकल ब्रैसवेल ने एलबीडब्ल्यू किया।

## सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी रैंकिंग में हासिल की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग, कुलदीप और चहल को भी हुआ फायदा

### आईसीसी टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार पहले स्थान पर काबिज

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा ताजा जारी रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को जबरदस्त फायदा हुआ है। उन्होंने अपने टी20 करियर में सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए हैं। आईसीसी टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार पहले स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ रांची में खेले गए पहले टी20 में 47 बनाए थे। इससे उनके रेटिंग पॉइंट्स 910 हो गए थे। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग थी।



इसके बाद लखनऊ में खेले गए दूसरे टी20 में सूर्या ने 26 रन की नाबाद पारी खेली थी। उन्हें टीम इंडिया को मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। इस कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच भी चुना था। हालांकि, उन्हें दो रेटिंग पॉइंट्स का नुकसान हुआ और वह अब 908 हो गया है। सूर्यकुमार के पास अहमदाबाद में होने वाले तीसरे टी20 के दौरान इसे बेहतर करने का मौका होगा।

गेंदबाजों की बात करें तो भारत के अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव को फायदा हुआ है। चहल को छह स्थान और कुलदीप को 54 स्थान का फायदा हुआ है। दोनों क्रमशः 34वें और 81वें स्थान पर आ गए हैं।

***फिन एलेन और डेरेल मिचेल भी आगे बढ़ें***

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलेन बल्लेबाजों की सूची में आठ स्थान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि उनके साथी डेरेल मिचेल भारत के खिलाफ शुरूआती मैच में अपने नाबाद अर्धशतक के बाद नौ स्थान के सुधार के साथ 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

वनडे रैंकिंग में जोफ्रा आर्चर की वापसी इस सप्ताह वनडे रैंकिंग में थोड़ा बदलाव हुआ। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वापसी की। वह लंबे समय से चोटिल थे। वह रैंकिंग में 35वें स्थान से लौटे हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रसी वान डर डुसन को रैंकिंग में फायदा हुआ है। बावुमा ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे मैच के दौरान ब्लॉमफोन्टेन में शानदार शतक लगाया और वनडे य बल्लेबाजों की सूची में 27 स्थान ऊपर चढ़कर 49वें स्थान पर आ गए। बाबर आजम अभी भी वनडे में शीर्ष पर काबिज हैं।

## पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर ने की शाहीन अफरीदी से बुमराह की तुलना, पहले भी बोला था 'बेबी बॉलर'

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर अब्दुल रज्जाक ने भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और शाहीन अफरीदी को लेकर अजीब बयान दिया है। अब्दुल रज्जाक ने कहा कि बुमराह से शाहीन अफरीदी बेहतर हैं। वह शाहीन के स्तर के करीब भी नहीं हैं। आपको बता दें कि जसप्रीत बुमराह और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी मौजूदा समय के सबसे घातक तेज गेंदबाजों में से एक हैं। बुमराह फिलहाल चोट के कारण बाहर हैं। वहीं, शाहीन अफरीदी भी काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। दोनों के बीच तुलना होती रहती है।



यह पूछे जाने पर कि नसीम शाह, हारिस रऊफ और शाहीन में से बेहतर कौन है? रज्जाक ने जवाब दिया कि तीनों अच्छे हैं। यह पहली बार नहीं है जब रज्जाक ने बुमराह को लेकर ऐसा बयान दिया है। इससे पहले 2019 में रज्जाक ने बुमराह को 'बेबी बॉलर' कहा था और दावा किया था कि अगर वह अभी भी खेल रहे होते तो भारतीय तेज गेंदबाज पर उनका दबदबा होता। रज्जाक ने तब क्रिकेट पाकिस्तान से कहा था, रमैं ग्लेन मैक्ग्रा और वसीम अकरम जैसे महान गेंदबाजों के सामने खेला हूं, इसलिए बुमराह मेरे सामने एक बेबी बॉलर हैं और मैं आसानी से उन पर हावी हो सकता था।

# एक हफ्ते बाद उत्तराखंड से वापस लौटे विरुष्का बेटी वामिका के साथ खूब की मौज-मस्ती

**देहरादून।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और क्रिकेटर विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा परिवार के साथ एक हफ्ते बाद उत्तराखंड प्रवास से वापस मुंबई लौट गए। बुधवार दोपहर उन्होंने जौलीग्रांट एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भरी।

इस एक हफ्ते में विरुष्का ने एक ओर जहां दयानंद आश्रम पहुंचकर शांत वातावरण में अपने को लीन कर लिया, वहीं, उन्होंने पहाड़ों की सैर कर बेटी वामिका के साथ खूब मौज-मस्ती भी की।

अनुष्का शर्मा ने अपने फेसबुक पेज पर अपनी इस यात्रा की खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वे ट्रैकिंग कर रहे हैं और विराट कोहली ने बेटी वामिका के साथ नदी में अठखेलियां भी की।





बता दें कि विराट कोहली परिवार के साथ 26 जनवरी को पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर के बैरागढ़ पहुंचे थे। वह यहां सहेजा रिट्रीट इन लैप ऑफ मदर नेचर रिजॉर्ट में ठहरे हुए थे। विराट और उनका परिवार कार से ऋषिकेश पहुंचा था, इसलिए किसी को उनके ऋषिकेश पहुंचने की भनक नहीं लग पाई। मंगलवार को सुबह विराट कोहली और अनुष्का शर्मा जैकेट और सामान्य लोअर पहनकर आस्था पथ किनारे सैर के लिए निकले। अनुष्ठान और भंडारे के दौरान विराट ने काले रंग की टीशर्ट और लोअर पहना था। अनुष्का ने सफेद रंग का कुर्ता-पायजामा पहना था। आश्रम के प्रबंधक गुणानंद रयाल ने बताया, दोनों एक बिल्डर्स की ओर से आयोजित भंडारे में शामिल हुए। शाम को दोनों ने गंगा घाट पर आरती की। वहीं, रात को आश्रम की रसोई में बना भोजन किया। इस दौरान मुनिकी रेती और ऋषिकेश का पुलिस बल तैनात रहा। दोनों ने आश्रम में अपने निजी प्रशिक्षक की देखरेख में योग भी किया। वहीं, आश्रम में विशेष पूजा अर्चना और अनुष्ठान के बाद 251 साधु-संतों को भोजन कराया। इस दौरान प्रशंसक उनके साथ सेल्फी लेने लगे।

## भारत रवाना नहीं हो पाए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा, भारतीय वीजा का कर रहे इंतजार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वीजा विलंब के कारण बुधवार को अपने साथियों के साथ भारत रवाना नहीं हो पाए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ख्वाजा के बिना ही भारत के खिलाफ चार टेस्ट की बहुप्रतीक्षित श्रृंखला के लिए रवाना हो गई। ख्वाजा के अब गुरुवार को भारत रवाना होने की उम्मीद है। ख्वाजा ने सोशल मीडिया पर एक मीम पोस्ट करते हुए लिखा, मैं अपने भारतीय वीजा का इंतजार कर रहा हूं। पाकिस्तान में जन्में ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 56 टेस्ट, 40 एकदिवसीय और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह 36 वर्षीय बल्लेबाज 2016 में आईपीएल में हिस्सा ले चुका है। ख्वाजा को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया का साल का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी चुना गया। इस पुरस्कार का नाम दिग्गज स्पिनर शेन वार्न के नाम पर रखा गया है। ऑस्ट्रेलिया की टीम बेंगलुरू के बाहरी हिस्से में चार दिवसीय ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लेगी और फिर नौ फरवरी से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए नागपुर रवाना होगी। बाकी तीन टेस्ट का आयोजन नयी दिल्ली, धर्मशाला और अहमदाबाद में होगा। दोनों टीम इस श्रृंखला से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह जगह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगी।



# पहले टेस्ट मैच से बाहर हुए श्रेयस अय्यर, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया में गिल और सूर्यकुमार बने दावेदार

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर के कमर की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर होने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव पर शुभमन गिल को तरजीह देते हुए उन्हें खिलाने पर विचार कर सकता है। अय्यर कमर में जकड़न से उबरने में नाकाम रहे हैं और उनके बाहर होने से भारतीय मध्यक्रम में एक स्थान बनेगा। इस स्थान के दावेदार सूर्यकुमार और गिल हैं। सूर्यकुमार ने अपने करियर में मध्यक्रम में ही बल्लेबाजी की है जबकि गिल ने टेस्ट क्रिकेट में अधिकतर राष्ट्रीय टीम के लिए पारी का आगाज किया है। अपने संक्षिप्त टेस्ट करियर में अब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले अय्यर ने पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में 2-0 की जीत के दौरान भी शानदार प्रदर्शन किया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, न्यूजीलैंड की टीम जब 2021 के अंत में भारत आई थी तो मध्यक्रम में शुभमन गिल के नाम पर विचार किया गया था क्योंकि लोकेश राहुल को मयंक अग्रवाल के साथ पारी का आगाज करना था। इसके बाद राहुल चोटिल हो गए और गिल ने पारी का आगाज किया। इसके बाद वह चोबारा चोटिल हो गया। लाल गेंद के क्रिकेट में मध्यक्रम के लिए उसके नाम पर विचार हुआ था। कप्तान रोहित शर्मा और उप कप्तान राहुल टीम में सलामी जोड़ी के रूप में पहली पसंद हैं। इनके बाद तीसरे नंबर पर चेतेश्वर पुजारा और चौथे नंबर पर विराट कोहली का खेलना तय है। पांचवां क्रम काफी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि उम्मीद की जाती है कि इस क्रम पर उतरने वाला बल्लेबाज दूसरी नई गेंद का सामना करेगा। गिल के मामले में टेस्ट क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने और लाल गेंद का करियर मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरू करने के कारण उनका पलड़ा भारी रहेगा। पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा, जब भारत ए की जिम्मेदारी राहुल द्रविड़ के हाथों में थी तो गिल वेस्टइंडीज के ए दौरे पर मध्यक्रम में खेले थे जहां उन्होंने एक दोहरा शतक भी जड़ा था। असल में शुरूआत में वह मध्यक्रम का बल्लेबाज था जिसे सलामी बल्लेबाज में बदला गया। स्पिन की अनुकूल पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ सूर्यकुमार का दबदबा महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा, अगर नाथन लियोन अपनी ऑफ स्पिन गेंदों को अधिक टर्न कराने में सफल रहते हैं तो सूर्यकुमार अपने फुटवर्क से उनकी लय बिगाड़ सकते हैं लेकिन पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के खिलाफ गिल बेहतर विकल्प हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला से बाहर रहे अय्यर चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन करा रहे हैं।



## इंग्लिश लीग कप के फाइनल में पहुंचा न्यूकासल क्लब, साउथम्पटन को दी 2-1 से मात

**न्यूकासल।** सऊदी समर्थित स्वामित्व ने न्यूकासल क्लब में नई जान फूंकी जब टीम ने मौजूदा शताब्दी में पहली बार कप फाइनल में जगह बनाई और साथ ही मौजूदा सत्र में चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूनार्मेंट में क्वालीफाई करने की राह पर भी है। न्यूकासल ने मंगलवार को इंग्लिश लीग कप सेमीफाइनल के दूसरे चरण में साउथम्पटन को 2-1 से हराकर कुल स्कोर के आधार पर 3-1 से जीत दर्ज की। फाइनल में 26 फरवरी को न्यूकासल की भिड़ंत मैनचेस्टर यूनाईटेड से होने की उम्मीद है जो नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ पिछले हफ्ते पहले चरण के मुकाबले में 3-0 की जीत से अपनी स्थिति काफी मजबूत कर चुका है। दूसरे चरण का मुकाबला बुधवार को होगा। न्यूकासल ने 1976 के बाद पहली बार लीग कप फाइनल में जगह बनाई है जबकि टीम ने पिछली बार फाइनल मुकाबला 1999 में एफए कप में मैनचेस्टर यूनाईटेड के खिलाफ खेला था। टीम अभी प्रीमियर लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही है और अगर सत्र का अंत शीर्ष चार में करती है तो चैंपियन्स लीग में जगह बना लेगी। एफए कप में ब्लैकबर्न ने दूसरे टीयर की अपनी साथी टीम बर्मिंघम को चौथे दौर के मुकाबले में 1-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई जहां उसका सामना लीसेस्टर से होगा। मैच का एकमात्र गोल आत्मघाती रहा जो बर्मिंघम के डिफेंडर ऑस्टन ट्रस्टी ने किया।




# एलजी ने छह फरवरी को मेयर चुनाव कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी, दो बार हंगामे की भेंट चढ़ चुकी बैठक

## साथ ही राज्यपाल ने मेयर, डिप्टी मेयर और 6 सदस्यीय स्थायी समिति के चुनाव के लिए कहा, एमसीडी ने 10 फरवरी को सदन की बैठक बुलाने के लिए दिल्ली सरकार को फाइल भेजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल ने एमसीडी की स्थगित पहली बैठक आयोजित करने के लिए डिप्टी सीएम और सीएम द्वारा प्रस्तावित छह फरवरी को मंजूरी दे दी है। साथ ही राज्यपाल ने मेयर, डिप्टी मेयर और 6 सदस्यीय स्थायी समिति के चुनाव के लिए कहा है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की फटकार से बचने के लिए एमसीडी ने महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति के छह सदस्यों का चुनाव कराने के लिए सदन की बैठक बुलाने की प्रक्रिया आरंभ की है। एमसीडी ने 10 फरवरी को सदन की बैठक बुलाने के लिए दिल्ली सरकार को फाइल भेजी है, जबकि दिल्ली सरकार ने फाइल में संशोधन करते हुए तीन, चार व छह फरवरी में से किसी



एक दिन बैठक बुलाने का प्रस्ताव उपराज्यपाल के पास भेजा था। राज्यपाल ने छह फरवरी को बैठक आयोजित करने की मंजूरी दे दी है। इस मामले में आम आदमी पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार शैली ऑबराय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की हुई है। सर्वप्रथम राज्यपाल ने एमसीडी के प्रस्ताव के तहत सदन की बैठक की तिथि छह जनवरी तय की थी। इस दिन पार्षदों को शपथ दिलाने की शुरूआत होते ही हंगामा हो गया था। इसके बाद उन्होंने दोबारा सदन की बैठक की तिथि दिल्ली सरकार के प्रस्ताव के तहत तय की थी।


दिल्ली सरकार के प्रस्ताव के अनुसार उन्होंने सदन की बैठक की तिथि 24 जनवरी तय की थी। इस दिन पार्षदों को शपथ दिलाने के बाद सदन की बैठक में हंगामा हो गया। इस कारण महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति के छह सदस्यों का चुनाव नहीं हो पाया। इस बीच आम आदमी पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार शैली ऑबराय ने सदन की बैठक में चुनाव नहीं कराए जाने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने गत शुक्रवार उनकी याचिका पर तीन फरवरी को सुनवाई करने का निर्णय लिया।

इस कारण एमसीडी ने सदन की बैठक बुलाने के लिए शुक्रवार को प्रक्रिया आरंभ नहीं की। इस दौरान एमसीडी ने तय किया था कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद ही वह बैठक बुलाने की पहल करेगी, लेकिन सोमवार को एमसीडी के वकीलों ने राय दी कि इस बारे में सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने का इंतजार करना सही नहीं है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने अभी याचिका पर सुनवाई नहीं की है। इस कारण याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की ओर से एमसीडी को फटकार लगाई जा सकती है। लिहाजा एमसीडी को सदन की बैठक बुलाने की प्रक्रिया आरंभ कर देनी चाहिए।

### केंद्रीय बजट में जम्मू कश्मीर की उपेक्षा की गयी : कांग्रेस

**जम्मू।** कांग्रेस की जम्मू कश्मीर इकाई ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बजट में इस केंद्र शासित प्रदेश की उपेक्षा की गई है और बढ़ती कीमतों तथा बेरोजगारी से निपटने के लिए इसमें कोई रोडमैप नहीं है। पार्टी की प्रदेश इकाई के मुख्य प्रवक्ता रविंदर शर्मा ने एक बयान में कहा,यह आम बजट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की आर्थिक नीतियों से सर्वाधिक प्रभावित छोटे व्यापारियों के अलावा गरीबों, बेरोजगार युवाओं और किसानों के लिए कोई अच्छी खबर नहीं लाया है। उन्होंने कहा कि बजट में बढ़ती कीमतों, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और किसानों द्वारा सामना किये जा रहे आर्थिक संकट से निपटने के लिए कोई रोडमैप नहीं है। उन्होंने कहा,जम्मू कश्मीर की आम बजट में उपेक्षा की गई है। इसके अलावा इसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के श्रमिकों की पारिश्रमिक नहीं बढ़ाई गई है। रविंदर शर्मा ने कहा, बजट में मध्यम वर्ग को छोटी सी कर छूट के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकताओं, दिहाड़ी मजदूरों और श्रमिक वर्ग के लिए कोई अच्छी खबर नहीं है।

### सिद्धार्थ-कियारा की शादी की तैयारियां तेज! मनीष मल्होत्रा के लहंगे में दुल्हन बनेंगी अभिनेत्री



**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। दोनों 'शेरशाह' फिल्म में साथ नजर आए थे और अपनी केमिस्ट्री से लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, अब दोनों की शादी की खबरों ने फैंस को एक्साइटेड कर दिया है। बताया जा रहा है सिद्धार्थ और कियारा 6 फरवरी को शादी के बंधन में बंध जाएंगे। इसी बीच कियारा और सिद्धार्थ का वीडियो वायरल हो रहा, जिसके बाद शादी की बातों ने जोर पकड़ लिया है। दरअसल, कियारा आडवाणी को मंगलवार देर रात फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के साथ स्पॉट किया गया। दोनों साथ में निकलते हैं और फिर अलग-अलग गाड़ियों में बैठकर चले जाते हैं। कियारा और मनीष को साथ देखने के बाद से ही शादी की खबरों को हवा मिल गई है। लोगों को मानना है कि कियारा अपनी शादी में मनीष मल्होत्रा का लहंगा ही पहनने वाली हैं। हालांकि इस मामले पर न तो कियारा ने कुछ कहा है और न ही मनीष ने।

## खास खबर

### धारावी के अशोक मिल परिसर में लगी आग, एक महिला की मौत

मुंबई। मुंबई की धारावी झुग्गी बस्ती में स्थित अशोक मिल परिसर में बुधवार को आग लग जाने से 62 वर्षीय एक महिला की मौत हो गयी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अशोक मिल परिसर में स्थित चार-पांच कपड़ा इकाइयां आग से प्रभावित हुईं। आग दोपहर में लगी थी। अधिकारी ने बताया कि आग बिजली के तार, बिजली के उपकरणों, मशीन और कपड़ा इकाइयों में वस्त्र तक सीमित रही। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के दौरान परिसर में स्थित दो मंजिला इमारत के भूतल पर एक स्नानघर में एक महिला फंसी मिली, जिसे तुरंत सायन अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए चार दमकल वाहन और तीन बड़े टैंकर मौके पर भेजे गये थे।

### बजट 2023-24 भारत को केवल कर्ज में डुबाएगा: सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट 2023-24 जुमला के अलावा और कुछ नहीं है और यह देश को कर्ज में डुबा देगा। सिसोदिया दिल्ली के वित्त मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट से 15 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ जायेगा। कहा, हम सभी जानते हैं कि भाजपा ने अच्छे दिन लाने जैसे वादे को जुमला बना दिया है। भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र का बजट एक जुमला के अलावा और कुछ नहीं है। हमने अतीत में ऐसे कई जुमले सुने हैं- जैसे बुलेट ट्रेन की शुरूआत या किसानों की आय दोगुनी करने या 60 लाख रोजगार सृजन करने का वादा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट देश को कर्ज में डुबा देगा। उन्होंने दावा किया कि 2014 तक केंद्र पर 53 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था और भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के लगातार दो कार्यकाल के दौरान देश पर 150 लाख करोड़ रुपये का कर्ज हो गया है।

## हिंदू महासभा के प्रदेश प्रवक्ता नजरबंद, चारबाग स्थित खम्मनपीर मजार को हटाने की मांग की थी

### मजार पर सुंदरकांड का पाठ करने के ऐलान के बाद मजार की सुरक्षा बढ़ा दी गई



**लखनऊ।** लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन परिसर स्थित खम्मनपीर मजार को हटाने की मांग अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने की थी। वहीं घोषणा की थी बुधवार को मजार पर सुंदरकांड का पाठ करेंगे। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक रेलवे के निर्देश पर मजार की सुरक्षा बढ़ा दी गई। वहीं लालबाग स्थित प्रदेश प्रवक्ता के आवास पर कैसरबाग पुलिस ने घेरा डाल दिया। उनको नजरबंद कर दिया गया है।

महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी को नजरबंजद करने केबाद कैसरबाग पुलिस ने घर के अंदर से लेकर बाहर तक छावनी बना दी है। इस दौरान शिशिर ने विरोध करने की कोशिश की लेकिन पुलिस के सामने उनकी एक न चली। पुलिस ने कार्रवाई करने का हवाला दिया, जिसके बाद वह शांत हो गए। इस मामले को लेकर 29 जनवरी को जीआरपी चारबाग के इंस्पेक्टर ने पुलिस अधीक्षक रेलवे पूजा यादव को रिपोर्ट भेजी थी।

जिसके बाद 31 जनवरी की रात पुलिस अधीक्षक रेलवे ने कड़े निर्देश देते हुए खम्मनपीर मजार के आस पास सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही कहा था कि अगर शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने की कोई भी व्यक्ति कोशिश करे तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। खम्मनपीर मजार के आस पास प्रदर्शन और हंगामे की आशंका से मंगलवार देर रात से ही लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट मध्य जोन और रेलवे पुलिस अलर्ट हो गई।


### दिल्ली के वन क्षेत्र में आ रही कमी, प्रकृति के साथ अन्याय: उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी अपने वन क्षेत्र को 'तेजी' से गंवा रही है और यहां प्रकृति के साथ 'अन्याय' किया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से इस मामले को व्यक्तिगत रूप से देखने को कहा है। उच्च न्यायालय ने ऐश्वर्या भाटी से उच्चतम न्यायालय के समक्ष समान मुद्दों वाले एक लंबित मामले की स्थिति के बारे में भी पूछा, जिसमें राजधानी में हरित क्षेत्र की कमी भी शामिल है। उच्च न्यायालय की पीठ ने ऐश्वर्या भाटी से पूछा, यह एक ऐसा मामला है जो इस बात को उजागर करता है कि दिल्ली में वन क्षेत्र तेजी से कम हो रहा है और केंद्रीय रिज क्षेत्र के आस-पास इमारतों का निर्माण किया जा रहा है और असोला अभयारण्य के आस-पास के अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है। क्या उच्चतम न्यायालय में लंबित मामले में दिल्ली के वन क्षेत्र का भी ख्याल रखा गया है? इस पर विधि अधिकारी ने कहा कि शीर्ष अदालत के मामले में सब कुछ शामिल है और वे भी शीर्ष अदालत में सुनवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## इस साल गर्मियों में प्रधानमंत्री मोदी कर सकते हैं अमेरिका की यात्रा, जो बाइडेन ने किया राजकीय यात्रा के लिये आमंत्रित

### निमंत्रण को सैद्धांतिक रूप में स्वीकार कर लिया गया है और दोनों पक्षों के अधिकारी अब पारस्परिक रूप से यात्रा की संभावित तारीखों पर चर्चा कर रहे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस साल गर्मियों में अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक माना जा रहा है कि बाइडेन ने मोदी को देश की राजकीय यात्रा के लिये आमंत्रित किया है। सूत्रों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इस निमंत्रण को सैद्धांतिक रूप में स्वीकार कर लिया गया है और दोनों पक्षों के अधिकारी अब पारस्परिक रूप से यात्रा की संभावित तारीखों पर चर्चा कर रहे हैं।



सूत्रों ने बताया कि अभी योजना पर चर्चा प्रारंभिक चरण में हैं। भारत इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। भारत इस साल जी-20 से संबंधित कई कार्यक्रमों की मेजबानी भी कर रहा है, जिसके तहत सितंबर में एक शिखर सम्मेलन होगा जिसमें अन्य लोगों के साथ बाइडेन की हिस्सा लेंगे। दोनों पक्षों के अधिकारी जून और जुलाई में उपयुक्त तारीखों की तलाश कर रहे हैं। उस समय न केवल अमेरिकी प्रतिनिधि सभा और सीनेट के सत्र चल रहे होंगे, बल्कि तब प्रधानमंत्री मोदी के भी कोई पूर्व निर्धारित घरेलू या अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम नहीं हैं। यह राजकीय यात्रा कम से कम कुछ दिनों की होगी, जिसमें अन्य बातों के अलावा अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करना और व्हाइट हाउस में राजकीय रात्रिभोज शामिल होने की संभावना है। जी-20 के अलावा, प्रधानमंत्री मोदी को साल के उत्तरार्ध में कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करना है। साथ ही इस वर्ष के अंत में कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी के लिए प्रचार का जिम्मा भी उनपर होगा। सूत्रों ने हालांकि यह जानकारी नहीं दी कि यह निमंत्रण कब दिया गया और बाइडन की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय को यह व्यक्तिगत निमंत्रण किसने दिया। बाइडन ने पिछले साल दिसंबर में अपने पहले राजकीय रात्रिभोज में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मेजबानी की थी।

## बजट में जमुलो का प्रयोग, ईआरसीपी को राष्ट्रीय दर्जा नहीं, जनता सौतेले व्यवहार का देगी जवाब

### सीएम अशोक गहलोत ने केंद्रीय बजट 2023-24 पर प्रतिक्रिया दी

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने केंद्रीय बजट 2023-24 पर प्रतिक्रिया दी है। गहलोत ने कहा है कि बजट में केवल मीडिया में हेडलाइन बनाने वाले जुमलों का प्रयोग किया गया है, लेकिन गरीब लोगों के लिए कोरोना काल में संजीवनी साबित हुई महात्मा गांधी नरेगा जैसी योजनाओं में केन्द्र सरकार ने वर्ष 2023-24 का बजट प्रावधान 33 प्रतिशत यानी लगभग 30 हजार करोड़ रुपए कम कर दिया। जो साबित करता है कि यह बजट गरीब, भूमिहीन किसान और आमजन विरोधी है। इस बजट में कृषि और किसान कल्याण से संबंधित बहुत सारी थोथी घोषणाएं की गई है। लेकिन कृषि और कृषक कल्याण मंत्रालय के बजट में पिछले साल से लगभग 6 प्रतिशत यानी लगभग 7500 करोड़ रुपए कम राशि का प्रावधान किया गया है। इसी तरह यूरिया सब्सिडी मद में पिछले साल की तुलना में 15 प्रतिशत यानी लगभग 23000 करोड़ रुपए की कमी कर दी है।



*मंहगाई को कम करने के संबंध में कोई पॉलिसी स्टेटमेंट नहीं*

गहलोत बोले- केंद्र सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, महिला और बाल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की उपेक्षा करते हुए पिछले सालों की तुलना में इस बजट में ना के बराबर बढ़ोतरी की है। पूरा देश पिछले कुछ सालों से मंहगाई से त्रस्त है। आम आदमी के रोजाना काम में आने वाले आटा, दालों, तेल, साबुन वगैरह की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है। जिससे आम आदमी का जीवन जीना दूभर हो गया है। मंहगाई को कम करने के संबंध में कोई पॉलिसी स्टेटमेंट नहीं आने से आम आदमी का जीवन और भी मुश्किल होगा।

## त्रिपुरा चुनाव 2023: तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता और अभिषेक समेत 37 स्टार करेंगे प्रचार

### त्रिपुरा में पैर जमाने के लिए तृणमूल कांग्रेस ने पूरी रणनीति बना ली, बहुत जल्द एक पूरा समूह त्रिपुरा पहुंच रहा

**कोलकाता।** त्रिपुरा में पैर जमाने के लिए तृणमूल कांग्रेस ने पूरी रणनीति बना ली है। इसके तहत टीएमसी ने अपने स्टार प्रचारकों की भी घोषणा कर दी है। बहुत जल्द एक पूरा समूह त्रिपुरा पहुंच रहा है। बुधवार को 37 स्टार प्रचारकों में सूची में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी प्रचार प्रमुख हैं। बताया जा रहा है कि छह और सात फरवरी को दोनों त्रिपुरा आ रहे हैं। त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस ने ट्वीट करके यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सुब्रत बख्शी के साथ तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद सुदीप बनर्जी त्रिपुरा में चुनाव प्रचार करेंगे। लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा, काकली घोष दस्तीदार, कोलकाता की मेयर मिमी चक्रवर्ती और शहरी विकास और




नगरपालिका मामलों के मंत्री फिरहाद हाकिम सहित कुल 37 स्टार प्रचारक चुनाव में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों का हौसला बढ़ाने और उनका समर्थन करने आ रहे हैं। वहीं अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता व मंत्री शशि पांजा भी पहुंचेंगे। इनके अलावा, प्रचारकों में त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस के प्रभारी रजीब बनर्जी, त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष और त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस चुनाव समिति के अध्यक्ष पीयूष कांति बिस्वास, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव और त्रिपुरा प्रदेश तृणमूल कांग्रेस चुनाव समिति के सह-अध्यक्ष शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सयानी घोष, पश्चिम बंगाल राज्य तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता देबांशु भट्टाचार्य, पश्चिम बंगाल तृणमूल छात्र परिषद के उपाध्यक्ष सुदीप राहा और युवा तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेता त्रिपुरा के युवा समाज को बढ़ावा देने के लिए त्रिपुरा आ रहे हैं। लोकसभा सांसद और अभिनेता दीपक अधिकारी (देव), विधायक और अभिनेता सोहम चक्रवर्ती, विधायक और प्रसिद्ध गायिका अदिति मुंशी, अभिनेत्री सयंतिका बंद्योपाध्याय, अभिनेत्री जून माल्या और अन्य अभिनेता और अभिनेत्री विधानसभा चुनाव प्रचार करने आएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने वॉट्सऐप से केंद्र को 2021 में दिए गए हलफनामे को सार्वजनिक करने को कहा

### नयी निजता नीति पर सहमति नहीं जताने वाले उपयोगकताओं के लिए उपयोग की सीमा तय नहीं करेगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को वॉट्सऐप को निर्देश दिया कि केंद्र सरकार को 2021 में दिये अपने इस हलफनामे को सार्वजनिक करे कि वह उसकी नयी निजता नीति पर सहमति नहीं जताने वाले उपयोगकताओं के लिए उपयोग की सीमा तय नहीं करेगा। न्यायमूर्ति के एम जोसफ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने वॉट्सऐप से कहा कि सरकार को दिये गये हलफनामे को सार्वजनिक करने के लिए पांच अखबारों में विज्ञापन दिया जाए। पीठ में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार भी शामिल रहे। पीठ ने कहा, हम पत्र में (सरकार को लिखे गये) अपनाये गये रुख पर संज्ञान ले रहे हैं और वॉट्सऐप के वरिष्ठ वकील की दलीलों पर संज्ञान ले रहे हैं कि वे सुनवाई की अगली तारीख तक पत्र की




शर्तों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा, हम वॉट्सऐप को यह निर्देश भी देते हैं कि इस पहलू के बारे में पांच राष्ट्रीय अखबारों में दो बार वॉट्सऐप के उपभोक्ताओं को जानकारी दी जाए।

शीर्ष अदालत कर्मण्य सिंह सरीन और श्रेया सेठी नामक छात्रों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें वॉट्सऐप और उसकी मूल कंपनी फेसबुक के बीच उपयोगकताओं के कॉल, तस्वीरें, संदेश, वीडियो और दस्तावेजों को उपलब्ध कराने के लिए हुए समझौते को चुनौती दी गयी थी और इसे लोगों की निजता और बोलने की आजादी का उल्लंघन करार दिया गया थी।

## यूक्रेनी सेना में महिलाओं के प्रति बदल रहा है नजरिया, हालात बिगड़े तो उठा लिए हथियार

### क्रीमिया तथा पूर्वी यूक्रेन के क्षेत्रों पर रूस द्वारा कब्जा करने की शुरूआत के बाद से यूक्रेन की सेना में हजारों महिलाएं स्वेच्छा से शामिल हुई

**एब्रिस्विथ।** क्रीमिया तथा पूर्वी यूक्रेन के क्षेत्रों पर 2014 में रूस द्वारा कब्जा करने की शुरूआत के बाद से यूक्रेन की सेना में हजारों महिलाएं स्वेच्छा से शामिल हुई हैं। पिछले नौ साल से अधिक समय में यूक्रेन की सेना में शामिल होने वाली महिलाओं की संख्या दोगुने से अधिक हो गयी है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के पूरी ताकत के साथ हमला किये जाने के बाद यूक्रेन की सेना में शामिल होने के लिये महिलाओं के बीच एक लहर चल पड़ी है। ऐसे तो सोवियत संघ से 1991 में आजाद होने के बाद से ही यूक्रेन के सशस्त्र बल में महिलाएं अपनी सेवा दे रही हैं, लेकिन उनकी महत्वपूर्ण भूमिका 2014 की लड़ाई की के बाद से शुरू हुई। महिलाओं ने 2016 में



लड़ाकू भूमिकाओं में काम करना शुरू किया और 2022 में सभी सैन्य भूमिकाओं को महिलाओं के लिए खोल दिया गया। हालांकि, गैर-लड़ाकू भूमिका में शामिल कई महिलाएं, जैसे कि मेडिक्स, भी संघर्षरत और युद्ध के मोर्चे पर डटे अपने पुरुष और महिला सहयोगियों के समान ही खतरों और कठिनाइयों में हैं। यूक्रेन के उप रक्षा मंत्री हन्ना मलियार के अनुसार, 2022 की गर्मियों तक 50 हजार से अधिक महिलाओं को सेना में विभिन्न भूमिकाओं में लिया गया है, इनमें से करीब 38 हजार महिलाएं वर्दीधारी हैं। उनके अनुसार महिलाएं अब अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं में भी शामिल हैं। सशस्त्र बलों में शामिल महिलाओं को रूसियों द्वारा युद्धबंदी बनाया जा रहा है। यूक्रेनी मेडिक्स यूलिया पेवेस्का को तीन महीने की कैद हुई थी। पेवेस्का ने बताया, ह्यह्यहम लोगों के साथ जो व्यवहार किया गया वह बेहद कठिन और कठोर था। यूक्रेन एक ऐसा देश है जहां, पितृसत्तात्मक परंपरा बेहद मजबूत है, खास तौर से रक्षा क्षेत्र में। लेकिन यूक्रेन की महिला सैनिकों को यूक्रेन का समाज और देश का राजनीतिक नेतृत्व युद्ध के दौरान बड़े पैमाने पर स्वीकार कर रहे हैं। सेना और समाज में महिलाओं की उपस्थिति को पहचान का एक संकेत तब मिला जब 2021 में नेशनल डिफेंडर्स डे का नाम बदल कर डे ऑफ मेन एंड वूमन डिफेंडर्स ऑफ यूक्रेन कर दिया गया। रक्षा मंत्रालय अपने सोशल मीडिया पोस्ट में महिला सैनिकों की तस्वीर अब नियमित तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। यूक्रेन की महिला सैनिक भी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं और वह अपने सैन्य अनुभव के बारे में बातचीत करती रहती हैं।

### मुस्लिम महिलाएं खुला के जरिये सिर्फ परिवार अदालत में ले सकती हैं तलाक: मद्रास उच्च न्यायालय

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने अपने एक निर्णय में कहा है कि मुस्लिम महिलाओं के पास यह विकल्प है कि वे खुला (तलाक के लिए पत्नी द्वारा की गई पहल) के जरिये अपनी शादी को समाप्त करने के अधिकार का इस्तेमाल परिवार अदालत में कर सकती हैं, शरीयत काउंसिल जैसी निजी संस्थाओं में नहीं। अदालत ने कहा कि निजी संस्थाएं खुला के जरिये शादी समाप्त करने का फैसला नहीं दे सकतीं,ना ही विवाह विच्छेद को सत्यापित कर सकती हैं। अदालत ने कहा, वे न्यायालय नहीं हैं और ना ही विवादों के निपटारे के लिए मध्यस्थ हैं।अदालत ने कहा कि खुला मामलों में इस तरह की निजी संस्थाओं द्वारा जारी प्रमाणपत्र अवैध हैं। उल्लेखनीय है कि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को जारी किए गए खुला प्रमाणपत्र को रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की थी।




### गुलमर्ग में हिमस्खलन में 2 विदेशी नागरिकों की मौत, बचाव दल मौके पर मौजूद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग स्कीइंग रिजॉर्ट के ऊंचाई वाले इलाके में बुधवार को एक भीषण हिमस्खलन हुआ। बारामूला पुलिस के मुताबिक, हिमस्खलन गुलमर्ग में एक प्रसिद्ध स्की रिजॉर्ट अफरवत चोटी हापथखुद में हुआ। गुलमर्ग के प्रसिद्ध अफरवात चोटी पर हिमस्खलन हुआ। बारामूला पुलिस ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। बारामुला पुलिस का कहना है कि कुछ स्कीयरों के फंसे होने की खबरों की पुष्टि की जा रही है। बारामूला पुलिस ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू कर दिया है। कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। विस्तृत जानकारी का इंतजार है।अधिकारियों ने बताया कि दो विदेशी नागरिक (स्की करने आए) और दो गाइड के लापता होने की खबर है।

मनी
जनसंदेश टाइम्स
मैटर्स
प्रयागराज, गुरुवार, 2 फरवरी 2023



**सेंसेक्स**
158.18 अंक की बढ़त के साथ 59,708.08 अंक पर बंद



**सोना**
57375 रुपए प्रति 10 ग्राम पर



# मुनाफावसूली हावी होने से दोनों ही प्रमुख सूचकांक मिले-जुले रुख के साथ बंद

## सेंसेक्स 158.18 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,708.08 अंक पर बंद



**मुंबई।** संसद में वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश होने के दिन बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में खासा उतार-चढ़ाव देखा गया। बाजार के ऊपरी स्तर पर जाने के बाद मुनाफावसूली हावी होने से दोनों ही प्रमुख सूचकांक मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 158.18 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,708.08 अंक पर बंद हुआ। बजट भाषण पेश होने के समय सेंसेक्स 1,223.54 अंक तक उछल गया था लेकिन बाद में बिकवाली होने से इसने अपनी अधिकांश बढ़त गंवा दी। इसके उलट एनएसई के सूचकांक निफ्टी में 45.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 17,616.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में आईटीसी, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक लाभ की स्थिति में रहे। वहीं बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बजट में खपत और पूंजीगत व्यय पर खासा जोर दिया गया है। इससे बाजार में उम्मीदों को बल मिला लेकिन अपराह्न कारोबार में निवेशकों का ध्यान अडाणी प्रकरण और फेडरल रिजर्व की बैठक पर चले जाने से उठापटक का दौर शुरू हो गया। नायर ने कहा कि सरकार की तरफ से नई कर प्रणाली को बढ़ावा देने से जीवन बीमा कंपनियों के कम आकर्षक रह जाने की आशंका में जमकर बिकवाली हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धीरज रेली ने कहा कि बजट में कोई बड़ी नकारात्मक घोषणा न होने से बाजार ने अच्छी प्रतिक्रिया दी लेकिन अब निवेशकों की नजर फेडरल रिजर्व की मौद्रिक घोषणा पर टिकेगी। इस बीच, वैश्विक बाजारों में कुल मिलाकर सकारात्मक रुझान रहने से भी निवेशकों को बल मिला। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग मजबूती के साथ बंद हुए। यूरोप के शेयर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार भी मंगलवार को लाभ में रहे थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85.42 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से निकासी जारी रखी है। शेयर बाजारों के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 5,439.64 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

## केंद्रीय बजट नागरिकों को प्राथमिकता देने और देश की वित्तीय स्थिति को ऊपर उठाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है : अभय भुटाडा



**लखनऊ।** बजट पर टिप्पणी करते हुए, पूनावाला फिनकॉर्प के एमडी, श्री अभय भुटाडा ने कहा, ₹वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया 2023-2024 का केंद्रीय बजट नागरिकों को प्राथमिकता देने और देश की वित्तीय स्थिति को ऊपर उठाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
'सबका साथ, सबका प्रयास' के माध्यम से 'जनभागीदारी' पर ध्यान देने और हरित विकास, युवा शक्ति एवं आधारभूत संरचना पर निवेश सहित सात स्तंभों के साथ, यह बजट एक प्रौद्योगिकी-संचालित और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की नींव रखता है। नया टैक्स स्लैब - अधिकतम सीमांत दर मे 39% कम और 7 लाख रुपये की आय छूट सीमा के साथ मध्यम वर्ग को अधिक खर्च करने की शक्ति के साथ सशक्त बनाता ह। जिससे देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि होती है। एमएसएमई क्षेत्र के लिए सरकार का निरंतर समर्थन और प्रतिबद्धता सराहनीय है, क्योंकि यह देश के आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण है। बेहतर क्रेडिट गारंटी योजना, अनुपालन को कम करने के साथ-साथ एमएसएमई क्षेत्र में तनाव को कम करने में काफी मदद करेगी। राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री के साथ डिजिटाइजेशन और विस्तारित डिजिलॉकर सेवाओं से वित्तीय सुरक्षा और बड़े पैमाने पर क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी। यह बजट भारत के नागरिकों के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है। हम इसके सफल कार्यान्वयन को देखने और राष्ट्र को वित्तीय उद्योग में वैश्विक नेता बनने में अपनी भूमिका निभाने के लिए तत्पर।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्बन क्रूजर हाइराइडर के सीएनजी संस्करण की कीमतों की घोषणा की

**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्बन क्रूजर हाइराइडर के सीएनजी संस्करण की कीमतों की घोषणा की। इससे पहले नवंबर 2022 में ही टीकेएम ने टोयोटा ग्लैंजा औरअर्बन क्रूजर हाइराइडर के लॉन्च के साथ सीएनजी सेगमेंट में अपने प्रवेश की घोषणा दी थी। कीमतें निम्न तालिका में सूचीबद्ध हैं। अतुल सूद, उपाध्यक्ष, बिक्री और रणनीतिक विपणन,ने कहा, स्थायी परिवहन समाधानों को आगे बढ़ाने के टोयोटा के मिशन को ध्यान में रखते हुए, हमारे लिए अर्बन क्रूजर हाइराइडर की शुरूआत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर रही है। हमें आज अपने ग्राहकों के लिए सीएनजी संस्करण की कीमत की घोषणा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है, जिन्होंने इसके लॉन्च के बाद से ही इस उत्पाद में अत्यधिक रुचि दिखाई है। हम टोयोटा में, कार्बन न्यूट्रल सोसाइटी को साकार करने के लक्ष्य के साथ, न्यून-कार्बन ऊर्जा स्त्रोतों की ओर बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आशान्वित हैं कि किफायती अर्बन क्रूजर हाइराइडर सीएनजी संस्करण पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देंगे।

## गौतम अडाणी को पछाड़कर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए मुकेश अंबानी

### खबर लिखे जाने तक अंबानी की नेटवर्थ $84.5 बिलियन जबकि अदाणी की नेटवर्थ $84.2 बिलियन थी



**नई दिल्ली।** फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलियनेयर्स लिस्ट के मुताबिक, मुकेश अंबानी बुधवार को गौतम अडाणी को पछाड़कर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। खबर लिखे जाने तक अंबानी की नेटवर्थ $84.5 बिलियन जबकि अदाणी की नेटवर्थ $84.2 बिलियन थी। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में अदाणी समूह पर धोखाधड़ी का आरोप लगने के बाद अडाणी की नेटवर्थ $35 बिलियन तक घटी थी।
केंद्र सरकार की तरफ से पेश किए गए बजट के बीच जहां शेयर बाजार लगातार बढ़ा, वहीं भारत के अरबपतियों की संपत्ति में उतार चढ़ाव जारी है। ताजा जानकारी के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी 84.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में नौवें नंबर पर आ गए हैं, जबकि शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के आरोपों के बीच गौतम अदाणी फिलहाल 83.9 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 10वें नंबर पर हैं। हालांकि, एक दिन पहले ही वह अमीरों की सूची में 11वें स्थान तक खिसक गए थे।
बजट 2023-24 पेश होने के बाद सेंसेक्स 1,000 अंक चढ़कर 60,552 पर जबकि निफ्टी 262.05 अंक चढ़कर 17,924 पर पहुंच गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भाषण शुरू होने से पहले सेंसेक्स 450 अंक और निफ्टी 150 अंकों की बढ़त के साथ खुला था। नई कर व्यवस्था में आयकर छूट 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख कर दी गई है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में हुए खुलासे के बाद एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति में शुमार गौतम अदाणी को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। तीन दिन में उनके समूह की कंपनियों को 34 अरब डॉलर का घाटा हुआ था।
25 जनवरी को हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप के संबंध में 32 हजार शब्दों की एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के निष्कर्ष में 88 प्रश्नों को शामिल किया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह समूह दशकों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट की धोखाधड़ी में शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन साल में शेयरों की कीमतें बढ़ने से अदाणी समूह के संस्थापक गौतम अदाणी की संपत्ति एक अरब डॉलर बढ़कर 120 अरब डॉलर हो गई है। इस दौरान समूह की 7 कंपनियों के शेयर औसत 819 फीसदी बढ़े हैं।

## टाटा हिताची ने बॉउमा कॉनेक्सपो इंडिया 2023 में मशीनें और सॉल्यूशंस पेश किए

**नई दिल्ली।** प्रमुख कंस्ट्रक्शन और खनन उपकरण कंपनी टाटा हिताची की बॉउमा कॉनेक्सपो इंडिया 2023 में बड़ी भागीदारी है। बॉउमा कॉनेक्सपो में टाटा हिताची के उत्तरी क्षेत्र के अधिकृत डीलर पहली बार टाटा हिताची के साथ प्रदर्शनी लगा रहे हैं। टाटा हिताची की प्रदर्शनी में नवीनतम उपकरण, अटैचमेंट्स और इनोवेटिव सॉल्यूशन पेश किए गए हैं जिनमें नया 5 टन स्वदेशी व्हील लोडर मॉडल जैडडब्ल्यू 225, सबसे विश्वसनीय बैकहो लोडर शिनराय प्रो और नया हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर ईएक्स200 इन्फ्रा के साथ-साथ अन्य एक्सकेवेटर मॉडल शामिल हैं। प्रदर्शनी में ड्रम कटर मॉडल केडीसी45, मिलर क्विक कपलर रेंज 6, रॉकब्रेकर सैंडविक बीआर2577आई और ब्लॉक हैंडलिंग बकेट जैसे अटैचमेंट पेश किए गए हैं। इनके अतिरिक्त नेक्स्टजेन मिनी एक्सकेवेटर एनएक्स 30 भी प्रदर्शित है जो विभिन्न चरणों में लॉन्च किया जा रहा है।

## ऑनलाइन खेलों में जीती गई शुद्ध राशि पर 30 प्रतिशत टीडीएस का प्रस्ताव




**नई दिल्ली।** सरकार ने आम बजट में ऑनलाइन खेलों में जीती जाने वाली शुद्ध राशि पर 30 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव दिया है। उसने 10,000 रुपये की मौजूदा कर सीमा को भी खत्म कर दिया है। बजट 2023-24 में ऑनलाइन खेलों में स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) के लिए दो नए प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसमें वित्त वर्ष के दौरान जीती गई शुद्ध राशि के भुगतान पर 30 फीसदी कर लगाना और टीडीएस लगाने के लिए 10,000 रुपये की मौजूदा सीमा को खत्म करना शामिल है। यदि राशि उपयोगकर्ता के खाते से नहीं निकाली जाती है तो वित्त वर्ष के अंत में स्रोत पर कर काटा जाएगा।
\राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने बजट बाद संवाददाताओं से कहा कि कुल मूल्य में जीती गई शुद्ध राशि पर कर लगाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि कर विभाग को पता चला था ऑनलाइन खेलों की कुछ कंपनियां जीती जाने वाली राशि को मौजूदा सीमा से कम रखती हैं ताकि वे टीडीएस प्रावधान के दायरे में नहीं आएं इसलिए टीडीएस लगाने के लिए मौजूदा सीमा को खत्म करने का निर्णय लिया गया।

## यश पैक्का 2023 में मैन्युफैक्चरिंग में टॉप 50 बेस्ट वर्कप्लेसेस में शामिल

**नई दिल्ली।** यश पैक्का लिमिटेड (सस्टेनेबल पैकेजिंग के उद्योग में अग्रणी) ने संस्थान में कर्मचारियों के लिए बेहतरीन माहौल बनाने के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित किए हैं। इसी की बदौलत, यश पैक्का लिमिटेड को 2023 में निर्माण क्षेत्र (मैन्युफेक्चरिंग) में भारत के टॉप 50 बेस्ट वर्कप्लेसेस की सूची में शामिल किया गया है। इससे पहले कंपनी ने लगातार दूसरी बार जीपीटीडब्ल्यू सर्टिफिकेट हासिल किया था। यह मान्यता उन संस्थानों को दी जाती है, जो अपने कर्मचारियों के बीच उच्च स्तर के विश्वास का माहौल बनाते हैं और बेहतर प्रदर्शन की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। मैन्युफैक्करिंग में इस प्रमाणपत्र से सम्मानित होने के लिए, यश पैक्का जैसी कंपनियों ने निर्माण के क्षेत्र में मजबूत और सख्त नजरिया अपनाया है। कंपनी ने अन्य कारकों के अलावा निर्माण की बेहतर क्वॉलिटी और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन क्षेत्र के सबसे आधुनिक सिद्धांतों को लागू करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

## बजट के दिन रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 81.90 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आम बजट पेश किये जाने के बाद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपये का आरंभिक लाभ लुप्त हो गया तथा अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले स्थानीय मुद्रा दो पैसे की गिरावट के साथ 81.90 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुई। बाजार सूत्रों ने कहा कि निवेशकों ने कारोबार से दूरी बनाए रखी, क्योंकि उन्हें आज देर शाम होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बैठक के नतीजों का इंतजार है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 81.76 पर खुला लेकिन कारोबार के अंत में रुपया अपने पिछले बंद भाव से दो पैसे की गिरावट के साथ 81.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने 81.68 के दिन के उच्चस्तर और 82.03 के निम्न स्तर को छुआ। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 36 पैसे की गिरावट दशार्ता तीन सप्ताह के निम्न स्तर 81.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत घटकर 101.95 रह गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.26 प्रतिशत घटकर 85.24 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 158.18 अंक की तेजी के साथ 59,708.08 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने मंगलवार को शुद्ध रूप से 5,439.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## सोने की सालाना मांग 2022 में पूरे दशक के नए उच्च स्तर पर पहुंची



**कानपुर।** वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की नई गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स रिपोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक, 2022 में सोने की सालाना मांग (ओटीसी को छोड़कर) साल-दर-साल आधार पर 18 फीसदी बढ़कर 4,741 टन के स्तर पर पहुंच गई जो 2011 के बाद सर्वोच्च सालाना आंकड़ा है। चौथी तिमाही में रिकॉर्ड तेजी के कारण सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई है। इसकी मुख्य वजह केंद्रीय बैंकों द्वारा की गई जबरदस्त खरीदारी और खुदरा निवेश में मजबूती रही। केंद्रीय बैंकों की सालाना मांग 2022 में दोगुने से ज्यादा बढ़कर 1,136 टन रही जो एक वर्ष पहले 450 टन के स्तर पर थी और यह बढ़कर 55 वर्षों के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। वर्ष 2022 की सिर्फ चौथी तिमाही में हुई खरीदारी 417 टन के स्तर पर रही जिससे 2022 की दूसरी छमाही में हुई खरीदारी 800 टन से ज्यादा रही। वर्ष 2022 में निवेश की मांग पिछले वर्ष के मुकाबले 10 फीसदी ज्यादा रही। इस बढ़ोतरी की मुख्य रूप से दो वजहें रहीं: ईटीएफ निकासी में सुस्त निकासी और सोने के बार व सिक्कों की मजबूत मांग। लुई स्ट्रीट, सीनियर मार्केट एनालिस्ट, वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने कहा, ₹पिछले वर्ष पूरे दशक के दौरान सोने की सालाना मांग सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई और इसकी मुख्य वजह निवेश के सुरक्षित विकल्प के तौर पर सोने में निवेश करने के लिए केंद्रीय बैंकों की बढ़ती मांग रही। सोने की मांग बढ़ाने वाली अलग-अलग वजहें संतुलन के कारण बने क्योंकि ब्याज की बढ़ती दरों से ईटीएफ निकासी को बल मिला जबकि बढ़ती महंगाई ने सोने के बार और सिक्कों का निवेश बढ़ा। आखिर में कुल निवेश मांग पिछले वर्ष के मुकाबले 10 फीसदी बढ़ी। उन्होंने कहा, अगर बात 2023 की हो, तो आर्थिक अनुमान चुनौतीपूर्ण माहौल की ओर इशारा करते हैं और वैश्विक मंदी के भी संकेत मिल रहे हैं जिससे सोने के निवेश के रुझानों में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। अगर महंगाई दर नीचे आती है तो इससे सोने के बार और सिक्कों के निवेश में तेजी आ सकती है। इससे उलट, डॉलर में आई कमजोरी और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की सुस्त रफ्तार का सोना आधारित ईटीएफ मांग पर सकारात्मक असर हो सकता है। हमें उम्मीद है कि ज्वेलरी की खपत मजबूत बनी रहेगी, चीन में लॉकडाउन खत्म होने से मांग में तेजी आएगी, लेकिन अगर मंदी का असर बढ़ा तो ग्राहकों के खर्च में कमी आने से सोने की मांग पर इसका असर हो सकता है। हालांकि, इसके कई संभावित परिणाम हो सकते हैं लेकिन सोने ने हमेशा ही बुरे आर्थिक दौर में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे लंबी अवधि में इसके मूल्य और रणनीतिक असेट होने का पता चलता है। *एजेंसी*

## सरकार ने 2023-24 के लिए कृषि ऋण लक्ष्य 11 प्रतिशत बढ़ाकर किया 20 लाख करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान केंद्रित करते हुए अगले वित्त वर्ष के लिए कृषि ऋण लक्ष्य को 11 प्रतिशत बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये करने की घोषणा की। चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कृषि ऋण लक्ष्य 18 लाख करोड़ रुपये है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार 2,200 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों के लिए रोग मुक्त, गुणवत्ता रोपण सामग्री की उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए 'आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम' शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की एक नई उप-योजना 6,000 करोड़ रुपये के लक्षित निवेश के साथ शुरू की जाएगी, ताकि मछुआरों, मछली विक्रेताओं और सूक्ष्म और लघु उद्यमों की गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जा सके, मूल्य श्रृंखला क्षमता में सुधार किया जा सके और बाजार का विस्तार किया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा। सरकार हर साल कृषि क्षेत्र के लिए ऋण लक्ष्य बढ़ा रही है। आमतौर पर, कृषि ऋण पर नौ प्रतिशत की ब्याज दर लगती है। हालांकि, सरकार सस्ती दर पर अल्पकालिक फसल ऋण उपलब्ध कराने और कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए ब्याज सहायता प्रदान कर रही है। किसानों को सात प्रतिशत सालाना की प्रभावी दर पर तीन लाख रुपये तक का अल्पावधि कृषि ऋण सुनिश्चित करने के लिए सरकार दो प्रतिशत ब्याज सब्सिडी प्रदान कर रही है। औपचारिक ऋण प्रणाली में छोटे और सीमांत किसानों के दायरे को बढ़ाने के लिए रिजर्वबैंक ने गारंटी-मुक्त कृषि ऋण की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.6 लाख रुपये करने का फैसला किया है। *एजेंसी*

## संक्षेप

### जिग्ली के ब्राण्ड कैम्पेन ने पालतू पशुओं की देखभाल में नो कोम्प्रोमाईज के लिये प्रोत्साहित किया

**नई दिल्ली।** पेट्स अब सिर्फ जानवर नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा हैं। तकनीक से सक्षम भारत के पहले ओम्नी चैनल पेट केयर ब्राण्ड जिग्ली ने एक नये ब्राण्ड कैम्पेन नो कोम्प्रोमाईज को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कैम्पेन पेट पैरेंट्स को यह संदेश देने के लिये है कि वे पालतू जानवरों के लिये अच्छी गुणवत्ता की सेवाओं की आपूर्ति में कोई समझौता न करें, ताकि उनके पेट्स की संपूर्ण सेहत और खुशी सुनिश्चित हो सके। काफी प्रतीक्षित यह ब्राण्ड कैम्पेन सोशल मीडिया, यूट्यूब, रेडियो, माय गेट ऐप, ओओएच पर 26 जनवरी 2023 से एक महीने के लिये लाइव है और कंपनी के सभी एक्सपीरियेंस सेंटर्स पर भी चलेगा। पूरे कैम्पेन में 15 से 20 सेकंड की 4 फिल्में होंगी और हर हफ्ते एक फिल्म लॉन्च होगी। इस पर अपने विचार रखते हुए, कॉस्मो फर्स्ट के ग्रुप सीईओ पंकज पोद्दार ने कहा, अपनी जिन्दगी में हम एक ऐसे मुकाम पर आ चुके हैं, जहाँ हम सबसे बढ़िया से कम में कोई समझौता नहीं करना चाहते। हमें सबसे बढ़िया फैशन, खाना और सेवाएं चाहिये। उपभोक्ताओं के व्यवहार में यह बदलाव पेट पैरेंट्स के बीच भी देखा गया है, जिन्हें अब अपने पालतू जानवरों के लिये ऐसे ब्राण्ड्स पसंद हैं, जो विकल्पों की विविधता और उच्च-गुणवत्ता के उत्पाद तथा सेवाएं देते हों। जिग्ली को उनके इस सफर का हिस्सा बनने और पालतू जानवरों की संपूर्ण सेहत के मामले में समझौता नहीं करने के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने में मदद करने पर गर्व है। अपने कैम्पेन नो कोम्प्रोमाईज के माध्यम से हम लोगों को पालतू जानवरों की अच्छी गुणवत्ता की देखभाल के लिये प्रेरित और शिक्षित करना चाहते हैं।

### एबीएफआरएल ने अनन्या बिड़ला और आर्यमन विक्रम बिड़ला को निदेशकों के रूप में शामिल किया

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल के बोर्ड ने आयोजित अपनी बैठक में सुश्री अनन्या बिड़ला और श्री आर्यमान विक्रम बिड़ला को निदेशक के रूप में शामिल किया। सुश्री अनन्या बिड़ला और श्री आर्यमन विक्रम बिड़ला के पास उद्यमिता और व्यवसाय निर्माण के क्षेत्र में समृद्ध और विविध अनुभव है। बोर्ड का मानना है कि एबीएफआरएल को उनके नए युग की अंतर्दृष्टि और व्यापार कौशल से लाभ होगा। उनकी नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए श्री कुमार मंगलम बिड़ला, अध्यक्ष आदित्य बिड़ला समूह ने कहा, ङ्गआदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल ने कई क्षेत्रों में फैशन ब्रांडों का एक शानदार पोर्टफोलियो बनाया है। भारतीय परिधान बाजार के सभी प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने वाली श्रेणियां और प्रारूप। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने अपने डिजिटल वेंचर टीएमआरडब्ल्यू के माध्यम से एथनिकवियर जैसे कई नए उभरते क्षेत्रों में प्रवेश किया है, जिसमें भारतीय डिजाइनरों, लक्जरी, स्पोर्ट्सवियर और नए युग के व्यवसायों के साथ साझेदारी शामिल है। एबीएफआरएल प्लेटफॉर्म अब घातीय वृद्धि की एक नई लहर के लिए तैयार है। अनन्या और आर्यमन की अपने चुने हुए क्षेत्रों में असाधारण व्यक्तिगत उपलब्धियां और अपने स्वतंत्र उद्यमशीलता उपक्रमों के साथ शुरूआती सफलता ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारियों के लिए तैयार किया। नए जमाने के बिजनेस मॉडल की उनकी बारीक समझ और उपभोक्ता व्यवहार में उभरते बदलाव एबीएफआरएल के बोर्ड में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। उन्होंने आगे कहा, ₹अनन्या और आर्यमन समूह के मूल्यों में दृढ़ता से निहित हैं और समूह के उद्देश्य में जुनून से विश्वास करते हैं। मुझे विश्वास है कि वे समूह की समृद्ध उद्यमशीलता परंपराओं और सतत हितधारक मूल्य बनाने में सफल ट्रैक रिकॉर्ड का निर्माण करेंगे।

### सेबी ने सुब्रत रॉय समेत चार लोगों के बैंक डीमैट खातों की कुर्की का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय और तीन अन्य लोगों के बैंक और डीमैट खातों को कुर्क करने का आदेश दिया। समूह की दो कंपनियों के नियामकीय मानदंडों का उल्लंघन करने पर 6.48 करोड़ रुपये का जुमार्ना वसूलने के लिए यह कार्रवाई की गई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह आदेश दिया है। सहारा समूह की दो कंपनियों द्वारा वैकल्पिक रूप से पूर्ण परिवर्तनीय ऋणपत्रों (ओएफसीडी) जारी करने में सेबी के मानदंडों का उल्लंघन करने पर इन चार व्यक्तियों के खिलाफ वसूली की कार्रवाई शुरू की गई है। सुब्रत रॉय के अलावा अशोक रॉय चौधरी, रवि शंकर दुबे और वंदना भार्गव के बैंक और डीमैट खाते कुर्क किए गए हैं।

### सार्वजनिक बिजली कंपनियां करेंगी 60,805 करोड़ रुपये निवेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की आठ बिजली कंपनियों की तरफ से किए जाने वाले कुल निवेश को वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 15 प्रतिशत बढ़ाकर 60,805.22 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा है। संसद में बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश करते हुए यह घोषणा की गई। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के लिए सार्वजनिक बिजली कंपनियों का निवेश अनुमान भी संशोधित कर 52,878.08 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए बजट अनुमान पहले 51,470.14 करोड़ रुपये का था। बजट प्रस्तावों के मुताबिक, पनबिजली उत्पादक कंपनी एनएचपीसी के निवेश अनुमान को 7,128.95 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से बढ़ाकर 10,857.22 करोड़ रुपये कर दिया गया है। चालू वित्त वर्ष के लिए बजट अनुमान 7,361.05 करोड़ रुपये का था। इसी तरह एसजेवीएन लिमिटेड का निवेश अनुमान अगले वित्त वर्ष के लिए बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। पावरग्रिड के मामले में यह अनुमान 8,800 करोड़ रुपये पर स्थिर रखा गया है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) का निवेश लक्ष्य 2,708 करोड़ रुपये, एनटीपीसी का 22,454 करोड़ रुपये, नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन का 2,018.59 करोड़ रुपये और टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का निवेश अनुमान 3,900.41 करोड़ रुपये रखा गया है।

### कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को मिले 756.19 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के लिए 756.19 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। यह राशि चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित राशि से अधिक है। बुधवार को संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2023-24 के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रारंभिक तौर पर कुल आवंटन 733.02 करोड़ रुपये था। बाद में इसे संशोधित कर 630.36 करोड़ रुपये कर दिया गया था। बजट दस्तावेजों के मुताबिक अगले वित्त वर्ष के लिए 756.19 करोड़ रुपये के कुल आवंटन में से 714.19 करोड़ रुपये राजस्व से और 42 करोड़ रुपये पूंजी पक्ष से प्राप्त होंगे। आगामी वित्त वर्ष के लिए क्षेत्रीय निदेशकों, आधिकारिक परिसमापकों और कंपनी अधिनियम के तहत विभिन्न संस्थाओं से संबंधित अन्य खर्चों के लिए आवंटित राशि बढ़ाकर 330 करोड़ रुपये कर दी गई है। गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ), राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी), राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए), राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग अपीलीय प्राधिकरण (एनएफआरएए) और निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष (आईईपीएफ) प्राधिकरण समेत अन्य संस्थाओं के खर्च भी बजट में शामिल हैं। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को 51 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जो 2022-23 के लिए आवंटित 46 करोड़ रुपये से अधिक हैं। बजट में भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) को अगले वित्त वर्ष में 41.85 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।

# बजट: सत्ता पक्ष ने सराहा विपक्ष ने बोला हमला

जनसंदेश न्यूज


पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष माबूद खान


पूर्व जिलाध्यक्ष सपा विकास यादव


बसपा नेता राजेश मिश्रा


जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा अनिरुद्ध त्रिपाठी

**भदोही।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से देश का आम बजट पेश किए जाने के बाद अब इस मसले पर कालीन नगरी में भी राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई है। सत्ता पक्ष ने बजट की सराहना की है तो विपक्षी नेताओं ने सरकार पर हमला बोला हैं। भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इससे गांव, गरीब, किसान और सभी वर्गों का सपना पूरा होगा। टैक्स में रियायत सहित सरकार ने जनहित में कई कदम उठाए हैं। पहली बार विश्वकर्मा के प्रशिक्षण और सहायता से संबंधित सराहनीय योजना बजट में लाई गई है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि यह चुनावी बजट है। इनकमटैक्स का स्लैब जो जारी किया है। वो सिर्फ कान को घुमाकर पकड़ने जैसा हैं, आम जनता को इससे कोई फायदा नही हैं। किसानों के लिए इस बजट में कुछ नहीं है, आधी से ज्यादा आबादी गांव में बसती है लेकिन उनके लिए कुछ नहीं किया है। ये बहुत ही निराशाजनक बजट है।

बसपा नेता राजेश मिश्रा राजन ने कहा कि जनहित के बड़े-बड़े दावे व वादे करने वाली भाजपा बजट में भी अपने पूंजीपति मित्रो का खास ध्यान रखा हैं।महंगाई व बेरोजगारी को बढ़ाने वाला बजट है। किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं निराशा बढ़ती है। सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी और पुर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष माबूद खान ने कहा कि महिलाओं, किसानों, बेरोजगारों, और युवाओं के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि बजट में पेट्रोलियम उत्पादों और रूपए के मूल?य में गिरावट के बारे में कोई उल?लेख नहीं है। बजट में किसानों, बेरोजगारों और ०?यापारियों के लिए कुछ भी नहीं है। इनकमटैक्स का जो स्लोब जारी किया गया है उससे एलआईसी योजना भी प्रभावित होगी। यह जुमला बजट है जो आम जनता को निराश कर देने वाला है।

### प्राचीन मंदिर की कई बीघा जमीन पर भू माफियाओं की नजर

**गोपीगंज।** नगर स्थित जनपद की प्राचीन धरोहर बाबा बड़े शिव मंदिर की जमीन पर भू माफियाओं की निगाह लग गई है। हाल ही में भू माफियाओं ने बाउंड्री वाल को तोड़ दिया था जिसकी शिकायत नगर के शिव भक्तों ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की है।
गोपीगंज नगर के शिवभक्त प्रणव कुमार विश्वास विराट जायसवाल जो मन्दिर समिति के सक्रिय सदस्य भी हैं के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया है।
शिकायतकर्ताओ ने अवगत कराया है कि राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से कब्जे का प्रयास किया जा रहा है।
1281 फसली नंबर 328 रकबा 20 बीघा 10 बिस्वा 17 धूर मंदिर की जमीन कागजात पर अंकित थी। खसरा में शिवालय भी अंकित था फिर भी शिवालय तालाब की जमीन पर कब्जा और अतिक्रमण करने का लोग प्रयास करते चले आ रहे हैं।
वर्तमान में मंदिर की जमीन अभी भी कागज के आधार पर एक बीघा 15 विश्वा 17 धुर कम है। जबकि पूर्व की भांति देखी जाए तो लगभग तीन बीघे से ज्यादा जमीन मंदिर के कब्जे में नहीं है।

# आधा दर्जन तस्करों के पास से एक क्विंटल गांजा बरामद

कार्रवाई

**बरामदशुदा गांजा सहित प्रयुक्त वाहन की कीमत करीब 22 लाख रुपये**

जनसंदेश न्यूज


कोतवाली परिसर में पकड़े गए गांजा व गाड़ी के साथ खड़े पुलिस कर्मी

**भदोही।** संगठित पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु भदोही पुलिस व प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जारहा है। संगठित होकर जनपद के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी, गौ तस्करी व माल सहित वाहनों की चोरी बिक्री करने वाले कुल 11 तस्करों चोरों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अलग-अलग कुल 3 अभियोग पंजीकृत किये गए।

भदोही पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा तस्करी करने वाले 6 तस्करों को व्यापक मात्रा में अवैध गांजा व तस्करी में प्रयुक्त कार के साथ पूर्व में भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरोह का सरगना अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा व शराब तस्करी में बिहार राज्य से दो बार जेल जा चुका है। अपर पुलिस अधीक्षक, भदोही के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी औराई के नेतृत्व में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा बीती रात्रि में राष्ट्रीय राजमार्ग माधोसिंह अण्डर पास, खमरिया रोड जाने वाले तिराहे पर चेकिंग के दौरान पांच बोरे में कुल 38 बण्डल (वजन 01 कुन्तल 17 किग्रा) नाजायज गांजा,तस्करी में प्रयुक्त एक अदद चार पहिया वाहन बरामद किया गया है। बरामदशुदा गांजा सहित तस्करी में प्रयुक्त वाहन की कुल कीमत करीब 22 लाख रुपए है। गांजा तस्करी की घटना में संलिप्त अभियुक्तों की जानकारी की जा रही है। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक औराई गगनराज सिंह, हे.का. गोपाल सिंह, का. मनोज कुमार, का. अनुज कुमार, का. कमलेश पाल, का. पुष्पेन्द्र अहिरवार, का. अनूप कुमार आदि शामिल रहे।

# जिला विद्यालय निरीक्षक नंदलाल गुप्त सेवानिवृत्त



**भदोही।** जिला विद्यालय निरीक्षक नन्दलाल गुप्त बुधवार को अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गये हैं। जिलाधिकारी गौरांग राठी व मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई दी गयी। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक नन्दलाल गुप्त को सरल, कर्मठ व मिलनसार अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि डीआईओएस ने अपने कार्यकाल में प्रशासन द्वारा दी गयी अतिरिक्त जिम्मेदारियों को भी तत्परता व लगन के साथ निर्वहन किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उनके प्रशासनिक व व्यवहारिक अनुभव का लाभ जनपद को मिला। जिससे यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में मेधावियों ने जनपद का नाम रोशन किया। अधिकारियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य के साथ

# कल्पवासियों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं का जिलाधिकारी ने लिया फीडबैक

जायजा

**आगामी माघी पूर्णिमा स्नान पर्व की तैयारियों का डीएम ने किया निरीक्षण**

**माताजी के साथ दर्शन पूजन कर डीएम ने की सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना**

जनसंदेश न्यूज


तंबुओं में रहे कल्पवासियों से उनके अनुभव की जानकारी लेते डीएम गौरांग राठी

**ज्ञानपुर।** आगामी माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के पूर्व तैयारियों के क्रम में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने परिवार सहित दर्शन पूजन कर सेमराध नाथ माघ मेला, कल्पवास क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने लगभग एक माह से तंबुओं में रहे कल्पवासियों से उनके अनुभव लेते हुए प्रशासन द्वारा दी गई सुविधाओं की जानकारी लिया। जिलाधिकारी की माताजी ने कल्पवासियों व साधु-संतों से भजन, कीर्तन संबंधित आदि मुद्दों पर चर्चा की तथा बच्चों से वात्सल्य प्रेम दुलार भी किया। माघ मेला प्रभारी, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय ने जिलाधिकारी को माघ मेला व कल्पवास की जानकारी देते हुए प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने मेला आयोजकों, कल्पवासियों व साधु-संतों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी हर आवश्यकताओं के लिए प्रतिबद्ध हैं, उन्हें कोई असुविधा नहीं होगी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार संजय कुमार, थानाध्यक्ष सेमराध नाथ क्षेत्र, मेला पदाधिकारी सहित आम जनमानस उपस्थित रहे।

### स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**भदोही।** औराई में काशीराज इण्टर कालेज के सामने जीटीरोड पर हिंदू युवा वाहिनी के जिला संयोजक ऋषि शुक्ला व उनके समर्थकों द्वारा समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने रामचरितमानस रामायण पर विवादित बयान दिया था। जिससे रामचरितमानस में आस्था रखने वाले लोगों के आत्मा को ठेस पहुंचा है। बताते चलें कि स्वामी प्रसाद मौर्या के इस तरह के विवादित बयान पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों एवं बाजारों में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इसी क्रम में हिंदू युवा वाहिनी के जिला संयोजक व वरिष्ठ युवा नेता ऋषि शुक्ला ने अपने समर्थकों के साथ काशीराज इण्टर कालेज के सामने जीटरोड पर विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान ऋषि शुक्ला ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्या ने रामचरितमानस रामायण पर इस प्रकार का विवादित बयान देकर बहुत गलत किया है। जिससे रामचरितमानस रामायण में आस्था रखने वाले लोगों के आत्मा को कुठाराघात पहुंचा है। कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्या के इस विवादित बयान पर प्रशासन को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# राज्यस्तरीय क्रिकेट में मिर्जापुर ने गाजीपुर को 112 रनों से हराया

जनसंदेश न्यूज

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में बुधवार को गाजीपुर का मुकाबला मिजार्पुर की टीम से हुआ। जिसमें मिजार्पुर की टीम ने गाजीपुर को 112 रनों से हराकर करारी शिकस्त दी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मिजार्पुर की टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में सभी विकेट खोकर 200 रन बनाए। जिसमें मिजार्पुर के बल्लेबाज मान ने सबसे ज्यादा बिना आउट हुए मानने 49 रनों की पारी खेली। अखिल तिवारी ने 40 व संदीप पटेल ने 20 रनों का योगदान किया। गाजीपुर के गेंदबाज साहिल संगम ने तीन विकेट लिया। अंचल, दीपक, गौरव, सुधांशु को एक एक सफलता प्राप्त हुई। 201 रनों का लक्ष्य लेकर जवाब में खेलने उतरी मिजार्पुर की शुरूआत अच्छी नहीं रही। मिजार्पुर के दोनों सलामी बल्लेबाज दो-दो रन बनाकर आउट हो गए। सचिन ने 24 व अभिनव ने 16 रनों का योगदान किया। अमित यादव ने 19 रन बनाए। गाजीपुर के गेंदबाज संदीप पटेल, प्रकाश सोनी व विकास यादव ने तीन-तीन विकेट लिए।

गाजीपुर की पूरी टीम 19वें ओवर में ही 88 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मिजार्पुर की टीम ने 112 रन से मैच को जीतकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। मैच के दौरान लगभग बीस हजार की संख्या में दर्शक मौजूद रहें। मैच के विशिष्ट अतिथि ठठरा गांव के पूर्व प्रधान अजीत यादव पप्पी ने मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह बढ़ाया। मंगलवार का रद्द मैच पुनः चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब प्रयागराज बनाम कानपुर तथा दूसरा मैच आजाद स्पोर्ट्स क्लब बनाम मिजार्पुर के बीच होगा।

# कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**केराकत।** नगर में स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय आदर्श केराकत में बुधवार की सुबह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार राय ने कहा कि बच्चों का पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद से सर्वांगीण विकास होता है और सांस्कृतिक आयोजन से बच्चों में मानसिक विकास होता है और आगे चलकर उनमें कुछ कर गुजरने की प्रेरणा मिलती है। गौरतलब हो कि गणतंत्र दिवस पर बारिश होने के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था जिसके बाद विद्यालय द्वारा बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मोहियुद्दीन अंसारी, सहायक अध्यापक लालचंद्र यादव, मनोज कुमार मौर्य, राजकुमारी, अर्चना चौरसिया, जूही सिंह, अनुदेशक व शिक्षा मित्र अनीता रेणुका पाण्डेय, विजय कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### नगर में आवारा पागल कुत्तों का खौफ

**शाहगंज।** नगर क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है। सप्ताह भर में दर्जनों लोग शिकार हो चुके हैं। भय इस कदर व्याप्त है कि बच्चे तो बच्चे जवान रात में अकेले जाने से कतराते है। बताया जाता है कि नगर के हुसैनगंज मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय धीरज अग्रहरि, 45 वर्षीय राजेंद्र अग्रहरि, 55 वर्षीय मेवालाल, 25 वर्षीय संतोष एक ही दिन शिकार बन बैठे। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने निजी चिकित्सालयों में इलाज कराया। तीन मासूमों को आजमगढ़ रोड स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान के बाहर कुत्ते ने शिकार बना लिया। वहीं एराकियाना मोहल्ले में दिनेश कुमार, रईस अहमद को कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया। बुधवार को नगर के हुसैनगंज मोहल्ला निवासी पंचम लाल मेनरोड निवासी राजेंद्र कुमार एवं भटियारीसराय निवासी समीर को भी कुत्ते ने शिकार बना डाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चीफ फार्मासिस्ट गिरीश चन्द्र यादव के मुताबिक एक सप्ताह में नगर के कुल बीस व्यक्ति शिकार हो चुके हैं। सभी का उपचार राजकीय चिकित्सालय में कराया गया।

# प्रधानाचार्य से मारपीट पर परिषद ने जताया विरोध

रोष

**जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग**


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपता प्रधानाचार्य परिषद का प्रतिनिधिमण्डल

**जौनपुर।** उ.प्र. प्रधानाचार्य परिषद की जिला इकाई का प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मिलकर स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज मड़ियाहूँ के प्रधानाचार्य विनोद कुमार तिवारी के साथ किये गये मारपीट एवं गाली-गलौज करने के सम्बन्ध में कठोरतम कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन दिया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी को प्रकरण का संज्ञान कराते हुए कहा कि प्रधानाचार्य के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज करने से संस्था का आन्तरिक प्रशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है। प्रधानाचार्य संस्था का प्रतिनिधित्व करता है उसके प्रति दुर्व्यव्यहार के कारण शिक्षण संस्था की गरिमा को आघात लगता है। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश सिंह तथा जिला मंत्री डॉ. राजेश त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक का व्यवहार अशोभनीय है उनके मर्यादा विहिन कृत्य से शिक्षक की गरिमा नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई है। प्रधानाचार्य का पक्ष रखते हुए जिलाकार्यकारी अध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर सिंह ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि उक्त शिक्षक अभिषेक सिंह के प्रति कठोरतम कार्यवाही किया जाय जिससे समाज में ऐसे प्रवृत्ति वाले लोग उदाहरण ग्रहण कर सकें। प्रतिनिधि मण्डल में जिला कोषाध्यक्ष डॉ. रामानन्द यादव, संगठन मंत्री डॉ. आरडी सिंह, जिलाउपाध्यक्ष डॉ. अखिलेश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश पाण्डेय, डॉ. कृष्णदत्त द्विवेदी आदि प्रधानाचार्य सम्मिलित रहे।

## संक्षेप

### ढोल नगाड़े की धुन पर निकाली गई जन जागरूकता रैली

**बदलापुर।** स्थानीय नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत नगर में साफ सफाई व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त करने के लिए जन जागरूकता रैली को कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली इंदिरा चौक होते हुए नगर के बिभिन्न गलियों के मार्गों पर ढ़ोल नगाड़े की धुन पर भ्रमण करते हुए नगर पंचायत को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने व स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए आम जन नागरिकों से भी अपील किया गया। साथ ही नगर के बिभिन्न व्यापारी सहित आमजनों से आह्वान किया गया कि स्वच्छता बनाए रखें। कूड़ा कचरा यहां वहां न फेंके। नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थानों पर रखे डस्टबीन का उपयोग करें। अधिशासी अधिकारी ने यह भी अपील की कि नगरवासी अपनी-अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखें और कचरा डस्टबिन में ही डालें साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।



### मनरेगा में एनएमएमएस के विरोध में प्रधानों ने किया प्रदर्शन

रामपुर। मनरेगा में एनएमएमएस प्रकिया के विरोध में गुरूवार को रामनगर विकासखंड परिसर में प्रधानों ने पूर्व प्रमुख अरविन्द सिह मखडू व प्रधान संघ अध्यक्ष मनोज सिह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि विकास खण्ड परिसर में ग्राम प्रधानों ने एनएमएमएस प्रक्रिया को गलत बताते हुए प्रदर्शन किया व साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने संशोधन नही किया तो यह विरोध तालाबंदी का रूप लेगा। प्रधान संघ अध्यक्ष मनोज सिंह का कहना है कि मनरेगा योजना में श्रमिकों की उपस्थित हेतु केन्द्र सरकार द्वारा एक जनवरी से नयी गाइडलाइन जारी की गयी है इस नियम से जगह जगह कार्य स्थल पर नेटवर्क की समस्या से फोटो अपलोड नहीं हो पा रहा है जिस कारण से कार्य बाधित हो रहा है। उक्त अवसर पर मनोज सिह, मुन्ना सिह, अख्तर खान, दयाशंकर सिह, दिनेश सिह, अजित सिह, राजन सिह, मेहीलाल पटेल, सुभाष दुबे, वीरेन्द्र यादव, जगदीश जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




### जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व गणेश प्रसाद सिंह को निर्देशित किया कि अविवादित मामलों में जल्द से जल्द काश्तकारों के खाते में पैसा भेज दिया जाए और विवादित मामलों में कोर्ट के आदेशानुसार कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया के पत्रावलियों का रखरखाव सही से किया जाए। पुराने अभिलेखों की अच्छे से बाइंडिंग की जाए ताकि अभिलेख सुरक्षित रहे। कार्यालय की रंगाई पोताई करा दी जाये और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये।

### एलईडी वैन को किया रवाना

जौनपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि एलईडी वैन जनपद के गांव-गांव में जाकर अभिभावकों एवं गांव के लोगों को बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के बारे में बताएंगे। उन्हें बताया जाएगा कि बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों की स्थिति सुधारने के लिए क्या क्या प्रयास किये जा रहे। एलईडी वैन पूरे 1 महीने तक व्यापक स्तर पर जागरूकता के लिए कार्य करेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों में पंचायत सदस्यों की होती है महत्वपूर्ण भूमिका :बीडीओ

**चंदवक।** क्षेत्र पंचायत डोभी के सभागार में क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करने के पश्चात सदस्यों को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी डॉ. छोटेलाल तिवारी ने कहा कि ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत में विकास कार्य कराने में सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सदस्यगण अपनी भूमिका का सम्यक निर्वहन करें। पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत का गठन एवं क्षेत्र पंचायत की समितियां, केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत कल्याण कोष योजना, मातृभूमि योजना, सतत विकास लक्ष्य, उनका स्थानिक क्षेत्र पंचायत में ई गवर्नमेंट की स्थापना, पंचायत पुरस्कार सहित आदि विषयों पर सदस्यों को प्रशिक्षण राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर सुरेद्र प्रताप सिंह तथा कन्हैया राम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। एडीओ पंचायत अजीत कुमार ने बताया कि इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य है सदस्यों को जागरूक करना उनके अधिकारों की जानकारी देना ताकि और बेहतर ढंग से सरकार के मन्शानुरूप ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत के अधिकार क्षेत्र में कार्य किया जा सके। साथ ही सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए किट बैग वितरित किया गया जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु संदर्भ दिग्दर्शिका, लिखने के लिए पेन और एक डायरी, किट बैग, आई कार्ड आदि उपलब्ध कराया गया। यह प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत वाराणसी मंडल वाराणसी तथा साई बाबा लर्निंग सिस्टम लखनऊ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर निर्भय जायसवाल, सोनी देवी, अजय, संतोष चंदेल, यशवंत, प्रदीप, संजू, हीरामणि, पिंटू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत निकाली गई जन जागरूकता रैली

**मछलीशहर।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ब्रजकिशोर सिंह द्वारा बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत नगर में साफ सफाई व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त करने के लिए जन जागरूकता रैली को कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
यह रैली नगर के मुख्य और बिभिन्न गलियों में ढ़ोल नगाड़े की धुन पर भ्रमण करते हुए आगे बढ़ती रही और रैली में शामिल लोगों ने नगर पंचायत को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने व स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए आम जन नागरिकों से भी अपील की। साथ ही नगर के बिभिन्न व्यापारी सहित आमजनों से आह्वान किया गया कि स्वच्छता बनाए रखें। कूड़ा कचरा यहां वहां न फेंके। नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थानों पर रखे डस्टबीन का उपयोग करें। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में अपना सहयोग दें और कचरे को किसी पात्र में भरकर अपने घर के सामने रखें ताकि सफाई कर्मी उन्हें आपके घर से सीधे ले सके। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने यह भी अपील किया कि दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखें और कचरा डस्टबिन में ही डालें साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

# स्वामी प्रसाद मौर्य का फूंका पुतला

**सुजानगंज।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को थाने के सामने स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सपा राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका गया। इस मौके पर देवेंद्र सिंह ने कहा कि हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख धीरज गुप्ता ने कहा कि रामचरितमानस जैसे चौपाई पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करके स्वामी प्रसाद मौर्या ने अपनी ओछी मानसिकता को दिखाने का काम किया है। हिंदू आस्था के साथ हिंदू भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया जो कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इसकी सजा स्वामी प्रसाद मौर्य को भुगतनी पड़ेगी। रामचरित मानस का विरोध जो कर रहे हैं उन्हें अर्थ का ज्ञान नहीं है। श्रीरामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किया जाना चाहिए। इस मौके पर संयोजक अवधेश मौर्य, विजय प्रताप सिंह, नीरज सिंह, राहुल सोनी, बृजलाल निषाद, चमन त्रिपाठी, तरुण चौबे, विशाल गुप्ता, आलोक सिंह, बृजेश पांडे, सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंकते लोग



# बनारस को है 'यूनिटी मॉल' की उम्मीद

**बजट-2023**

**आम बजट को लेकर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का कार्यक्रम**

**बजट के सजीव प्रसारण के बाद विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों ने दी राय**

**बैंक व आयकर अधिकारी, उद्यमी, सीए, अर्थशास्त्री, व कारोबारियों ने किया मंथन**

वाराणसी। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन यानि आईआईए की ओर से मलदहिया क्षेत्र स्थित एक प्लाजा परिसर में केंद्रीय वित्तीय मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से दिल्ली में पेश किये गये आम बजट का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर उद्यमी, व्यापारी, अर्थशास्त्री, सीए सहित आयकर, एसजीएसटी, सीजीएसटी के भी अफसरों और बैंकों के अधिकारियों की मुख्य उपस्थिति रही। आम बजट का प्रसारण खत्म होने पर उन्होंने अपनी-अपनी राय पेश की। सभी प्रतिभागियों ने बजट को देशहित में बताया। उद्योग से जुड़े बजट को उद्यमियों ने सराहा। आयकर से जुड़े अफसरों ने स्वयं को फैसिलिटेटर बताया। बैंक अफसरों ने शासन की योजनाओं पर अमल करने की बात कही। जो इस क्षेत्र से नहीं थे, उन्होंने बजट को देशहित में बताते हुए इसे प्रशांसा की। आरंभ में एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने अभ्यागतों का स्वागत करतेहुए इस बजट को समृद्ध भारत का विकोसोन्मुखी बजट बताया। वक्ताओं ने उम्मीद जतायी कि आईजी और ओडीओपी को बढ़ावा देने के लिए यूनिटी मॉल के प्रस्ताव का लाभ वाराणसी को मिलने की उम्मीद जतायी। वहीं महिलाओं और युवाओं के लिए बजट में किये गये प्रावधान को बढ़िया कदम बताया। वक्ताओं ने मोदी सरकार के इस बजट को आमजन का बजट कहा। वहीं, टैक्स में छूट पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लिए इसे बढ़िया पहल पर उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ उद्योग-धंधे बढ़ेंगे बल्कि रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। सभी ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट काफी संतुलित है। संचालन मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जाजोदिया ने किया।

## आयकरदाता को सेवा देना हमारा दायित्व : कुमार संजय



जनपद के प्रधान आयकर आयुक्त कुमार संजय ने कहा कि आम बजट को लेकर एक ढर्रे पर चल रहे माइंडसेट को सरकार ने बीते आठ-नौ साल में तोड़ा है। यह अच्छी पहल है। आयकर विभाग का राजस्व लगातार बढ़ रहा है। पहले में लोगों को खोजकर टैक्स लेते थे लेकिन अब डिजिटाइजेशन के इस युग में कार्यप्रणाली काफी सरल हो चुकी है। आयकरदाता को सेवा देना हमारा दायित्व है। उद्यमियों व कारोबारियों की समस्याएं दूर करने का प्रयास होगा।

## यूक्रेन-रूस युद्ध से निर्यातप्रभावित : रवि पाटोदिया



ऑल इंडिया कार्पेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रवि पाटोदिया ने कहा कि भारत से वर्तमान का निर्यात यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के कारण प्रभावित है। भारत को जी-20 का प्रतिनिधित्व मिला है। सो, पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार इस युद्ध को खत्म कराने की कोशिश करें। यदि इस प्रयास में सफलता मिली तो निश्चित ही भारत का कद विश्व के सामने और अधिक बढ़ जाएगा।

## कृषि क्षेत्र को बढ़ावा अच्छा प्रयास : अनुपम देवा



इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन वाराणसी चैप्टर के चेयरमैन अनुपम देवा के कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट यानि ओडीओपी और जियोग्राफिकल इंडीकेटर यानि जीआई को लेकर यूनिटी मॉल की स्थापना की दिशा बजट के जरिये पहल बढ़िया कदम है। वाराणसी में सर्वाधिक जीआई उत्पाद हैं। सो, इस जनपद में यूनिटी मॉल खुलने की उम्मीद की जा सकती है। वहीं, कृषि क्षेत्र को बढ़ावा अच्छा प्रयास है।

## ग्रामीण अर्थ व्यवस्था में हुई अच्छी पहल : प्रदीप यादव



अपर आयुक्त राज्य वस्तु सेवाकर प्रदीप यादव ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, सेवानिवृत्त लोगों और महिलाओं के लिए बजट में सराहनीय प्रावधान किया गया है। साथ ही ग्रामीण अर्थ व्यवस्था और खेती-किसानी में बेहतर पहल हुई है। पौधरोपण में बढ़ोतरी के माध्यम से पर्यावरण पर अधिक ध्यान दिया गया है। वन क्षेत्र बढ़ेंगे तो किसानों की फसलों को नुकसान भी कम होगा और उनकी आय बढ़ेगी।

## कारोबारी और उद्यमी बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा : आरबी सिंह



केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर उपायुक्त आरबी सिंह ने कहा कि यह बजट हरएक वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सरकार से सभी को खुश किया है। कस्टम टैक्स में कमी की गयी है। इससे उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। एमएसएमई को भी प्रोत्साहन देना अच्छी पहल है। हमारी भूमिका एडमिनिस्ट्रेटर के बजाय फैसिलिटेटर की है। कारोबारी और उद्यमी बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा।

## महिलाओं के लिए बचत योजना सराहनीय : जमुना शुक्ला



ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स की पूर्व महासचिव जमुना शुक्ला ने कहा कि इस आम बजट में महिलाओं के लिए बचत योजना का प्रावधान सराहनीय कदम है। सभी वर्ग को टैक्स में छूट राहत की बात है। इससे उद्योग क्षेत्र भी लाभांवित होगा। कोऑपरेटिव सेक्टर में पहल के अलावा पौधरोपण और ई-वाहनों को बढ़ावा अच्छा निर्णय है।



## देश का अमृतकाल की शुरुआत : राजेश भाटिया



इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव राजेश भाटिया ने कहा कि यह बजट भारत के अमृतकाल की शुरुआत है। इस प्रकार के बजट का स्वागत है। मोदी सरकार से ऐसी ही अच्छी पहल की संभावना है।

## टैक्स में राहत महत्वपूर्ण पहल : अरविंद शुक्ल



ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने कहा कि यह बजट टेक्नोलॉजी से जुड़े सभी पहलुओं पर है। साथ ही यह दूरगामी बजट है। टैक्स में राहत दिया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है।

## पूर्वांचल के उद्यमी उपेक्षित : प्रेम मिश्रा



महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा ने कहा कि काफी दिनों बाद इस तरह के बजट के माध्यम से व्यापारियों के लिए अच्छी पहल हुई है। लेकिन ऊर्जावान पूर्वांचल के व्यवसायी आज भी उपेक्षित हैं। इसलिए सरकार की ओर से पूर्वांचल को पैकेज मिलना चाहिए।

## निवेश को बढ़ावा देने वाला बजट : दयाशंकर मिश्र



रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह आम बजट उत्साह बढ़ाने वाला है। निवेश के लिए यह बेहतरीन बजट है। इससे पूर्वांचल के उद्यमियों को अच्छे अवसर मिलेंगे।

## मोटे अनाज को बढ़ावा देना अच्छी पहल : नीरज पारिख



दी स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव नीरज पारिख ने कहा कि सरकार ने आम बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के माध्यम से युवाओं के लिए अच्छी पहल की है। दूसरी ओर, मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने और उसे बढ़ावा देने की कवायद बढ़िया कदम है।

## टैक्सपेई को छूट अच्छा कदम : ओपी शुक्ला



ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स नॉर्थ जोन के चेयरमैन एवं जीएसटी बार एसोसिएशन वाराणसी के अध्यक्ष ओपी शुक्ला ने कहा कि ने कहा कि आयकरदाताओं को राहत दिया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

## 'साइज ऑफ इकोनॉमी' बताने में चूक गयी सरकार : प्रो. अनूप मिश्र



अर्थशास्त्री एवं डीएवी डिग्री कॉलेज के प्रो. अनूप मिश्र ने कहा कि यह आम बजट चुनावी बजट नहीं है। हमारे पुराने राजनीतिक बजट का युग समाप्त हो चुका है। भारत की अर्थ व्यवस्था पटरी पर आ गयी है। ग्रामीण परिवेश समेत शिक्षा, युवा वर्ग, मध्यम वर्ग को इस आम बजट ने अच्छा अवसर दिया है। इस बजट ने दिखा दिया है कि विकास के पथ पर भारत आगे बढ़ रहा है। लेकिन इस बजट में 'साइज ऑफ इकोनॉमी' का उल्लेख भी होना चाहिए था। सरकार इसमें चूक गयी।

## किये गये बदलावों का अध्ययन जरूरी : जीडी दुबे



सीए जीडी दुबे ने विभिन्न बिंदुओं की ओर से ध्यान दिलाते हुए कहा कि कहा कि इस बजट में एमएसएमई में पैसा फंसने का संकट खत्म हो गया है। आयकर, जीएसटी के निश्चित सेक्शन में बदलाव किया गया है। एक सेक्शन के टैक्स लिमिट में परिवर्तन हुआ है। टीडीएस में पेनाल्टी बढ़ाया गया है। इसी प्रकार कई अन्य बदलाव किये गये हैं। सो, इस आम बजट के जरिये किये गये बदलावों का अध्ययन करने की आवश्यकता है।



## एमएलएमई पर अच्छी पहल : अशोक अग्रवाल

आयोजन में ऑनलाइन जुड़े आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवार ने कहा कि सरकार ने एमएसएमई पर अत्यधिक ध्यान दिया है तो बेहद तारीफ के काबिल है।

## स्वागत योग्य बजट : राजेश मेहता

परिचर्चा में ऑनलाइन जुड़े ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स के महासचिव राजेश मेहता ने आम बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशंसनीय बजट है। टैक्स में छूट स्वागत योग्य है। इसके अलावा एमएसएमई को बढ़ावा दिया गया है।

## स्टार्टअप की दिशा में पहल प्रशंसनीय : पंकज घिया

कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स जयपुर के अध्यक्ष पंकज घिया ने बजट को सराहते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है कि भारत मैन्यूफैक्चरिंग हब बने। आम बजट में स्टार्टअप की दिशा में की गयी पहल बेहद प्रशंसनीय है।

## बीते साल के बजट की समीक्षा भी जरूरी : प्रो. केएस जायसवाल



अर्थशास्त्री एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रो. केएस जायसवाल ने कहा कि यह विकासशील और दूरगामी बजट है। आयकर में थोड़ी बहुत राहत नजर आ रही है। पर्यटन के क्षेत्र में विस्तार बढ़िया कदम है। बीते साल के बजट को लेकर उस पर हुए क्रियान्वयन की जबतक समीक्षा नहीं होगी तब तक वर्तमान आम बजट की समीक्षा पर टिप्पणी देना उचित नहीं है। वहीं, बेरोजगारी दूर करने के लिए उद्यमियों को शिक्षण संस्थाओं के साथ जुड़ना होगा।

## बढ़िया है आम बजट : वीपी दास



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक वीपी दास ने आम बजट के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आम बजट की सराहना की।

## उद्यमी है प्रबुद्ध वर्ग : आनंद राय



पंजाब नेशनल बैंक के उप महाप्रबंधक आनंद राय ने कहा कि उद्यमी प्रबुद्ध वर्ग है। हम कारोबारियों के बिजनेस पार्टनर हैं।

# नये वर्ष नये बजट पर थी उम्मीद पर फिर मिली निराशा : कुली संघ



वाराणसी। एक फरवरी 2023 को आम बजट में ही रेल बजट को पेश कर दिया गया। कैंट रेलवे स्टेशन पर टीवी पर टकटकी लगाये कुलियों की जमात ने कहा कि एक बार फिर इस बजट में कुलियों को निराशा हाथ लगी है। अब तो पूरी उम्मीद खत्म होती नजर आने लगी है।

कैंट स्टेशन पर कुली संघ के अध्यक्ष केदार नाथ यादव ने बताया कि स्टेशन पर कुलियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, कुलियों को रेलवे स्टेशन पर विश्रामगृह की कमी और उचित देखभाल ना होने की दिशा व दशा को इस बजट में ठीक होने की उम्मीद थी लेकिन पूर्व की तरह इस बार भी उम्मीदों पर पानी फिर गया। बताया कि मांग की गयी थी कि साल भर का पारिवारिक रेलवे पास, बीमा योजना, किसी दुर्घटना या मृत्यु के बाद रेलवे की तरफ से कुली के परिवार को मदद, रेलवे में ग्रुप डी की नौकरी सभी मांगों पर पानी फिर गया। बताया कि घर बार छोड़कर इस कार्य को पुश्तैनी के रुप में कर रहे हैं, सुविधाओं के लिए हर बार उम्मीद लगी रहती है और हर बार निराशा हाथ लग रही है।

**मायूसी**

**स्टेशन पर टीवी के आगे टकटकी लगाये कुलियों ने कहा उम्मीदों के सभी दरवाजे एक बार फिर बंद**

**ग्रुप डी में भर्ती के साथ ही विश्रामालय के लिए भी बनी थी उम्मीद**



# यात्री सुविधाओं को रेल बजट में कर दिया गया नजर अंदाज

**प्रतिक्रिया**

**बुलेट ट्रेन के बजाए समय से ट्रेनों का हो परिचालन इस पर ज्यादा रखें ध्यान**

**ट्रेन के एसी कोच में होने वाली गंदगी को दूर करने पर भी ध्यान केंद्रित करें**

**महिला यात्री सुरक्षा के प्रति अब कोई ठोस इंतजाम करने की बनाए योजना**





वाराणसी। दिन-बुधवार, समय-अपराह्न 2:15 के लगभग, स्थान-कैंट स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर दो सिकंदराबाद से दानापुर जाने वाली ट्रेन सिकंदराबाद दानापुर एक्सप्रेस के एसी तृतीय कोच में बैठी कुछ महिलाओं से रेल के बजट में वर्ष 2104 के मुकाबले 9गुना बढ़ोत्तरी की बात कही तो सभी ने तपाक से कहा कि रेल के बजट में बढ़ोत्तरी से नहीं बल्कि यात्री सुविधाओं में विस्तार, ट्रेनों के समयबद्ध संचालन के प्रति रेल प्रशासन को संजीदा होना होगा, इसके साथ ही सफर कर रही महिला यात्रियों की सुरक्षा पर भी खासा ध्यान देने की जरूरत है।

सभी महिला यात्री सिकंदराबाद से दानापुर जा रही थी। रेल बजट पर सभी ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि वह सिकंदराबाद से सफर करते हुए आ रही हैं, इतने लंबे समय के सफर में उन्हें कही भी महिला सुरक्षा पर कहीं भी कोई सुरक्षा का जवान एसी कोच में नहीं दिखा, यहां तक कि रात्रि होने के बाद भी कोच में कहीं भी गश्त नहीं देखी गयी।

## वरिष्ठ नागरिकों को फिर मिली निराशा

सफर कर रहे वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल सफर के दौरान किराये में मिलने वाली रियायत ही उनका सम्मान था कोविड काल के बाद से जो इसे बंद किया गया तो बंद ही कर दिया गया है, हर बजट में उम्मीद बंध जाती थी कि इस पर कोई फैसला जरुर होगा, लेकिन इस बार भी निराशा हाथ लगी। कई बुजुर्ग यात्रियों ने बताया कि रेल टिकट में मिलने वाली छूट के आधार पर ही यात्रा की श्रेणी को तय किया जाता था लेकिन अब तो सिर्फ एक ही श्रेणी में यात्रा करने की सोचा जा सकता है।

## सफाई के प्रति भी बने कोई योजना

महिला यात्रियों ने साफ तौर पर कहा कि एसी कोच में सफर के दौरान भी कोच व टॉयलेट में सफाई नहीं मिल रही है। कहने को रेलवे की ओर से सफाई के लिए ठेका दे दिया गया है, लेकिन सही मायने में सफाई हो रही कि नहीं इस पर भी ध्यान देना होगा। एसी कोच टॉयलेट किसी स्लीपर से कम नहीं, बताया कि सफर के दौरान दो बार टॉयलेट में पानी ना होने की शिकायत ऑनलाइन की गयी जिसके बाद पानी भरने का कार्य किया गया।

## चादर कंबल और तकिया की सफाई पर भी ध्यान

इसी ट्रेन के बी 5 में सफर करने वालों ने लिनन पर रेल प्रशासन को ध्यान देने की बात कही, बताया कि रेलवे प्रशासन की ओर से कहा जाता है कि एक स्टेशन पर उतरने वाले यात्री के उपयोग करने वाले लिनन को बदल दिया जाए वहां से बैठने वाले यात्रियों को दूसरा लिनन उपलब्ध कराने का नियम है बावजूद इसके उपयोग किये हुए लिनन को ही अगले यात्री को उपयोग किये जाने को दे दिया जाता है।

## सयमबद्ध संचालन पर रखें ध्यान

इसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों ने बताया कि बुलेट ट्रेन का सपना दिखाने से बेहतर है जो ट्रेनें संचालित हैं उन्हें ही समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए। कभी-कभी तो इस 50 किलोमीटर के सफर के लिए तीन घंटे का समय लग जाता है। इस पर ध्यान देने की जरुरत है।

# इनकम टैक्स में राहत मीडिल क्लास के लिए वरदान




**शिक्षाविदों ने बजट को सराहा कहा सभी वर्गों का रखा गया ध्यान**

वाराणसी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट को शिक्षाविदों ने सराहा खासकर इनकम टैक्स में छूट को मीडिल क्लास के लिए बड़ी राहत देने वाली बात कही। ऐसा नहीं कि केवल इनकम टैक्स में ही सरकार ने राहत दी बल्कि किसान, नौजवान, महिला या विद्यार्थी हो सबको कुछ न कुछ मिला। स्किल डेवलपमेंट से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य सेक्टरों को इस बजट में केंद्रित किया गया है। वहीं कुछ लोगों ने इसे चुनावी बजट बताया। कहा कि रोजगार और महंगाई को कम कैसे किया जा सके इसके बारे में वित्तमंत्री जी ने कुछ नहीं बोला। जबकि महंगाई और बेरोजगारी वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती है।



अमृतकाल का यह बजट भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हुए राजकोषीय घाटा को भी कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। यह बजट समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला है-चाहे किसान हो या नवजवान, महिला हो या बुजुर्ग। वेतन भोगियों को तो इस बजट काफी राहत मिलेगी। काफी समय के बाद टैक्स के स्लैब में बदलाव किया गया और छूट की सीमा भी सात लाख तक बढा दी गई है जो मध्यमवर्गिय परिवारों के लिए राहत भरी खबर है। हालांकि बेरोजगारी व महंगाई पर लगाम लगाने वाली बात नहीं कही गयी।

**प्रो. ब्रजेश कुमार सिंह**
संकायाध्यक्ष समाज विज्ञान संकाय, काशी विद्यापीठ




चुनावी बजट है जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। शिक्षा के विकास के लिए एकलव्य स्कूल खोलने का निर्णय सराहनीय है। किसानों को ऋण की सुविधा देने का फैसला विकास को ताकत देगी। आधारभूत सुविधाओं का समावेश किया गया है। एयरपोर्ट, पोर्ट, सड़क के लिए बजट आवंटित हुआ। विदेशी मुद्रा के अर्जन के लिए कस्टम ड्यूटी घटाई गई है ऐसे में हीरा आदि का आयत कम मूल्यों पर गहने बनाकर उसे निर्यात किया जायेगा जो लाभकारी होगा। इस बजट में सभी के लिए कुछ ना कुछ देने का प्रावधान किया गया है।

**प्रोफेसर अशोक कुमार मिश्र**
वाणिज्य संकाय, काशी विद्यापीठ



समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला है, इस बजट से कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी। सूक्ष्म एवं कुटीर उद्योग, मजदूर एवं ग्रामीण विकास पर अधिक ध्यान दिया गया है। विकास को मजबूती देने के लिए तथा क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए आधार संरचना को बढ़ावा देगा। स्किल डेवलपमेंट के साथ उसके उपयोग को बल मिलेगा, मध्यम वर्ग को भी बजट से राहत की उम्मीद है। युवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखा गया।

**डॉ.अनूप कुमार सिंह**
असिस्टेंट प्रोफेसर,अर्थशास्त्र विभाग
यूपी कॉलेज



आम बजट नि:संदेह भारत की आम जनता को केंद्र में रख कर बनाया गया। सभी को कुछ न कुछ देने का प्रयास किया गया। टैक्स स्लैब में परिवर्तन वेतनभोगी को राहत देगी। बजट में महिलाओं को कुछ खासा नहीं मिला जबकि होना चाहिए था। महंगाई या रोजगार को लेकर स्पष्ट बात नहीं की गयी। बेरोजगारी कम करने के लिए रोजगार सृजन की बाते होनी चाहिए थी। बनारस के पारंपरिक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इस बजट कुछ होना चाहिए वो इस लिए कि पीएम का संसदीय क्षेत्र है और बनारसियों को उम्मीदें ज्यादा थी।

**डॉ.अलका आर गुप्ता**
विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, यूपी कॉलेज



बजट में वित्त मंत्री ने सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए इसे प्रस्तुत किया। वेतनभोगी लोगों को टैक्स में छूट देकर राहत दी और इसका लाभ मध्यमवर्गीय परिवार को मिलेगा। बजट में महिलाओं के लिए 2 लाख बचत पर 7.5% ब्याज और किसानों के लिए लोन में छूट निश्चय ही उन्हें आर्थिक तौर पर मजबूत करेगा। आदिवासियों के लिए पीवीटीजी मिशन एकलव्य स्कूल में 38,800 शिक्षक भर्ती से एक नई उम्मीद जगी है जबकि गरीबों के लिए पीएम आवास योजना का बजट 66% बजट बढ़ाया गया जो गरीबों के लिए लाभकर होगा।

**प्रोफेसर रेखा**
विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, काशी विद्यापीठ